ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 04:48 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 6 जून 2025
वर्ष 6, अंक 196, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर 14

दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर 13

## ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में हड़ताल करने पर एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है।

शासन की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत हड़ताल पर रोक लगाई गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी ऊर्जा निगमों में सभी तरह की सेवाओं पर हड़ताल पर रोक रहेगी। हड़ताल करने पर कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन के सूत्रों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के तेज होते आंदोलन को ध्यान में रखकर हड़ताल पर रोक लगाई गई है। वजह यह है कि बिजली कर्मी ऊर्जा निगमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन ने 87 अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं, जबकि कई अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए हैं।

# पुलिस कमिश्नर सहित कई आला अधिकारी निलंबित

## बेंगलुरु में भगदड़ मामले की जांच के लिए आयोग गठित, आरसीबी, आयोजकों व केएससीए के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु के कई आला पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें बेंगलुरु शहर के पुलिस कमिश्नर (सीपी), बेंगलुरु सेंट्रल जोन के डीसीपी, कब्बन पार्क थाने के सहायक पुलिस कमिश्नर (एसीपी) और इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। घटना की जांच के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक आयोग भी गठित किया है जो 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगा।

सीआईडी को भी मामले की जांच सौंपी गई है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच भी हो रही है जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं। डीजीपी और आईजी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजर्स और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी का भी आदेश दिया है।

आरसीबी, केएससीए और अन्य के खिलाफ गुरुवार को गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। मामला बीएनएस की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का इस्तेमाल करके जान-बूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के साथ अन्य धाराओं में दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से हुई मौतों के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का गुरुवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद राज्य को 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### नई एसओपी तैयार करेगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह कदम बुधवार को एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास मची भगदड़ की घटना के बाद उठाया गया है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### 10 लाख रुपये मदद देगी आरसीबी

आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की है।

## एक नजर

### शनिवार से चलेगी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग गुरुवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमश: 715 रुपये और 1,320 रुपये है। यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

### जनगणना में बजट बाधा कभी नहीं रहा

**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार स्पष्ट किया है।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं पर चलती थीं कभी गोलियां, आज पुष्पवर्षा

## रामकथा पार्क में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, किया पौधरोपण

- अपने जन्मदिन पर रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल उतारी आरती

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम दरबार की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं। श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था। आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है। उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने ''अतिथि देवो भवः'' की नई परिभाषा गढ़ रही है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह राम कथा पार्क में अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। बजरंगबली व श्रीराम की आरती उतारी। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इसमें माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ-साथ बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। सफेद संगमरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्यमंत्री ने रामदरबार का पूजन-अर्चन कर पहली आरती उतारी। साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद सरयू तट पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पौधे लगाए। इसके बाद 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया।

### सभी डीएम अपने जिले की एक नदी को करें पुनर्जीवित

मुख्यमंत्री ने आंजनेय सेवा संस्थान द्वारा पक्का घाट पर आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जन्म, विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने-अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए। इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए का छापा

- आतंकवादी साजिश को किया बेनकाब

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्रांउड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया।

जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं।

## साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन बंदी की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेशी पर आए दो अन्य कैदियों ने पीट-पीटकर मार डाला
- मामले की जांच के लिए गठित की गई पुलिस की टीम

दिल्ली की साकेत अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन बंदी की न्यायालय के हवालात में दो अन्य कैदियों ने कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस मामले को सुरक्षा में बड़ी चूक बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर लात-घूंसों से बार-बार उस पर हमला किया और उसका सिर दीवार पर दे मारा।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच के लिए पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई है, जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि हवालात में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बचाने में देरी क्यों की।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने एक बयान में कहा कि हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि अमन को साकेत अदालत में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना हुई।

प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया। अमन ने 2024 में जितेंद्र और उसके भाई पर कथित रूप से चाकू से हमला किया था। पुलिस ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि विवाद जारी रहा, जो हिरासत के दौरान और बढ़ गया। उसने बताया कि गोविंदपुरी निवासी अमन को हमले में गंभीर चोटें आईं और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### घटना सुरक्षा में बड़ी चूक का नतीजा

पटियाला हाउस कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अधिवक्ता वीरेंद्र कसाना ने कहा कि यह दिल्ली पुलिस की ओर से एक बड़ी सुरक्षा चूक है। कसाना ने कहा कि यह बहुत गंभीर घटना है और दिल्ली पुलिस की बड़ी सुरक्षा चूक है। सभी पुलिस अधिकारियों को पता होता है कि उन्हें अपराधियों को कब अदालत में पेश करने के लिए लाना है। लेकिन उन्हें एक ही कोठरी में रखना सुरक्षा में बड़ी चूक है।

# ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

रीवा, एजेंसी

- तीन अन्य घायल, मप्र के रीवा जिले में हुआ हादसा
- प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे सभी लोग



मध्यप्रदेश के रीवा जिले में गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पर ट्रक पलट जाने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे।

दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक लाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से गुजर रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक ऑटोरिक्शा पर पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने बाद में दम तोड़ दिया। ऑटोरिक्शा में सवार यात्री प्रयागराज में गंगा नदी में स्नान करने के बाद रीवा की सीमा से लगे मऊगंज जिले के नईगढ़ी लौट रहे थे। एएसपी ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से रीवा जा रहा था। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल (38), पिंकी (35), हीरालाल जायसवाल (65), प्रवीण (12), अंबिका (8), मानसी (7) और अरविंद (6) के रूप में हुई है।

## हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी मौत की सजा

**कानपुर देहात।** करीब 10 माह पहले एक बच्ची की हत्या में एडीजे कोर्ट-6 ने दोषी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है, जबकि बच्ची के माता-पिता सहित छह लोगों की हत्या के प्रयास में उम्रकैद दी है। 15 लाख 10 हजार जुर्माना लगाया है।


भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव की पूजा ने पति की मौत के बाद औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र निवासी बहन पूनम के देवर दीपू से वर्ष 2021 में दूसरी शादी कर ली थी। 22 जुलाई 2024 को दीपू ने पत्नी पूजा, सौतेले पुत्र उमंग, पूजा के देवर महेंद्र, उसकी पत्नी विभा, पुत्री काव्या व 8 साल के पुत्र सूर्यांश पर हमला किया था, जिसमें काव्या की मौत हो गई थी।

# स्नान करते समय डूबने से दो की मौत, एक लापता


संवाददाता, दातागंज/सहसवान

**गंगा दशहरा**

- कछला में गंगा, दातागंज में रामगंगा में डूबकर हुई मौत
- सहसवान में लापता हुआ बालक गोताखोर कर रहे तलाश



मृतक अमन



लापता अन्नू

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर गुरुवार को गंगा और रामगंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। तीन घाटों पर गंगा स्नान करने के दौरान बालक और किशोर की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक बालक लापता है। वहीं, गोताखोरों ने चार लोगों को सकुशल बचा लिया।

कासगंज के कस्बा सिड़पुड़ा के लोग गंगा स्नान करने कछला स्थित भागीरथी घाट आए थे। कस्बा निवासी लखन (12) पुत्र धर्मवीर भी परिजनों के साथ गंगा स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसे डूबता देखकर परिजनों ने शोर मचाया। चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद लोगों ने गंगा में छलांग लगाई। लखन को गंगा से बाहर निकाल कर उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

दूसरा हादसा सहसवान क्षेत्र में सुबह 9 बजे गंगा के धापड़ घाट पर हुआ। स्नान के दौरान अन्नू (12) पुत्र पूरन और एक अन्य किशोर गंगा में डूब गए। घाट पर मौजूद लोगों ने किशोर को बाहर निकाल लिया, लेकिन अन्नू लापता हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम प्रेमपाल सिंह और कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। गोताखोरों को बुलाकर अन्नू की तलाश कराई गई। लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

तीसरा हादसा दातागंज क्षेत्र में शाहजहांपुर मार्ग स्थित बेलाडाडी रामगंगा घाट पर हुआ। दातागंज के मोहल्ला अरेला के सुंदर नगर निवासी अमन (17) पुत्र ठाकुरदास गुरुवार सुबह अपने दो दोस्तों के साथ स्नान करने आया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में डूबने लगे। यह देखकर गोताखोरों ने रामगंगा में छलांग लगा ली। दो को तुरंत बचा लिया गया। तकरीबन डेढ़ घंटे के बाद अमन को बाहर निकालकर सीएचसी ले जाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रामगंगा में चार लोग डूबे थे। तीन को बचा लिया गया। एक की डूबने से मौत हुई थी।

# मैनपुरी में आर्मी के फर्जी ट्रेनिंग कैंप का भंडाफोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसका सहयोगी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** मैनपुरी जिले में फर्जी आर्मी ट्रेनिंग कैंप का राजफाश हुआ है जहां से कई राज्यों के युवाओं को ठगा जा रहा था। उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, कर्नाटक आदि में विज्ञापन जारी कर फर्जी ट्रेनिंग के लिए युवाओं को इन सेंटरों पर बुलाया जाता था।

इस गैंग के मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसकी सहयोगी सुमित्रा सेनापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स (बीपीपीएफ) नाम से संचालित हो रहे इस नकली सैन्य भर्ती केंद्र से सेना जैसी वर्दी, नकली एयर गन, फर्जी दस्तावेज के साथ कई अन्य सामान बरामद हुए हैं। तेलंगाना के करीमनगर जिले के बनटाउन थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र राजइया ने किशनी पुलिस से शिकायत की थी। गिरोह के सदस्य सेना में भर्ती का झांसा देकर युवाओं से 2 से 3 लाख रुपये तक वसूली कर रहे थे। अब तक करीब 400 युवाओं से ठगी की जा चुकी है।

## शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत

- विवादित वीडियो पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# भारत में निर्मित किया जाएगा लड़ाकू विमान राफेल का ढांचा

## फ्रांस की दसॉ एविएशन के साथ हुआ टाटा एडवांस सिस्टम का करार

- उत्पादन के लिए हैदराबाद में होगी एक अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना

नई दिल्ली, एजेंसी



फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान का ढांचा (फ्यूजलाज) बनाने के लिए गुरुवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्ट्री में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।

### भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में यह अहम कदम

दसॉ के चेयरमैन ट्रैपियर ने कहा कि यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

**शाहजहांपुर।** दुर्गा वाहिनी के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांत संगठन मंत्री राजेश भाई ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर बहनों को पर्यावरण संरक्षण की महत्वता से अवगत कराया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत शुभ कार्य पर एक पौधे का रोपण अवश्य करना चाहिए। हर घर में औषधि पौधे लगाने के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।कहा कि पीपल, बरगद, तुलसी पूजन के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहना चाहिए।

### गंगा दशहरा पर राहगीरों को पिलाया शरबत

**शाहजहांपुर।** लाला तेली बजरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर गंगा दशहरा के अवसर पर मोहल्ले वालों द्वारा राहगीरों के लिए शर्बत वितरण कर पुण्य कमाया गया। मंदिर में हर मंगलवार को भी सुंदरकांड पाठ दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक होता है, जिसमें महिलाओं द्वारा भी भजन कीर्तन किए जाते हैं। शर्बत वितरण कार्यक्रम में सुरेश चंद्र मिश्रा, चित्रांश मिश्रा, निशा गुप्ता, प्रेमवती, प्रमिला अग्रवाल, रूबी आदि मौजूद रहे।

### जान से मारने की दी धमकी

**खुदागंज।** थाना क्षेत्र के गांव हरदेनी निवासी मुकेश सिंह ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की सुबह वह बाइक से घर लौट रहा था। मकरंदपुर निवासी कुलदीप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी।

# पृथ्वी का बढ़ रहा तापमान, लगाएं अधिक से अधिक पौधे

## डीएम ने किया आह्वान ,विश्व पर्यावरण दिवस पर संविलियन विद्यालय अटसलिया में हुआ पौधरोपण, बच्चों ने भी लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार


पौधरोपित करते स्काउट-गाइड कैडेट्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने विकासखंड भावल खेड़ा के अंतर्गत संविलियन विद्यालय अटसलिया में पीपल, बरगद, पाकड़, हरि शंकरी पौधे रोपित किए। इस दौरान डीएम ने बीएसए दिव्या गुप्ता को निर्देश दिए कि जनपद के सभी विद्यालयों में पीपल, बरगद, पाकड़ के पौधों का ही रोपण कराया जाए।

डीएम ने कहा कि हर साल 5 जून को हम विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं, यह सिर्फ एक दिन नहीं है, यह एक जिम्मेदारी है और यह दिन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम अपने पर्यावरण के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि पेड़ न लगने से वातावरण खराब हो रहा है और पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है इसीलिए सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमसे कुछ नहीं लेती, बल्कि शुद्ध हवा, मीठा पानी, ठंडी छांव, जीवन के लिए भोजन देती है।

उन्होंने कहा कि सभी लोग एक वृक्ष मां के नाम से अवश्य लगाएं। इस अभियान को डीएम ने 5 जून से 30 सितम्बर तक जलवायु के अनुसार जनपद के प्रत्येक विद्यालय में पौधारोपण (हरीशंकरी पौधे 2700 व सहजन पौधे 60000) कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर स्वयंसेवकों, अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय की प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए विशेष रूप से बच्चों को उनकी माताओं अथवा दादी नानी के साथ आमन्त्रित कर पौधारोपण किया जाए। प्रत्येक छात्र-छात्रा द्वारा अपनी माता के नाम पौधा रोपित करते हुए एक फोटो माई लाईफ पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।

उन्होंने कहा कि समर कैम्प के दौरान भी वृहद एवं व्यापक स्तर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान आयोजित किया जाए और सोशल मीडिया कैम्पेन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। डीएम ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, स्मार्ट सिटी और हरित

● 30 सितंबर तक चलेगा, एक पेड़ मां के नाम, स्कूलों में पौधरोपण पर दिया गया जोर

राजमार्ग मिशन जैसे प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संसाधनों का उपयोग एवं धरातल पर प्रभाव को सुनिश्चित करना है। वर्तमान वर्ष में जल शक्ति अभियान भी जलग्रहण क्षेत्रों में पौधारोपण किए जाने पर केन्द्रित है। इस अभियान के अन्तर्गत जल निकायों, जलग्रहण क्षेत्रों, नदी के किनारों, नहर के बांधों, पुनर्भराव क्षेत्रों और अमृत सरोवरों के आस-पास पौधरोपण की गतिविधियों पर बल दिया गया है। अधिकारियों ने पौधे रोपित करने के साथ ही बच्चों के साथ क्रिकेट, लूडो पोस्टर प्रतियोगियों में भाग लिया। इस अवसार पर एएसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, एएसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, पवन कुमार सिंह, बीएसए दिव्या गुप्ता आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर, जिला स्काउट मास्टर निकहत परवीन व स्काउट गाइड, कलर पार्टी, बैन्ड, मीना मंच ईको क्लब एवं बुलबुल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। स्काउट-गाइड द्वारा पौधारोपण गीत प्रस्तुत किए गए।

### प्रतियोगिता, पौधे लगाने को किया गया प्रेरित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन प्रभागीय एवं गंगा सभागार में किया गया। इसमें प्रथम स्थान अनु सिंह, द्वितीय स्थान राजकुमार वर्मा व तृतीय स्थान युवराज सिंह ने प्राप्त किया। उप प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि कभी घर बनाने के लिए पेड़ न काटे, वृक्ष मानव जीवन के साथ वनीय जीव जंतु के लिए भी आवश्यक है। जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया ने कहा कि वृक्ष के बिना जीवन अधूरा है। डीपीओ डॉ. विनय कुमार सक्सेना, तकनीकी सलाहकार अविरल सक्सेना, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूपक श्रीवास्तव, शत्रुघ्न प्रसाद ने भी सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनूप सिंह कुशवाहा, देव सिंह कुशवाहा, स्कूल के छात्र छात्राएं समेत धनंजय सिंह, जितिन, नेहा सिंह, सुरभि सिंह, अलका सिंह, रंजना सिंह, हिमांशु सक्सेना, अंकित, नबील, गुफरान, गोविं व वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



### समर कैम्प में बच्चों ने सीखा चार्ट बनाना

**पुवायां, अमृत विचार:** गर्मियों की छुट्टियों में तमाम स्कूलों में बच्चे अध्यापकों के माध्यम से नई नई गतिविधियों को सीखने का काम कर रहे हैं।गुरुवार को नगर के कंपोजिट विद्यालय पुवायां सेकेंड में तमाम स्कूली बच्चों ने पर्यावरण दिवस पर चार्ट बनाना सीखा।


शिक्षामित्र ऊषा द्विवेदी ने बताया कि समर कैम्प के माध्यम से लगातार वह अनुदेशक आभा के साथ मिलकर बच्चों को नई नई गतिविधियां कराते रहते हैं, जिनमें कढ़ाई, पत्तियों का संग्रह, योगासन, खेल कूद, चार्ट बनाना, जल संचयन समेत अन्य तमाम गतिविधियां शामिल हैं। इस दौरान दिव्यांग केशव ने भी पर्यावरण का चार्ट बनाकर स्कूल में प्रस्तुत किया, जो स्वयं चलकर स्कूल जाने में असमर्थ है। बीईओ कृष्ण कुमार समेत अध्यापकों ने उसके कार्य की जमकर सराहना की।

### पांच हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार :** सहयोग संस्था की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजसेवी जमुनालाल पुरस्कार से सम्मानित रमेश भैया के गांव छीतेपुर में गांव के बच्चों के साथ अशोक के पौधे लगाए गए। इस मौके पर पांच हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने कहा कि सभी को पर्यावरण को संरक्षित करने की भी जरूरत है। इस मौके पर महासचिव विकास सक्सेना, संरक्षक शाहनवाज खान ,अनिल गुप्ता प्रधान तराना जमाल, जितेंद्र सिंह , सैय्यद अनवर, महेंद्र दुबे, स्तुति गुप्ता,शिवम वर्मा, आदि रहे।

### प्रकृति हमारे अस्तित्व की आधारशिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रकृति केवल हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करती, बल्कि यह हमारे अस्तित्व की आधारशिला है इसलिए उसका सम्मान और संरक्षण अनिवार्य है। हम जितना प्रकृति को देंगे, वह उससे कहीं अधिक लौटाएगी। यह विचार स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित "विश्व पर्यावरण दिवस" के कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में सचिव प्रो. डॉ. अवनीश मिश्रा ने व्यक्त किए। प्राचार्य प्रो. डॉ. राकेश कुमार आज़ाद ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें पौधारोपण को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करना चाहिए। कार्यक्रम मे डॉ. रमेश चंद्रा, डॉ. मुमताज़ हुसैन, मोहित पाण्डेय, मनोज कुमार, शिवांगी शुक्ला, आकांक्षा गुप्ता एवं अजय का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. केशव शुक्ला ने किया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आदर्श पांडेय ने प्रस्तुत किया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता भी हुई। इसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया गया।




# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस सार्थक तरीके से मनाया गया। इस दौरान प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति वैश्विक स्तर पर प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल के साथ-साथ ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र , कटरा और शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र , अकर्रा रसूलपुर में किया गया।

ईंटर्न और पीजी छात्रों द्वारा संकाय सदस्यों की देखरेख में प्लास्टिक प्रदूषण के कारणों, लक्षणों, दीर्घकालिक जटिलताओं एवं रोकथाम के उपायों पर स्वास्थ्य वार्ता एवं जन-जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इसमें बताया कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। यह हार्मोनल असंतुलन से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। कार्यक्रम में एमबीबीएस और अन्य संकायों के छात्रों ने भाग लिया। रंग-बिरंगे पोस्टर्स ने इस बार न केवल सजावट का काम किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। पैरामेडिकल छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर संदेश दिया कि प्रकृति बचाओ, भविष्य बचाओ। स्वच्छता अभियान में छात्रों ने सफाई की पहल की और समझाया कि प्लास्टिक कैसे उनके जीवन पर प्रभाव डाल रही है। कार्यक्रम के बाद पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के डीन एवं प्राचार्य कर्नल डॉ. आरएन शुक्ला, मुख्य वक्ता डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन रहे। उन्होंने कहा कि हमें अपनी दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव लाकर प्लास्टिक पर निर्भरता कम करनी होगी। यही पहल भविष्य सुरक्षित बनाएगी। इस अवसर पर उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित चौहान, कम्युनिटी मेडीसीन विभाग के डॉ. विवेक अधीश, डॉ. इंतिखाब आलम, डॉ. अभिनव अग्रवाल, डॉ. अपराजिता मिश्रा एवं डॉ. आदित्य प्रकाश, पीजी जेआर डॉ. चरनदीप सिंह दुआ, डॉ. अनम खान, डॉ. अर्सलान खान, डॉ. दानिश यूसुफ खान आदि मौजूद रहे।


पर्यावरण से संबंधित जागरूकता वाले पोस्टर लिए मेडिकल छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● स्वास्थ्य वार्ता-जन जागरूकता सत्र में बताए प्लास्टिक के दुष्प्रभाव

● बोले वक्ता, सूक्ष्म कण मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा

### प्लास्टिक को निषेध करने का लिया प्रण

**शाहजहांपुर।** वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने एक-एक पौधारोपित कर प्रदूषण को मुक्त कर पर्यावरण को बेहतर बनाने का कार्य किया। इस मौके पर फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाते हुए चार्ट पर चित्र बनाकर प्रस्तुत किया और पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए प्लास्टिक को निषेध करने का प्रण लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रदीप सिंह, मोहम्मद जुनेद, राजेंद्र गुप्ता, नागेंद्र सिंह, प्रयोगशाला अध्यापक अभिषेक सिंह, सुधाकर चौहान, गौरव आदि मौजूद रहे। इन सभी ने पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया।


मेडिकल कॉलेज में किया पौधरोपण।

# डेढ़ लाख तुलसी पौध बांटे डा. विकास हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ग्रीन शाहजहांपुर कैंपेन के अंतर्गत इमली रोड पर हुए पौधारोपण कार्यक्रम में डेढ़ लाख तुलसी की पौध वितरण के क्रम में पृथ्वी संस्था के संस्थापक डा. विकास खुराना को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयोजक गजेंद्र गंगवार ने कहा कि इमली रोड की पहचान ठंडी सड़क के रूप में थी। वर्ष 2015 में डा. विकास खुराना ने इसे पुनः हरा भरा करने का संकल्प लिया और बिटिया के नाम एक पौधा इमली का कैंपेन चलाकर इसके गौरव की पुनर्स्थापना का प्रयास शुरू किया गया था। कैंट बोर्ड के तत्कालीन उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित ने तब लगाए गए पौधों के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध करवाए थे। आज सड़क पुनः हरी भरी हो चली है। माई हॉफ ट्री के सौजन्य से भी इसपर पौधरोपण जारी है।

डा. विकास पांडे ने कहा कि डा. खुराना की ओर से वर्ष 2011 से अब तक तकरीबन डेढ़ लाख तुलसी के पौधों का वितरण शहर के मंदिरों के माध्यम से किया गया है। उनके द्वारा चलाई गई चिड़िया कैंपेन तथा अनेक पार्कों को गोद लेकर हरा भरा करने की चर्चा रही है। इस अवसर पर अम्बरीष शुक्ला, उद्योगपति बिट्टू माटा, सर्वेश यादव, अमित श्रीवास्तव, डा. अनिल त्रेहन, अर्जुन श्रीवास्तव, राजीव अरोड़ा, अमित श्रीवास्तव, मोहम्मद शदान, धीरेंद्र मोहन, धीरेंद्र गंगवार उपस्थित थे।


तुलसी वितरण करने पर डॉ. विकास खुराना को सम्मानित किया

# रोपण के साथ पौधों का पर्याप्त रख-रखाव जरूरी: अरविंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पर्यावरण दिवस के मौके पर ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि लगातार पेड़ों के कटान से पर्यावरण में जो अस्थिरता आ रही है उसके लिए वर्षा ऋतु में ज़्यादा से ज़्यादा पौधों को लगाने और उनके पर्याप्त संरक्षण की आवश्यकता है। अगर समय रहते ऐसा नहीं किया गया तो भविष्य में बढ़ते तापमान से एसी भी फेल हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी हर ब्लॉक में प्रत्येक वर्ष एक मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर की तरह विकसित करें। उन्होंने उच्चाधिकारियों से बात करके ऐसे मार्ग चयनित करने और उन पर पौधारोपण व उनके बचाव की व्यवस्था कराने के लिये कहा। अवर अभियंता पीडब्लूडी इंजीनियर अहमद मुबीन ने विधायक ददरौल को इस अवसर पर प्रतीक स्वरूप एक पौधा भेंट किया। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। अधिशासी अभियंता रथिन सिन्हा ने विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ के स्थान पर पौधे भेंट करने का आग्रह किया। इस मौके पर सहायक अभियंता इंजीनियर डीसी भुकेश, इंजीनियर पवन कुमार, अवर अभियंता अहमद मुबीन, जगदीश शर्मा, विपिन यादव, ज्ञानेंद्र शर्मा, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे। , विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम्य विकास मिनिस्टर संगठन के पदाधिकारियों ने विकास भवन परिसर में पौधारोपण किया।


विकास भवन परिसर में पौधारोपण करते संगठन के पदाधिकारी।

## सार-संक्षेप

### बच्चों की तरह करे पौधों की देखभाल



**पुवायां,अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डाक बंगला परिसर पर जीवन धारा और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संगोष्ठी के उपरांत औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रदीप वैरागी ने कहा कि पौधारोपण से अधिक अनिवार्य है पौधों का संरक्षण करना, जिस प्रकार हम बच्चों का लालन-पालन करते हैं उसी प्रकार पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कटियार, दी जेंटलमैन साइकिल क्लब के अध्यक्ष सुबोध कुमार वर्मा, दिनेश कुमार, मदनपाल, बिजेंद्र प्रजापति, आशीष कुमार, कृष्णा शंकर, अखिलेश अग्निहोत्री शशि आदि ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे।

### स्कूली बच्चों ने चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने का अभियान




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस के अवसर पर ददरौल ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजमपुर और उच्च प्राथमिक विद्यालय निजामपुर गौटिया में बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया, इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का भी उपयोग न करने का संदेश दिया। बच्चों ने गांव में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए रैली निकाली। जिसमें उन्होंने गांव वालों को आवाहन किया कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और सामान लाने के लिए घर से कपड़े का झोला लेकर जाएं। इस अवसर पर एसआरजी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता ने जानकारी दी। अर्चना देवी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी सिंगल यूज प्लास्टिक हटाने के संदेश दिए।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** बकरीद पर साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त किए जाने की मांग को लेकर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सईद अंसारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि ईद-उल-अजहा के पर्व पर जिले के मुस्लिम बहुल इलाकों में साफ-सफाई एवं कूड़ा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाए। त्योहार से पूर्व एवं बाद में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, कुर्बानी के पशु अवशेषों को वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से निस्तारित किया जाए। चूना, ब्लीचिंग पाउडर आदि का छिड़काव किया जाए, इस मौके पर अनूप वर्मा, फरीद अली खान,संतोष सिंह, तसलीम अंसारी आदि रहे।

### एएसपी ने किया कटरा थाने का निरीक्षण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण ने कटरा थाना निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का निस्तारित करने के निर्देश दिए। एएसपी गुरुवार की दोपहर कटरा थाना पहुंची उन्हें गार्द की सलामी दी गयी। उन्होंने थाना परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कार्यालय, मैस, बैरक, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण किया। लंबित विवेचनाओं के बारे में सख्त हिदायत देते हुए कहा कि विवेचनाओं को पेंडिंग में न डाले। समय से विवेचनाओं का निस्तारण करें। वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए और चोरी आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। निरीक्षण के समय सीओ तिलहर ज्योति यादव, प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर आदि स्टाफ मौजूद रहा।

卐 पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# मूंगफली बीनने गए भाइयों की करंट से मौत

## लोहे के तार में छोड़ रखा था करंट, छोटा भाई भी छुड़ाने के चक्कर में जद में आया

संवाददाता, कुर्रिया कला/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खेत पर मूंगफली बीनने गए दो भाइयों की करंट लगने से मौत हो गई। एक भाई का हाथ बिजली के तार में छू गया और वह झुलसने लगा। दूसरे भाई ने उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतकों ने स्वयं अपने खेत में लोहे के तार में करंट छोड़ रखा था।

कांट थाना क्षेत्र के बमरौली गांव निवासी 35 वर्षीय धर्मवीर गुरुवार की सुबह अपने खेत पर मूंगफली बीनने गए थे। उनके खेत के किनारे लोहे के तार लगे हुए थे। लोहे के तार में करंट आ रहा था। धर्मवीर को ध्यान नहीं था कि लोहे के तार में करंट है। उसने लोहे के तार को छुआ तो अचानक लगे करंट में वह चिपक गया। उसका छोटा भाई 30 वर्षीय सत्यवीर भाई को बचाने के लिए गया तो उसे भी करंट लग गया। दोनों भाइयों ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़कर आए और दोनों भाइयों को डंडा मारकर छुड़ाया। इसके बाद लोहे के तार में जुड़े बिजली के तार को डंडा मारकर तोड़ दिया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और दोनों भाइयों को लेकर सीएचसी पर आए। डाक्टर ने दोनों भाइयों को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां डाक्टर ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर गए और जांच करने के बाद परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


घर में शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

● खेत में फसल की सुरक्षा के लिए दोनों भाइयों ने तारों में छोड़ा था करंट


मृतक सत्यवीर।


मृतक धर्मवीर।

### देवरानी, जेठानी का उजड़ा मांग का सिंदूर

दो सगे भाइयों की करंट से मौत हो जाने से देवरानी और जेठानी की मांग का सिन्दूर उजड़ गया। मृतक धर्मवीर की पत्नी का नाम रामसुखी है और उसका 15 साल का बेटा हिमांशु, 10 साल की बेटी नंदिनी है। मृतक सत्यवीर की पत्नी का नाम प्रीति है और सात साल की बेटी संध्या, पांच साल की बेटी महक, तीन साल का बेटा गन्नू है। अब बच्चों की जिम्मेदारी रामसुखी और प्रीति पर आ गयी है। मृतकों की मां का नाम छोटिया बिटिया है। धर्मवीर खेतीबाड़ी करता था और सत्यवीर व उसका छोटा भाई करन हरियाणा में नौकरी करते थे। सत्यवीर एक सप्ताह पूर्व हरियाणा से आया था और चार दिन बाद हरियाणा जाने वाला था।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में पत्थर मारने वाले दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में ईट मारने पर आरपीएफ ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने दोनों युवकों को रेलवे एक्ट में चालान कर दिया।

30 मई की रात देहरादून से लखनऊ जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस स्टेशन से रन थ्रू निकलने के बाद हथौड़ा गांव के सामने पहुंची। वहां दो युवकों ने वंदेभारत एक्सप्रेस के कोच पर पत्थर मार दिए। पत्थर लगने से कोच के शीशे टूट गए। कोच में चल रहे टीटीई और गार्ड ने कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। जांच के बाद आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र यादव के नेतृत्व में गठित टीम की विवेचना के दौरान हथौड़ा गांव के महेंद्रपाल व दिव्यांशु के नाम प्रकाश में आए। आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि रेल लाइन के किनारे सिगरेट पी रहे थे और खेल-खेल में ट्रेन पर ईट मार दी थी।इससे वंदेभारत पर ईट मार दी थी। ट्रेन के दो कोच के शीशे टूट गए थे।

# महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● पति को छोड़कर दूसरे के पास रह रही थी, भाई ने मार डालने का लगाया आरोप


मृतक निशा।

**अमृत विचार:** बंडा क्षेत्र में एक महिला का शव कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ मिला। पति ने उसका शव उतार लिया। मृतका एक माह पूर्व पति को छोड़कर दूसरे युवक के पास चली गई थी और बतौर पत्नी के रूप में रह रही थी। मृतका के भाई ने पति पर मार डालने का आरोप लगाया है।

थाना सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव महमूदापुर निवासी 25 वर्षीय निशा देवी की शादी चार साल पहले सिंधौली क्षेत्र में ही अहिवरन के साथ हुई थी। बताते है कि करीब एक माह पूर्व निशा बंडा थाना क्षेत्र के गांव बिलरिमपुर के रहने वाले रामजीत के साथ चली गई थी। वह उसके साथ पति के रूप में रहने लगी थी। बुधवार की रात आठ बजे उसने कमरे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर जान दे दी। रामजीत ने निशा का शव पुलिस को बिना सूचना दिए उसका शव नीचे उतार लिया। निशा के भाई बबलू ने बताया कि बंडा से उसे फोन पर सूचना मिली कि निशा की मौत हो गयी है। वह परिवार वालों के साथ बिलरिमपुर गांव में गया तो वहां निशा का शव जमीन पर पड़ा मिला। उसका आरोप है कि उसकी बहन के शरीर में चोट के निशान है। बताया कि मंगलवार को निशा ने फोन करके बताया कि रामजीत उसको मारता पीटता है आकर ले जाओ। बताया कि उसे जाना था लेकिन रात में उसकी मौत की खबर मिल गयी। आरोप है कि रामजीत ने उसकी बहन को मारा पीटा और फंदे से लटका दिया।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्टेशन पर प्लेटफार्म तीन पर रेल लाइन पार करते समय एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आकर कटकर घायल हो गया। उसका एक पैर कट गया। आरपीएफ और जीआरपी ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

## एक नजर

### पुवायां में ग्राम पंचायत चौसेडा में अंडरपास निर्माण को मंजूरी

शाहजहांपुर। राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार के प्रस्ताव को केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडगरी ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत पुवांया के आनंदपुर पिपरी ग्राम पंचायत चौसेडा में अंडरपास निर्माण किया जाएगा। यातायात सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण और मरम्मत के प्रस्ताव को राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया ने जोरशोर से उठाया था। प्रस्ताव को केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंत्रालय स्तर पर समीक्षा की और इसे हरी झंडी दे दी है। केन्द्रीय मंत्री ने सांसद की मांग पर पुवाया में अंडरपास निर्माण के लिए एनएचएआई को निर्देशित कर दिया है। इस मंजूरी से क्षेत्र के लोगों में बेहतर आवागमन को लेकर खुशी है।

### शिक्षक पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला खिरनीबाग निवासी रेनू ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले राहुल कुमार निवासी बट्टा थाना महमूदाबाद जिला सीतापुर के साथ हुई थी। वह और उसके पति दोनों सरकारी अध्यापक है। रेनू की पोस्टिंग शाहजहांपुर और उसके पति की पोस्टिंग सीतापुर में है। उसके माता-पिता का निधन शादी से पहले हो गया था। पति बार-बार दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। वह अप्रैल 24 से मायके में रह रही है। पीड़िता जनवरी 25 में अपनी ससुराल गयी तो पति और अन्य लोगों ने मारपीट करके घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस विवेचना कर रही है।

### बाल अपचारी गिरफ्तार

**खुदागंज।** थाना के उपनिरीक्षक जयचंद्र वर्मा ने बताया कि 15 मई को एक बाल अपचारी एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। किशोरी को अगवा करने में आरोपी के भाइयों का भी सहयोग था। पुलिस ने बाल अपचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने गुरुवार की दोपहर दो बजे महादेव मंदिर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाली महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अनुसूचित जाति संवर्ग के लोगों के प्रति आपत्तिजनक व अपमानजनक टिप्पणी कर वीडियो वायरल करने वाली महिला के खिलाफ सदर बाजार थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था। सदर बाजार पुलिस ने अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी महिला संध्या उर्फ स्वीटी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि 01 जून को अमित कुमार आजाद निवासी लोधीपुर थाना रोजा की तहरीर पर आरोपी महिला संध्या देवी उर्फ स्वीटी गुप्ता निवासी सुभाषनगर थाना सदर बाजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी महिला स्वीटी गुप्ता ने अपनी इस्टाग्राम व फेसबुक आईडी से एक वीडियो अपलोड कर अनुसूचित जाति संवर्ग के लोगों के विरुद्ध गाली गलौज करते हुए अपमानजनक बातें कही थी, जिससे अनुसूचित जाति के लोगों को ठेस पहुंची है। इस मामले की विवेचना सीओ सिटी पंकज पंत कर रहे थे। सीओ सिटी के आदेश पर सदर बाजार पुलिस ने आरोपी संध्या को गुरुवार को दिन में चार बजे मोहल्ला बाडूजई प्रथम से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी महिला संध्या उर्फ स्वीटी।

● महिला पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप

31 मई को स्वीटी नामक महिला ने सोशल मीडिया पर अनुसूचित जाति के लोगों पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करके वायरल किया था। उसके खिलाफ थाना सदर बाजार में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवेचना की जा रही है। **-देवेंद्र कुमार,** एएसपी सिटी

# तीन को भेजा जेल, फिर भी गिरोह सक्रिय

**पुवायां, अमृत विचार:** बुधवार को पुलिस ने बाइक चुराने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गिरोह पकड़े जाने का दावा किया लेकिन शाम को ही अस्पताल से युवक की बाइक चोरी हो गई। अस्पताल परिसर में वाहनों की सुरक्षा के लिए दो सुरक्षा गार्डों की तैनाती है।

● बुधवार को ही पुलिस ने तीन बाइक चोरों को पकड़कर छह बाइकें की थी बरामद

बुधवार देर शाम निगोही रोड निवासी अफरोज पुत्र रोशन अपनी पत्नी फरहीन को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले गया, बाइक को स्टैंड पर लगाकर वह पत्नी को भर्ती कराने चला गया। लगभग दो घंटे बाद जब वह बाहर निकला तो उसकी बाइक नदारद थी। युवक ने बाइक की काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। पीड़ित ने बाइक चोरी की शिकायत की। बुधवार को ही पुवायां पुलिस ने छह बाइकें बरामद कर तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर गिरोह का खुलासा करने का दावा किया था।

# तेदुएं ने घर से उठाई बछिया को बनाया निवाला

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** घर में बंधी बछिया को तेंदुएं ने अपना निवाला बना डाला। सुबह बछिया को अपनी जगह बंधा न देखकर उसकी तलाश की गई। बछिया का अधखाया शव घर की कुछ दूरी पर झाड़ियों में मिला।

क्षेत्र के गांव गढ़िया सरेली निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उसके पिता मुन्ना लाल गांव के किनारे बने घर में वह अपने परिवार के साथ गांव में पुराने घर में रहता है। पिता ने नए घर में पशुओं के बांधने के लिए झोपड़ी डाल रखी है। बुधवार रात खाना खाने के बाद पिता मुन्ना लाल, मां सुशीला देवी, बहन हंसमुखी और बहन की पुत्री अंशिका घर में सो गए। झोपड़ी में गाय व बछिया बंधी थी। मुन्ना लाल ने सुबह पांच बजे उठकर देखा तो बछिया नही थी जबकि आधी रस्सी वहीं मौजूद थी। मुन्ना लाल ने परिजनों व ग्रामीणों को जानकारी दी इसके बाद सभी बछिया की तलाश करने लगे। कुछ देर बाद बाग के किनारे झाड़ियों में बछिया का अधखाया शव मिला। मुकेश कुमार ने वन विभाग व पुलिस को सूचना दी। बताया कि उसके घर में बंधी बछिया को तेंदुआ रात में किसी समय घसीट कर ले गया और उसे अपना निवाला बना डाला। मौके पर तेंदुआ के पगचिन्ह व बछिया के घसीटने के निशान भी मिले। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पगचिह्न ट्रेस किए।


घटना के बाद डरा-सहमा परिवार। ● अमृत विचार


घर के पास मिले पग चिन्ह।

● पास की झाड़ियों में मिला बछिया का अधखाया शव

● वन विभाग व पुलिस को दी तहरीर, दहशत में ग्रामीण


इसी रस्सी से बांधी गई थी बछिया।

### बछड़ा और किसान पर भी हमला कर चुका है बाघ

चार दिन पूर्व भी खुटार गोला रोड महुरैया गांव में बाघ द्वारा बछड़े पर हमला किया गया था हो हल्ला होने पर बाघ बछड़े को जख्मी हालत में छोड़कर भाग गया था। विगत 23 मई को भी बाघ ने गांव छापाबोझी के किसान के ऊपर हमला किया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग दहशत में

क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर आए दिन तेंदुआ व बाघ की लगातार चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत है। क्षेत्र के गांव रायपुर पटियात, गढ़िया सरेली, सलनहा, छापाबोझी जसवंत नगर, बनकटा सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों के किनारे ही बाघ अपनी चहल कदमी करता नजर आ रहा है। लेकिन वन विभाग बाघ को आबादी क्षेत्र से खदेड़ने की जरूरत नहीं समझ रहा है वह कोई बड़ी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों व किसानों का वन विभाग के प्रति काफी रोष फैलता जा रहा है।

मौके पर वन विभाग की टीम को भेजा गया गया। टीम ने पगचिन्ह ट्रेस किए है। तेंदुआ को जंगल में खदेड़ने के लिए वन विभाग की टीम कांबिंग करेगी। ग्रामीणों को सचेत रहने को कहा गया है। **-मनोज श्रीवास्तव,** वन क्षेत्राधिकारी, खुटार रेंज

# डांट से क्षुब्ध होकर शराबी बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शराब पीने को लेकर पिता ने बेटे को डांट दिया।इस से क्षुब्ध होकर बेटे ने दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार वालों ने उसका शव सुबह लटका हुआ देखा। वह शराब पीने का आदी था। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव पंथी निवासी 19 वर्षीय छोटे लाल शराब का आदी था। बुधवार की रात वह शराब पीकर घर पर आया। उसके पिता राजेंद्र ने शराब पीने को लेकर डांट दिया। इसी बात पर उसका पिता से विवाद हो गया। छोटे लाल रात में खाना खाने के बाद मकान की छत पर सोने गया। देर रात वह उठकर नीचे आया और उसने छप्पर की धन्नी में दुपट्टे से फंदा लगाकर उस पर लटक गया। परिवार वालों ने ही उसका शव लटका हुआ देखा। मृतक छोटे लाल की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी के पैसे की शराब पी जाता था। सूचना पर पुलिस ने भी मौके पर जाकर पड़ताल और परिवार वालों से पूछताछ की।


पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन।

● पिता ने शराब पीने पर बेटे को डांट दिया था

# खनन कर रही एक रेपर मशीन व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में चल रहे मिट्टी खनन को एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने मौके पर जाकर एक रेपर मशीन व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनन करते हुए पकड़ लिया। बाद में एसडीएम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए रैपर मशीन व ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया।

एसडीएम कलान ने सूचना पर थाना परौर क्षेत्र के गांव खजुरी के समीप गढ़ी मोड़ पर मिट्टी खनन करते हुए रेपर मशीन व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। इससे पूर्व पांच मई को उपनिरीक्षक प्रांजल यादव ने रेपर मशीन व चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ कर सीज कर दिया था, इस कार्रवाई के बाद नौ मई को उनके पास पुलिस लाइन में आमद कराने का फरमान आ गया। क्षेत्र में लगातार हो रहे खनन की शिकायत इस बार कुछ लोगों ने एसडीएम से कर दी, तब फिर एसडीएम मौके पर पहुंचे मिट्टी खनन करते एक रेपर मशीन और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया एसडीएम कलान ने बताया कि खजुरी गांव के समीप गढ़ी मोड़ पर मिट्टी खनन हो रहा था, जिसमें एक रेपर मशीन व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ कर सीज कर दिया गया है और रिपोर्ट जिले पर दे दी गयी है।

● एसडीएम खुद पहुंचे मौके पर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने की कार्रवाई

● परौर क्षेत्र में चल रहे मिट्टी खनन की कई दिनों से मिल रही थी शिकायत


खनन मामले में सीज रेपर मशीन।


थाने में खड़ी सीज ट्रैक्टर-ट्रॉली।

# तीन साल के मासूम को उठा ले जाने का आरोप

**परौर, अमृत विचार:** परौर थाना क्षेत्र के गांव दहिलिया निवासी सत्यप्रकाश का तीन वर्षीय पुत्र अनूप अपने दरवाजे पर खेल रहा था। उसकी मां भी दरवाजे पर बैठी थी। इसी बीच गांव का ही युवक बाइक से आया और उसके पुत्र की उठाकर भाग निकला। बच्चे की मां ने शोर मचाया।

आसपास के लोग भी शोर मचाते हुए बाइक के पीछे भाग खड़े हुए। तभी बाइक सवार युवक उसके पुत्र अनूप को उसके घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर दहेलिया तिराहे पर छोड़कर भाग गया। परिजनों ने थाने पर शिकायत की तो पुलिस ने आपस में समझौता करा दिया। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार कि घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# नौ माह पूर्व गांव के ही युवक ने की थी चोरी, पकड़ा गया

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** पुलिस ने नौ माह पूर्व घर मे घुसकर की गई चोरी का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसे जेल भेज दिया गया।

बुधवार रात लगभग एक बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव जे बद्रीपुर हदीरा जाने वाले रास्ते पर एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पवन उर्फ पन्ना निवासी सुनारा बुजुर्ग बताया। युवक ने बताया कि उसने लगभग नौ माह पूर्व गांव के ही आशाराम के घर से झाले, खगुरिया व एक सूट चोरी किया था, जिसे बाद में राह चलते व्यक्ति को साढ़े सात हजार में बेच दिया। साथ ही सूट एक भिखारिन को दे दिया। उसने बताया कि चोरी का माल उसने नेपाल में बिक्री किया। उसने बताया कि वह नेपाल जाता रहता है। तमंचा सुरक्षा के लिए रखता है। पुलिस ने पकड़े गए युवक से 420 रुपये बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।


पुवायां पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

● चोरी किया गया माल राह चलते व्यक्ति को कर दिया था बिक्री

# 170 टन पत्थर भरे ट्रक खड़े रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, रौसरकोठी

● गर्रा पुल पर लोड टेस्टिंग में भार क्षमता मापने का कार्य जारी

**अमृत विचार:** लखनऊ,दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरदोई बाईपास और बरेली मोड के बीच गर्रा नदी पर 5 वर्षों के बाद पुल का निर्माण कंपनी के द्वारा पूरा किया गया। जिसके बाद पुल की भार क्षमता मापने को चार ट्रकों में 170 टन पत्थर भरकर लोड टेस्ट परीक्षण किया गया।

पुल के नीचे 10 सेंसर लगाकर दिल्ली आईआईटी से ऑपरेट किया जाएगा। सेंसर मशीन को विद्युत सप्लाई देने के लिए एक सोलर पैनल लगाया गया हैं। मशीन सारा डाटा ऑनलाइन आईआईटी को भेजती रहेगी। सेंसर लगाने के लिए दिल्ली और मुंबई आईआईटी से इंजीनियर आए हैं। दिल्ली से सीईओ रोहित गोगना और इंजीनियर सिद्धांत गुप्ता, प्रशांत यादव के अलावा टीम में कई लोग शामिल हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक कुमार ने बताया अभी तक पुल के नीचे सेंटर पर बने पोर्टल व पाइल कैप जो फाउंडेशन के मेंबर हैं। 10 सेंसर लगाए जा चुके हैं।

सेंसर का काम पूरा होने के बाद पुल के ऊपर चार ट्रकों में पत्थरों को भरकर और 500 बोरी मिट्टी को भरकर कुल 400 टन लोड डाला जाएगा, जो सात दिन तक एक ही स्थान पर बना रहेगा। सेंसरों को आईआईटी दिल्ली की टीम दिल्ली से ही ऑपरेट करेंगी, सात दिनों के बाद जब अप्रूवल रिपोर्ट आने के बाद पुल को आम जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा।

# कोतवाली परिसर में बनेंगे 32 नए आवास, हुई भूमि की माप

**तिलहर, अमृत विचार:** लहर कोतवाली में 1 करोड़ 47 लाख की लागत से चार मंजिला भवन में 32 पुलिस आवास बनाए जाने के मद्देनजर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सीओ व कोतवाल के सानिध्य में भूमि की पैमाइश की गई।

कोतवाली में लंबे अरसे पूर्व बने पुलिस कर्मियों के आवास जर्जर होने की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक द्वारा भेजी गई थी। नए आवास बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति देने के साथ ही प्रथम चरण में 32 आवास बनाए जाने को विभाग द्वारा हरी झंडी दे दी गई।

इसी कड़ी में गुरुवार को कंस्ट्रक्शन कंपनी की टीम कोतवाली पहुंची और सीओ ज्योति यादव व कोतवाल राकेश कुमार सिंह की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश की । उक्त भूमि पर बने जर्जर भवन को तोड़कर एक साल के भीतर भवन निर्माण की समयावधि दी गई है।

# जलालाबाद में फुंक रहे ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● कई बार मांग किए जाने के बाद भी नहीं बदले जा रहे ट्रांसफार्मर

● जलालाबाद के गांव पलहरई के ग्रामीणों की मांग पर अफसर मौन

**अमृत विचार:** जलालाबाद के गांव पलहरई में आए दिन ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं, इसके कई बार ग्रामीण अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर व एक अन्य ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग कर चुके हैं लेकिन ट्रांसफार्मर बदले नहीं जा रहे हैं।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव पलहरई में बार-बार ट्रांसफार्मर फूंकने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नए ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जा रहे, वही ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग करके वापस भेज दिया जाता हैं, जो वर्कलोड बढ़ते ही फुंक जाते हैं। गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता जागेश्वर दीक्षित का कहना है कि उन्होंने नया ट्रांसफार्मर रखने के लिए अपने बाग में जगह भी उपलब्ध कराई लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया। जागेश्वर दीक्षित ने मांग की है कि 300 मीटर केबिल और दो पोल और एक ट्रांसफार्मर बढ़ाया जाए। मांग पूरी नहीं होने से गांव के लोगों में बिजली विभाग के प्रति रोष है। जागेश्वर ने बताया कि मई में तीन बार ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वह लोग आपस में रुपये इकट्ठा करके ट्रांसफार्मर बदलबा लेते हैं,कम रुपया इकट्ठा होने की वजह से रिपेयर किया हुआ ट्रांसफार्मर रख दिया जाता है। मौजूदा समय में ट्रांसफार्मर चल रहे हैं लेकिन कब फुंक जाएंगे, कुछ कहा नहीं जा सकता।

# कलान : तालाब में पानी नहीं , नाम है अमृत सरोवर

## अधर में लटका अमृत सरोवर का काम , क्षेत्र पंचायत से दस लाख की लागत से होना था निर्माण

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** कटरी क्षेत्र में तालाबों को जीवनदान देने के लिए अमृत सरोवर योजना में करोड़ों रुपये खर्च कर दिये गये लेकिन यहां सरोवरों की दशा पहले जैसे ही है। गांव के तालाबों को जीवित कर उनका सौदर्यीकरण करने की सरकार की मंशा तो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी थी लेकिन अफसरशाही की वजह से सरकार की यह मंशा पूरी नहीं हो पा रही है। तालाब और सरोवर कागजों में ही बेहतर हुए हैं।

कटरी में तालाबों की दशा सुधारने के लिए भारी-भरकम धनराशि ग्राम पंचायतों को मिली। ग्राम पंचायत अधिकारियों ने प्रधानों के साथ मिलकर तालाबों की दशा सुधारने के लिए कार्यवाही शुरू तो की लेकिन तालाबों को जीवनदान देने का काम कागजों पर ही ज्यादा किया गया। क्षेत्र के परौर , बाराखुरद, नौगबा मुबारकपुर गांव ऐसे हैं, जहां तालाबों की थोड़ी खुदाई करके छोड़ दिया गया। नौगबा मुबारकपुर में ही तालाब की दीवार पर गेट बनाकर और उनकी रंगाई करके छोड़ दिया गया।

अब हालत यह है कि क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में तालाब गंदगी से पटे हैं। गुललाह, जखिया, नौगबा मुबारकपुर, बदले नगला गांव के तालाबों में पानी की जरूरत है लेकिन नाम अब भी अमृत सरोवर है। विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौगबा मुबारकपुर में मुरादाबाद कानपुर स्टेट हाईवे के निकट एक तालाब का जीर्णोद्धार किया गया था । तालाब में कीचड़ भरा हुआ है।


सरोवर में भरी गंदगी और कीचड़।

### ठंडा पड़ा सरोवर को संवारने का उत्साह, गंदगी से बजबजा रहे तालाब

कलान ,अमृत विचार : क्षेत्र पंचायत ने बड़े विश्वास के साथ गांव के तालाब को पिकनिक स्पॉट में बदलने के लिए अमृत सरोवर को बनाने का जिम्मा लिया। यह उत्साह कुछ दिनों तक रहा और ठंडा पड़ गया। ठंडा पड़ा यह उत्साह अभी तक कायम है। सरोवर को सुदंर बनाने का काम अभी तक लटका है साथ ही अब वह वहां गंदगी हो गई है। ब्लाक से लेकर मुख्यालय तक अफसरों के दौरे तो हो रहे हैं लेकिन किसी का ध्यान अमृत सरोवर को संवराने की तरफ नहीं गया है। विकास क्षेत्र के गांव बाराखुरद के तालाब का कायाकल्प कराने के लिए कार्ययोजना में शामिल कराने का जिम्मा क्षेत्र पंचायत ने लिया था। पिछले वर्ष किया गया दावा चंद महीने में ही फुस्स हो गया है। योजना के तहत इस तालाब को गांव का पिकनिक स्पॉट बनाना था। इसके लिए तालाब के किनारे छायादार वृक्ष लगाना बैठने के लिए तालाब के किनारे बेंच लगाना था। इसके लिए क्षेत्र पंचायत निधि से दस लाख रूपये की मंजूरी मिली थी। इसी के बाद तालाब को अमृत सरोवर का रूप देने का काम शुरू किया गया। तालाब के किनारों के कुछ हिस्सो पर खुदाई की गई, फिर काम रोक दिया गया। एक वर्ष से अमृत सरोवर का काम अधर में लटका पड़ा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच कराकर जल्द काम शुरू कराए जाने की मांग की है।



### पांच तालाब अमृत सरोवर बनाने के लिए किए गए चिन्हित

तालाबों को अमृत सरोवरों का रूप देने के लिए पांच तालाब चिन्हित किए गए। क्षेत्र के गांव धर्मपुर सथरा, गुललाह , गोकुल नगला , बाराकला ,कुदरासी अमृत सरोवर बनाने के लिए चयनित किए गए थे लेकिन काम शुरू नहीं हो सका।

"जिन तालाबों में काम नहीं हुआ है अथवा किसी वजह से अधूरा है, वहां तालाबों को अमृत सरोवर बनाने के लिए तेजी से काम कराया जाएगा। -वीरेंद्र मिश्रा, खंड विकास अधिकारी कलान

## अभिषेक को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**पुवायां, अमृत विचार:** पहल फूड बैंक के संस्थापक अभिषेक डैनियल को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यूनाइटेड स्टेट्सअमेरिकन मेरिट काउंसिल द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। डॉक्टरेट की मानक उपाधि मिलने पर संस्था के कार्यकर्ता सहित तमाम लोगों ने हर्ष जताया है।

## बोलेरो पलटने से किन्नर समेत दो घायल

**कलान।** थाना क्षेत्र के गांव मलेवा गांव से गुरुवार सुबह बरात से नेग लेकर लौट रही बोलेरो गाड़ी पलट गई, इसमें कलान के शिव नगर निवासी छबीली किन्नर और नयागांव निवासी रंगीला साधु घायल हो गया। घायलों को पीएचसी पर लाया गया, जहां छबीली को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने को अभियान चलाएं पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कमेटी की बैठक मोहल्ला किला में आयोजित की गई, जिसमें जिला कॉर्डिनेटर जयंत गौतम ने महिला कांग्रेस के अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर महिलाओं को जागरूक किया गया और महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए अभियान चलाए जाने पर जोर दिया गया।

इस दौरान महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा कि महिलाओं से झूठे वादे कर सत्ता में आई केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों में सबसे ज्यादा अत्याचार, बलात्कार महिलाओं पर ही हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि कांग्रेस से जुड़े, तभी कुछ बदलाव हो सकता है। नुक्कड़ सभा का संचालन फुरकान अहमद कुरैशी ने किया। इस मौके पर फरीद अली खान, सईद अंसारी, रामजी अवस्थी, रफी उल हसन, अनिल श्रीवास्तव, शाहिना खातून, संजना आदि मौजूद रहे।


बैठक के दौरान मौजूद महिला कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी।

- महिला कांग्रेस संगठन के कार्यों की हुई समीक्षा

## बरम देव थान तोड़ने पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**तिलहर, अमृत विचार:** गांव के समीप खेत में बरम देव के थान को तोड़े जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। कोतवाल ने खेत स्वामी को थान को उसी तरह बनावाने की हिदायत दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुरगवां के समीपस्थ खेत में बरम देव के थान को तोड़े जाने की प्रधान विजय कुमार की सूचना पर एसआई प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने खेत स्वामी उपदेश गुप्ता को मौके पर बुलवाकर ग्रामीणों की शिकायत रखी। इस पर गुप्ता ने कहा कि वह थान का जीर्णोद्धार करवाना चाहते थे। इसलिए सफाई करवाई है। इस पर ग्रामीणों ने थान को नष्ट करने का आरोप लगाया। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने खेत स्वामी को थान जस का तस बनवाने की हिदायत दी।

# कैदियों ने उत्साहपूर्वक जेल में किया योग का अभ्यास


जेल में कैदियों ने किया योगाभ्यास। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला कारागार में हुआ योग शिविर का आयोजन
- मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को कुर्सी आसन, त्रिकोणासन का कराया अभ्यास

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला कारागार में योग शिविर लगाया गया।

मास्टर ट्रेनर मृदुल कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अंतर्गत ग्रीवा चालक, स्कंध चालक, ताड़ासन, गढ़ चक्रासन, कुर्सी आसन, त्रिकोणासन, अर्ध चक्रासन एवं वज्रासन का अभ्यास कराया।

योग प्रशिक्षक अभिनव शुक्ला ने प्राणायाम की विधियों का प्रशिक्षण भी दिया। जेल अधीक्षक ने बताया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक, शारीरिक और आत्मिक शुद्धि का माध्यम है, इस वर्ष की थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अनुरूप योग को स्वास्थ्य और पर्यावरण से जोड़ते हुए जनपद में जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है।

# एसडीएम को निरीक्षण में गोशाला में पशुओं के शरीर पर मिले जख्म

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** गोशाला में अव्यवस्थाओं की लगातार शिकायतें मिलने पर एसडीएम ने गुरुवार को गोशाला का औचक निरीक्षण किया। कमियां पाए जाने पर सचिव को फटकार लगाई, साथ ही ग्रामीणों से भी गौशाला में सहयोग करने की अपील की।

सिधौली क्षेत्र के गांव बढेला में ग्राम सभा की गौशाला के बारे में मिल रही शिकायतों को लेकर एसडीएम चित्रा निर्वाल ने गुरुवार को गोशाला का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने देखा कि गोशाला की क्षमता से अधिक पशु मौके पर मौजूद थे। गोशाला में दो गोपालकों की तैनाती है लेकिन उनके रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्हें गोशाला में चारो ओर गंदगी देखने को मिली। सोलर लाइट भी टूटी मिली। एसडीएम ने देखा कि गोशाला में मौजूद पशुओं के शरीर में जख्म हैं। इस पर उन्होंने पशुओं को दवा और इलाज कराने के निर्देश दिये।


गोशाला का निरीक्षण करती एसडीएम चित्रा निर्वाल। ● अमृत विचार

- भूसे में मिली गंदगी, पशुओं के पानी पीने के स्थान पर कीचड़ और जलभराव
- खामियां मिलने पर सचिव को लगाई फटकार, सुधार के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान एसडीएम उस वक्त नाराज हुई जब पशुओं के पानी पीने के स्थान पर उन्हें कीचड़ और जलभराव पाया। भूसे का सही ढंग से रखरखाव नहीं भी उन्हें देखने को नहीं मिला। जानवरों के खाने वाली छलनी में पड़े भूसे में गंदगी मिलने पर भी उन्होंने मौजूद सचिव को फटकार लगा दी।

निरीक्षण के दौरान मिलीं तमाम खामियों का जल्द से जल्द सुधार करने के निर्देश दिए। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया की गौशाला में जाने के लिए सड़क खराब है, जिसके लिए उच्चाधिकारियों से सड़क बनवाए जाने की बात की जाएगी। इस दौरान ग्राम सचिव राम बहोरन चौधरी व अन्य तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लॉ कॉलेज में पौधरोपण व संगोष्ठी का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण समिति ने संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से 2025 के लिए निर्धारित प्लास्टिक प्रदूषण को कैसे हटाएं? विषय पर स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज में पौधरोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर महाविद्यालय परिसर में 54 पौधों का रोपण किया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ . पवन कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, डॉ अमित कुमार यादव, विजय सिंह, अजीत कुमार, सचिन कुमार, मृदुल शुक्ला, डॉ दीप्ति गंगवार, रंजना खंडेलवाल सहित गौरव गुप्ता, अमित सैनी, सुनील कुमार चौहान, शिवम शर्मा, सर्वेश कुमार शर्मा, अभिलाष पांडे और लगभग 158 छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

### थाने का किया घेराव , हमलावरों पर कार्रवाई की मांग

**निगोही, अमृत विचार :** भाकियू नेता के साथ हुई मारपीट मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से गुस्साए भाकियू कार्यकर्ताओं ने गुरुवार दोपहर को थाने का घेराव कर लिया। इस दौरान भाकियू नेताओं की पुलिस से नोकझोक भी हो गई। इस दौरान मंडल महासचिव देवेंद्रपाल सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, मनजीत सिंह, रामसेवक आदि ने कहा कि भरतापुर निवासी भाकियू नेता महेंद्रपाल सिंह पर जानलेवा हमला करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाए। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो 12 जून को एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके बाद 13 जून से अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर कराया भंडारा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ की ओर से गुरुवार को कटिया बुजुर्ग में टेढ़े नाथ बाबा के धाम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष में भंडारा का आयोजन किया गया। जगन्नाथ बाबा के प्रसिद्ध धाम में दूर-दूर के गांव बिलंदपुर, खिरिया खुर्द, खिरिया रसूलपुर आदि गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर बाबा के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जिला अध्यक्ष राजन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा स्वाभिमान सप्ताह का आयोजन किया गया, इसी के तहत गुरुवार को नाथ धाम में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सुनील कुमार श्रीवास्तव, साइलेंस सक्सेना, आलोक कुमार, बलराम सिंह, विक्रम कुशवाहा, पवन कुमार, राजाराम, अजय सिंह, भानू प्रताप, मोहन गांधी, दाता राम, शेर बहादुर, आदि रहे।

### भंडारे के साथ हुआ श्रीमद भागवत कथा का समापन

**कांट, अमृत विचार :** ग्राम मल्हपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर पूर्णाहुति हवन-यज्ञ व दोपहर बाद भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में प्रसाद का वितरण ददरौल विधायक अरविंद सिंह व भाजपा नेता राजकमल बाजपेई सहित ग्रामीणों ने किया। कथा परिसर में याज्ञाचार्य ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण से हवन-यज्ञ सम्पन्न कराया। 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। कथा व्यास सत्यदेव ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। हवन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया इसमें प्रमुख रूप से ददरौल विधायक अरविंद सिंह, राजकमल बाजपेई, रामबाबू मिश्रा, अनुज मिश्रा, अमित, ललित मिश्रा, हरिओम मिश्रा, मुंगराम मिश्रा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### चहेतों को ठेका देने के लिए निरस्त कर दी 17 ई निविदाएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एक ठेकेदार ने शारदा नहर खंड के अधिकारियों पर चहेतों को ठेका देने के लिए 17 ई निविदा निरस्त करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित तमाम अधिकारियों से की गई है। लुसेंट इंजीनियर्स लाला तेली बजरिया के संचालक देवेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड ने ड्रेनों की सफाई के लिए 17 लॉटों की ई निविदा निकाली थी। उन्होंने 11 लॉटों पर यह निविदा ऑनलाइन डाली। इन्हें चार जून को दोपहर मे खोला जाना था लेकिन उसी दिन रात में कई लोगों की 17 लॉटों की ई निविदा को रद कर दिया गया। अफसर भी निविदा रद करने का स्पष्ट कारण नहीं बता पाए। देवेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह से ई निविदाओं को निरस्त करना शासनादेशों का उल्लंघन है । मामले में एक क्लर्क की भूमिका भी संदिग्ध है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर की कार्रवाई की मांग की है। पत्र की प्रति डीएम और सीडीओ को भी भेजी गई है।

### प्रेमपाल तहसील अध्यक्ष , सुनील कोषाध्यक्ष नियुक्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष ठाकुर राजन सिंह की ओर से गुरुवार को तहसील कलान में प्रेम पाल को तहसील अध्यक्ष व सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष शिव ओम, महामंत्री गिरीश चंद्र, उपाध्यक्ष राकेश, मोनू, नगर अध्यक्ष हरेराम, सदस्य जितेन्द्र कुमार नियुक्त हुए।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** रिश्तेदार की अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहा रोडवेज चालक सड़क हादसे में घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बण्डा क्षेत्र के गांव ररुआ निवासी तौहिद ( 45 )शाहजहांपुर में अनुबंधित बस चालक है। गुरुवार सुबह वह एक अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए परिवार के साथ बाइक से गांव जा रहा था। रास्ते में उसने परिवार को नाहिल से ई रिक्शा में बैठाकर रवाना कर दिया और खुद बाइक से निकल पड़ा। रास्ते में संजय नगर के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर को चालक ने अचानक मोड़ दिया, जिससे उसकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। इससे तौहिद बुरी तरह से घायल हो गए।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**खुदागंज/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि 20 मई को आरोपी अल्ताफ ने घर में घुसकर एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था। महिला ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने गुरुवार को सुबह नहर की पुलिया के पास से आरोपी अभियुक्त अल्ताफ को गिरफ्तार किया। टीम में एसआई दिनेश चंद्र, महिला उपनिरीक्षक तनु चौधरी आदि स्टाफ मौजूद था।

### मदनापुर में हुआ भंडारा

**मदनापुर, अमृत विचार :** दशहरे पर हर साल की तरह इस साल भी महेश पाल सिंह ब्लॉक प्रमुख ने दशहरे पर भंडारे का आयोजन किया। भंडारे के आयोजन में आए विधायक अरविंद सिंह, जिला कृषि अधिकारी किशोर कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि धीरेंद्र कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी इन्द्र कुमार शुक्ला, एडीओ अश्विनी कुमार पांडेय व समस्त क्षेत्रवासियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।


मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याददाश्त कम होना, डिमेंशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ़ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai




मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- परशुराम चौक स्थित कार्यालय पर कांग्रेस कोआर्डिनेटर प्रेम प्रकाश की बैठक दोपहर 3 बजे।

## एक नजर

### छात्राओं ने इब्राहीम बाग का किया भ्रमण

**ककराला, अमृत विचार :** गभियाई स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप के 16वें दिन प्रार्थना और राष्ट्रगान के साथ योग अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात सभी छात्र छात्राओं कों प्राकृतिक स्थल इब्राहीम बाग का भ्रमण कराया। प्रधानाचार्य सुरेन्द्र पाल एवं बागबान अफजाल खान नें बगीचे में लगे एग्जयोटिक आम, लीची, चीकू, आड़ू, तेजपात, दालचीनी, सफेद इलाइची, कटहल, जामुन, एप्पल बेर, नीबू, किन्नू, संतरा आदि की नर्सरी खेती की बिस्तार से जानकारी दी। बागबानी के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण और पेंड़ लगाने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नें पेड़ पौधों के संरक्षण से वन्य जीवों के संरक्षण की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधालय के शिक्षक बिनीत कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

### उसहैत में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**बदायूं, अमृत विचार :** एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। घर के बाहर गांव वालों की भीड़ एकत्र हो गई। परिजनों ने बिना बताए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस कारण पुलिस को जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद जांच पड़ताल की जाएगी। थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी उदय प्रताप खेती करते थे। बुधवार को उनके परिवार में शादी समारोह चल रहा था। उदय प्रताप समारोह से रात लगभग एक बजे घर लौट आए थे। परिवार के सभी लोग अपने कमरे में सो गए। परिजन सुबह जागे तो उदय का शव फंदे पर लटका था। परिजनों में चीत्कार मच गया। परिजनों ने शव फंदे से नीचे उतारा। पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी। तहरीर आने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

# गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लगाई डुबकी

## हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान, की पूजा-अर्चना, बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जेष्ठ माह के गंगा दशहरा पर कछला सहित अन्य गंगा घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने घाट पर पहुंचकर गंगा में डुबकी लगाई। हर-हर गंगे के जयकारों से घाट गूंज उठे। लोगों ने गंगा में डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। साथ ही साधु संतों को दान दक्षिणा दी। बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। शाम तक स्नान का दौर चलता रहा। सबसे अधिक भीड़ कछला गंगा घाट पर रही। यहां करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। डीएम और एसएसपी सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने गंगा घाट के हालात पर नजर रखी।

गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला बुधवार की रात से ही शुरू हो गया। लोग निजी संसाधनों समेत बस और ट्रेन से कछला गंगा घाट पर पहुंच गए। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त गंगा में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर सूर्य को अर्घ्य देकर मां गंगा की पूजा अर्चना की। कई श्रद्धालुओं ने मां गंगा का दुग्धाभिषेक भी किया। श्रद्धालुओं ने पुरोहित और संतों से घाट पर ही पूजन कराया। बच्चों के मुंडन संस्कार कराने वालों की संख्या में सैकड़ों में रही। पिछले दिनों गंगा में डूबने की घटनाओं को देखते हुए डीएम अवनीश कुमार राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुंचकर कछला गंगा घाट का निरीक्षण किया। साथ ही घाट पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कछला गंगा घाट पर गोताखोरों की तैनाती की गई थी। पीएसी वोट के माध्यम से निगरानी करती रही। सुरक्षा व्यवस्था के चलते गंगा घाट पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान गहराई वाले स्थानों पर जाने से रोकने और आपात स्थिति से निपटने के लिए गोताखोर की ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही पीएसी और थाना पुलिस को भी तैनात किया गया था। गोताखोरों ने स्टीमर के माध्यम से गंगा में स्नान कर रहे लोगों पर नजर रखी जाती रही। वहीं लोगों ने मीना बाजार में जमकर खरीदारी की।


कछला गंगा घाट का पुल से निरीक्षण करते डीएम अवनीश कुमार राय।


अटेना गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने किए बेहतर इंतजाम, अधिकारियों ने किया निरीक्षण
- गंगा स्नान को लेकर बरेली मथुरा हाईवे पर रूट किया गया डायवर्ट


कादरबाड़ी स्थित घाट पर गंगा में स्नान करते लोग

### पुल और रोड पर लगा जाम, खुलवाने में पुलिस के छूटे पसीने

गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या की वजह से पुलिस प्रशासन की ओर से खास इंतजाम किए गए थे। इसके बाद भी दोपहर के समय ट्रेक्टर-ट्रॉलियों की संख्या में इजाफा हो जाने से पुलिस चौकी के आसपास जाम की स्थिति बन गई। पुल से लेकर चौराहे तक दर्जनों वाहन फंस गए। आवागमन शुरू कराते वक्त पुलिस कर्मियों का भी पसीना छूट गया। इस बीच, कासगंज की ओर से निकले भारी वाहनों को पुलिस ने जाम के दौरान कछला पुल पर रोक लिया। वितरोई मोड़ और मुजरिया चौराहे पर भी ट्रकों को रोके रखा गया। कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुला।

### उसहैत और कादरचौक में भी हजारों लोगों ने किया गंगा में स्नान

**उसहैत/कादरचौक, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर हजारों श्रद्धालुओं ने अटेना गंगा घाट पर गंगा में स्नान किया। अटेना गंगा घाट के साथ श्रद्धालुओं ने कटरा, भुंडी, पथरामई, भकरी, बेहटी, गंगा घाट गंगा डुबकी लगाई। गंगा घाट पर क्षेत्री के समाजसेवियों ने भंडारे का आयोजन किया। घाट पर लोगों को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए बेरिकेटिंग की गई थी। वहीं कादर बाड़ी गंगा घाट पर हजारों लोगों ने गंगा दशहरा पर गंगा में स्नान किया। बच्चों के मुंडन संस्कार कराए। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। सुरक्षा को लेकर गंगा घाट पर पुलिस बल तैनात रहा।

# स्वास्थ्य निदेशालय के अफसरों को सीसीटीवी कैमरे मिले बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीजों और डॉक्टरों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। ताकि स्वास्थ्य निदेशालय के अधिकारी यहां के हालात पर नजर रख सकें। पिछले कुछ समय से ओपीडी के बाहर हॉल में लगे कैमरे चालू नहीं हैं। इससे स्वास्थ्य निदेशालय ने अस्पताल प्रशासन को सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू रखने के निर्देश दिए हैं।

जिला अस्पताल में करीब 50 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पिछले कुछ समय से ओपीडी के बाहर हॉल में लगे कैमरे चालू नहीं थे। इससे अधिकारी जिला अस्पताल की स्थिति पर नजर नहीं रख पा रहे थे। इस बात को लेकर अस्पताल प्रशासन को सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश दिए गए। सभी सीसीटीवी कैमरे चेक किए और उन्हें चालू कराया। इमरजेंसी वार्ड और मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज भी सीसीटीवी कैमरे की नजर में हैं। साथ ही मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों पर भी कैमरों से नजर रखी जा रही है।अस्पताल परिसर में कई स्थानों पर भी कैमरे लगाए गए हैं। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू रहते हैं। सीसीटीवी कैमरों को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय से जोड़ा गया है। इससे प्रत्येक स्थान की तस्वीर यहां देखी जा सकती है। कुछ दिक्कत होगी इसलिए कैमरे काम नहीं कर रहे होंगे, अब कैमरे ठीक हैं काम कर रहे हैं।

जिला अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है। पिछले दिनो सुरक्षा कर्मी अस्पताल के कैमरे में नहीं दिखे जिस पर अस्पताल प्रशासन से जवाब मांगा गया था।


जिला अस्पताल में ओपीडी के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा।

- जिला अस्पताल प्रशासन को दी हिदायत, कैमरे कराए चालू

## किसानों की बैठक में गन्ना मूल्य भुगतान कराने की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** ग्राम गुलड़िया में गुरुवार को भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की बैठक आयोजित की।

प्रदेश प्रमुख महासचिव सुरेश चंद्र सिंह राठौर के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष नरेश पाल सिंह ने कहा कि जनपद में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। हजारों किसान सरकार से मिलने वाली किसान सम्मान निधि से वंचित हैं। सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार ने गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया है। इससे किसान गन्ने की फसल करने से पीछे हट रहे हैं। कहा कि गन्ने का मूल्य 600 रुपये क्विंटल होना चाहिए। इसके साथ ही किसानों का गन्ना भुगतान भी जल्द किया जाए। जिला सचिव बन्ने खां ने कहा कि किसानों के ट्यूबवेल के बिल पूरी तरह माफ किए जाएं। गरीबों के घरों में लगे बिजली मीटर के बिल भी माफ किए जाएं। जिला संयोजक कौशल कुमार शर्मा, शवीना बेगम, वीना पटेल, उदयवीर सिंह, दफेदार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# आठ माह तक किया काम लेकिन नहीं मिला मानदेय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिशासी अभियंता बोले विभाग का कोई हस्तक्षेप नहीं
- कंपनी जिस कर्मचारी को भेजेगी उसी से लिया जाएगा कार्य

**अमृत विचार :** बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन के पद पर आठ माह से कार्य कर रहे कर्मचारी समेत अन्य 15 संविदाकर्मियों को मानदेय नहीं दिया जा रहा है। इससे कर्मचारियों का परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। एक कर्मचारी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही है।

शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर पिछले आठ माह से उर्वेन्द्र संविदा लाइनमैन के पद पर कार्य कर रहा है। उर्वेंद्र की उपस्थिति भी लगती है। पिछले साल कंपनी ने अक्टूबर में उसे ज्वाइनिंग पत्र दिया था। उर्वेंद्र ने गुरुवार को बताया कि उसका आज तक मानदेय नहीं मिला है। अन्य सभी का मानदेय कंपनी से भेजा जा रहा है। बताया कि अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार से उसने कई बार गुहार की कि उसका नाम कंपनी को भेज दिया जाए। इस पर उसे आश्वासन दिया गया कि नाम भेज दिया गया है। जल्दी ही मानदेय मिलना शुरू हो जाएगा, लेकिन उनका मानदेय नहीं आया तो पीड़ित ने मई माह के प्रथम सप्ताह में पुनः अधिशासी अभियंता से कहा। बताया कि अधिशासी अभियंता प्रथम की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। इसलिए उसको आठ माह से मानदेय नहीं दिया जा रहा है। इसलिए अब वह कोर्ट की शरण में जाएगा। बताया कि कंपनी द्वारा लगाए गए 15 अन्य संविदा कर्मियों का मानदेय नहीं दिया गया है। उनको हटाए जाने की बात कही जा रही है। अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि संविदा कर्मचारी एक कंपनी की ओर से कार्य करते हैं। कंपनी किसी को भी हटा सकती है। इसमें बिजली विभाग के अधिकारियों का कोई हस्तक्षेप नहीं है। यदि किसी को लगता है कि कोर्ट जाने से न्याय मिलेगा तो उसे जाना चाहिए। कंपनी जिसको भेजेगी उसी से काम लिया जाएगा।

## जिला अस्पताल में मनाया वर्ल्ड क्लबफुट डे

**बदायूं, अमृत विचार :** अनुष्का फाउंडेशन की ओर से जिला अस्पताल में गुरुवार को वर्ल्ड क्लबफुट डे मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि कोई भी बच्चा विकलांग न हो। इसके लिए समय से उपचार और सही सलाह दी जानी चाहिए।

अस्पताल में कुल 25 बच्चों का उपचार किया गया। इसमें सात बच्चों को ब्रेश, पांच बच्चों को प्लास्टर और 13 बच्चों को ब्रश फॉलोअप किया गया।सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जो भारत में 800 नवजात शिशुओं में से 1 को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने या अधूरा इलाज दिए जाने से बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। जिससे उन्हें आजीवन विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है। इस मौके पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश राजपूत, डॉ. वागीश वाष्णेय, कास्टिंग टेक्निशियन बिजेंद्र सिंह. सुनील और फाउंडेशन के प्रोग्राम एग्जिकेटिव कौशल सिंह मौजूद रहे।

# 95 स्वास्थ्य केंद्रों के लिए नहीं मिली जमीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एनआरएचएम के अधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट
- किराए के भवनों में स्वास्थ्य केंद्र चलाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) की ओर से जिले में 95 स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने के निर्देश पिछले साल दिए गए थे। स्वास्थ्य विभाग को गांवों में जमीन देखने को कहा गया था, लेकिन अभी तक जमीन नहीं मिली है। इसके बाद अब स्वास्थ्य केंद्रों को किराए के भवन में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

एनआरएचएम जनपद में 95 नए स्वास्थ्य केंद्र बनाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को ग्राम पंचायतों की जमीन लेने को कहा गया था। स्वास्थ्य विभाग ने गांवों में जमीन तलाशने को सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में ग्राम पंचायत की जमीन तलाश करें, लेकिन अभी तक किसी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने को जमीन नहीं मिली है। गांवों में जमीन नहीं मिलने की रिपोर्ट एनआरएचएम के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद कहा गया कि अब किराए के भवनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जाएं। इससे स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जा सके। एनआरएचएम के डीपीएम डॉ. कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि जमीन नहीं मिलने के कारण नए भवनों का निर्माण नहीं कराया जा सका है। लेकिन अब उच्चाधिकारियों के निर्देश पर किराए के भवनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गांव में तीन कमरों का भवन तीन हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर लिया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग जन सुविधा के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी तैनात करेगा। किराए के भवन तलाश किए जा रहे हैं। कुछ गांवों में बात की गयी है जहां भवन मिले हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट के गांवों में किराए के भवन नहीं लिए जाएंगे। यह भवन उन क्षेत्रों में लिए जाएंगे जहां पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं है। पीएचसी या सीएचसी के आस पास नए स्वास्थ्य केंद्र नहीं बनाए जा रहे हैं। दूर दराज वाले गांवों को इसके लिए चिन्हित किया गया है।

### होम्योपैथिक अस्पताल भी नहीं बन सके

जनपद के पिछड़े अति पिछड़े गांवो में स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने के निर्देश हैं। इससे वहां की जनता को स्वास्थ्य सुविधा सुलभ हो सके। दूर दराज के गांवों के लोग किसी तरह चल कर जिला अस्पताल आते हैं उनकी समस्या को देखते हुए वहीं पर स्वास्थ्य केंद्र बनाए जा रहे हैं। चालू वित्त वर्ष के अंत तक सभी 95 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित कर दिए जाएंगे। इससे लोगों को घर बैठे इलाज मिल सके। होम्योपैथी के अस्पतालों को भी अपने भवन में संचालित करने की योजना थी। इसके लिए होम्योपैथिक विभाग ने 12 गांवों को चिन्हित किया था। उन गांवो में भवन निर्माण कराए जाने थे लेकिन अभी तक किसी गांव में जगह नहीं मिली है। इससे होम्योपैथिक अस्पताल भी नहीं बनाए गए हैं

# स्टॉक में कम मिला खाद्यान्न तो दुकान को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शिकायत मिलने पर खाद्य पूर्ति विभाग की टीम ने की छापेमारी

**अमृत विचार :** राशन की दुकानों पर गरीबों में वितरण के लिए मिले खाद्यान्न की जमकर कालाबाजारी हो रही है। पॉश मशीन से वितरण कराए जाने के बाद भी कोटेदार खाद्यान्न की कालाबाजारी करने से नहीं चूक रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने खाद्यान्न की कालाबाजारी करने पर कोटे की दुकान को निलंबित कर दूसरी दुकान से संबद्ध कर दिया। इससे खाद्यान्न वितरण समय हो सके।

जिला पूर्ति अधिकारी को किसी ने फोन कर शिकायत दर्ज कराई कि शहर के कबूलपुरा स्थित राशन की दुकान पर वितरण के लिए आए खाद्यान्न का बेचा जा रहा है। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को दुकान का सत्यापन भेज दिया। सत्यापन करने के दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने कोटेदार नाजिर हुसैन की मौजूदगी में स्टॉक चेक किया। वितरण के लिए मिला गेहूं और चावल की मात्रा कम पाई गई। इसी दौरान कई कार्ड धारकों ने पूर्ति निरीक्षक को कम खाद्यान्न दिए जाने का भी आरोप लगाया। सत्यापन करने के बाद पूर्ति निरीक्षण के आख्या जिला पूर्ति अधिकारी को सौंप दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने दुकान को निलंबित कर दिया।

# अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले भर में गुरुवार को पर्यावरण दिवस मनाया गया। उझानी कृषि विज्ञान केंद्र में डीएम अवनीश कुमार राय और डायट परिसर में नोडल अधिकारी विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने मां के नाम का एक पौधा लगाया। साथ ही लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा एक पौधा लगाने की शपथ दिलाई।

विश्व पर्यावरण दिवस पर केबीसी उझानी में गोष्ठी हुई। इसमें बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता अतिथि रहे। इस दौरान बिल्सी विधायक ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। पृथ्वी को हरा भरा बनाना है इसके लिए हम सबको मिलकर सघन वृक्षारोपण करना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि प्रकृति के प्रति हमारा संकल्प है यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की ओर एक सकारात्मक प्रयास है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करना भी है। नोडल अधिकारी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए वरदान स्वरूप हैं। इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे आयोजन समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


डायट परिसर में पौधरोपण करते विशेष सचिव अरुण प्रकाश।


पौधा लगाते डीएम अवनीश कुमार राय।

- जिला अधिकारी ने लगाया मां के नाम का एक पौधा, दिलाई पर्यावरण की शपथ

# कांशीराम कॉलोनी में बिजली पानी की किल्लत से परेशानी

संवाददाता ,सहसवान

**अमृत विचार :** कांशीराम कॉलोनी जहांगीराबाद में रहने वालों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि काशीराम कॉलोनी में एक महीने से न तो लाइट आ रही है और न ही पानी आ रहा है। इस भीषण गर्मी के कारण कॉलोनी वासी बहुत परेशान हैं। गर्मी में बच्चे और भी ज्यादा परेशान हो रहे हैं। काशीराम कॉलोनी में लगभग 312 फ्लैट हैं। जिसमें ज्यादातर परिवार निवास करते हैं। लाइट और पानी न आने से कॉलोनी के लोग अपना घर छोड़कर पेड़ के नीचे बैठने को मजबूर हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है की शिकायतों के बावजूद आज तक समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से गुहार लगाई है जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए। प्रार्थना पत्र देने वालों में राजकुमारी, देवक, सुनीता, भूरी, मोर श्री, राम प्रसाद, उमेश,नरेश, बबलू, सुभाष आदि लोग मौजूद रहे।

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

खेती किसानी

जिला कृषि अधिकारी बोले- नर्सरी डालने को जून माना जाता है सबसे मुफीद महीना

# 25 जून तक धान की नर्सरी डालने पर किसानों को मिलेगी अधिक पैदावार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में करीब 1.50 लाख हेक्टेयर में इस धान की होगी रोपाई
- सरकारी गोदामों पर किसानों को अनुदान पर दिया जा रहा बीज

**अमृत विचार :** कुछ ही दिनों में मानसून आ जाएगा। किसान नर्सरी डालने की तैयारी में जुट गए हैं। जुताई करने के साथ मेड़बंदी कर खेतों को तैयार किया जा रहा है। कृषि विभाग बीज का अनुदान पर वितरण कर रहा है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि एक से 25 जून तक नर्सरी डालने का उपयुक्त समय है। इससे किसानों को लाभ मिलेगा। फसल अच्छी होगी। इस बार जिले में 1.53 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होगी।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यह समय धान की नर्सरी डालने के लिए काफी उपयुक्त है। जब तक धान की नर्सरी तैयार होगी। तब तक मानसून भी आ जाएगा। किसान आसानी से फसल की रोपाई कर सकते हैं। बताया कि गोदामों में जो बीज प्राप्त हुआ है। वह काफी बेहतर बीज है। संकर धान, बासमती, सुंगधा, पूसा, रेशम आदि किस्म के बीजों की नर्सरी समय अनुसार डाल लेनी चाहिए। ताकि मानसून आने पर धान की रोपाई खेतों में हो सके। बताया कि इस बार खरीफ सीजन में 153179 हेक्टेयर भूमि पर धान की रोपाई के लिए लक्ष्य मिला है। इसी के तहत तैयारी चल रही है। किसानों को अनुदान पर सरकारी गोदामों से बीच उपलब्ध कराया जा रहा है।

### रोपाई क्षेत्रफल के 10वें भाग में नर्सरी डाले

कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि किसान यदि वैज्ञानिक विधि से नर्सरी डालेंगे तो पौधे निरोग और स्वस्थ और अच्छा विकास करेंगे। किसान जितने क्षेत्रफल में धान की रोपाई करना चाहते हैं उसके 10वें भाग में नर्सरी डालें। नर्सरी न अधिक घनी हो और न अधिक बिगड़ी हुई होनी चाहिए। एक हेक्टेयर खेत में धान रोपाई के लिए 35 से 40 किलो बीज की नर्सरी डालें तो पौधे ठीक रहेंगे। नर्सरी डालते समय खेत को अच्छी तरह से लेबल कर ले। सूखे खेत की जुताई करके फिर पानी भरकर नर्सरी डालने से बहुत अधिक लाभ होता है।

> धान की नर्सरी का समय चल रहा है। किसान 25 जून तक नर्सरी डाल सकते हैं। जब तक मानसून आएगा तब तक नर्सरी तैयार हो जाएगा। गोदामों में बीज आ गया है। जिसका वितरण चल रहा है। इस बार डेढ़ लाख से अधिक भूमि पर धान का आच्छादन होगा। - **दुर्गेश सिंह**, जिला कृषि अधिकारी

**बीज का उपचार अवश्य करें :** खेत तैयार करने के 18 से 20 घंटे पूर्व धान के बीज को पानी में भिगो दें। 40 किलो बीज को 40 लीटर पानी में भीगने के बाद उसमें 3 से 4 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से स्ट्रेप्टोसाइक्लीन डाल दे। पानी से बीज निकालकर थोड़ी देर छाया में सुखा लें। फिर इसमें 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से मिलाकर तब नर्सरी डालें। इसमें पौधे स्वस्थ एवं फफूंद जनित रोग से मुक्त रहेंगे, बढ़वार भी अच्छी होगी।

# सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक

30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता

महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।


चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant

महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।

जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist

पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।

पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।

निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।

सम्पर्क
प्रात: 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द

सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177


# नाला निर्माण बना परेशानी का कारण

## इंदिरा चौक पर मिट्टी पड़ी होने से आवागमन बाधित, व्यापार भी हुआ प्रभावित



इंदिरा चौक के निकट नाला खुदाई से सड़क पर पड़ी मिट्टी। ● अमृत विचार



शहर में नालों की खुदाई होने से दुकानदारी पर असर पड़ रहा है। लोगों को परेशानी हो रही है। सड़कों पर मिट्टी पड़ी है जिससे हर समय धूल उड़ने से गंदगी बढ़ती है।
– नितिन



नगर पालिका को दो माह पहले से नाला निर्माण कार्य शुरू करना चाहिए था। ताकि बारिश होने तक नाले बन कर तैयार हो जाते। अब बारिश का समय आ चुका है। दिक्कत होगी।
– गौरव धींगड़ा, व्यापारी



नाला निर्माण होना ठीक है, मगर इस समय बारिश शुरू होने को है। ऐसे में दिक्कत हो सकती है। पालिका प्रशासन को काफी पहले यह कार्य करना चाहिए था।
– तनुज



पूरा शहर नाला निर्माण से परेशान है। किसी क्षेत्र में वाहन नहीं निकाल सकते। हर जगह सड़कों पर मिट्टी पड़ी है। हवा चलने से धूल उड़ती है जिससे सभी को परेशानी होती है।
– भावेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बारिश शुरू हुई तो स्थिति हो जाएगी बद से बदतर
- बारिश से पहले बनाए जाने हैं सभी दर्जन भर नाले

**अमृत विचार :** शहर में पिछले कई दिनों से नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे शहर की सड़कों पर मिट्टी पड़ी होने से आवागमन बाधित हो रहा है। शहर के इंदिरा चौक पर नाला निर्माण के लिए खुदाई की गई है। इससे मिट्टी सड़क पर पड़ी होने से आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका को बारिश के समय नाला निर्माण कराने की क्या आवश्यकता थी, जबकि पिछले एक साल से नाला निर्माण का काम बंद था।

शहर को जलभराव से मुक्त कराने को नगर पालिका प्रशासन करीब दर्जन भर बड़े नालों का निर्माण करा रहा है। इनमें कई नाले बंद हो चुके थे उन्हें खोदा जा रहा है। इसका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नाला निर्माण के कार्य से शहरी आवागमन बाधित हो रहा हे। लोगों को सड़कों पर निकलने में दिक्कत हो रही है। काम धीमी गति से होने के कारण कई कई दिन लग रहे हैं। सड़कों पर पड़ी मिट्टी नहीं उठाई जा रही है। इससे कार व बाइक जैसे वाहन घंटों फंसे रहते हैं। शहर के इंदिरा चौक को आने वाले नाला पिछले साल पुराने आंवला बस स्टेंड से बनाना शुरू किया गया। करीब 50 मीटर तक नाला बना दिया गया। इसके बाद काम बंद कर दिया गया। अब जब बारिश का समय आ चुका है तो नगर पालिका प्रशासन ने फिर से शहर में नाला निर्माण शुरू करा दिया है। इंदिरा चौक के निकट नाले की खुदाई कई दिनों से की जा रही है। इससे एक ओर तो राहगीरों को दिक्कत हो रही है वहीं दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने कहा कि नगर पालिका को इस समय नाला निर्माण नहीं करना चाहिए। यदि बारिश शुरू हो गई तो स्थिति बद से बदतर हो जाएगी। सड़कों पर गुजरना मुश्किल हो जाएगा।

## कामकाजी लोग भी कर सकेंगे पॉलिटेक्निक की पढ़ाई

**बदायूं, अमृत विचार :** नौकरीपेशा और कामकाजी लोग भी अब पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति को कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए एक साल का औद्योगिक अनुभव होना आवश्यक है।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य एसके आजाद ने बताया नई शिक्षा नीति में कई बदलाव हुए हैं। प्राविधिक शिक्षा विभाग ने डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में कामकाजी लोगों के लिए नई प्रवेश नीति बनाई है। प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई नई नीति के तहत राजकीय, अनुदानित और निजी संस्थाओं में संचालित अधिकतम किन्ही तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नौकरीपेशा और कामकाजी लोगों का प्रवेश लिया जा सकेगा। डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाला आवेदन जिस संस्थान में काम कर रहा होगा वह पॉलिटेक्निक कॉलेज के 50 किमी के दायरे में होना आवश्यक है। उसके पास एक साल का अनुभव होना जरूरी है। आवेदन को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने बताया जारी नई नीति के तहत प्रति पाठ्यक्रम में अधिकतम 30 छात्रों को ही प्रवेश दिया जाए। आवेदन शुरू हो गए हैं।

## 15 जुलाई तक चलेगा गलघोटू रोकने के लिए टीकाकरण



**कुंवर गांव, अमृत विचार :** पशुओं में गलघोटू बीमारी की रोकथाम के लिए जिले में 45 हजार गोवंशीय एवं महिष वंश पशुओं को टीका लगाने का लक्ष्य दिया गया है। एक मई से टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण 15 जुलाई तक चलेगा। पशु चिकित्साधिकारी सलारपुर डॉ. संजीव कुमार भुइयार का कहना है कि घर-घर जाकर सभी पशुओं के टीके लगाए जा रहे हैं। टीकाकरण से पशुओं में होने वाली गलघोटू की बीमारी की रोकथाम होगी। गुरुवार को सलारपुर ब्लाक के गांव पड़ौलिया में पशुओं को टीके लगाये गए।


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें

डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)

यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें

निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559


## किसानों को दी फसल के रखरखाव की जानकारी

**विजय नगला, अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर कृषि विभाग ने गांव बीबीपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के कर्मचारियों ने किसानों को पर्यावरण बचाने और पौधारोपण के साथ फसल के रखरखाव की जानकारी दी।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव बीबीपुर में पर्यावरण दिवस पर कृषि विभाग कर्मचारियों ने किसानों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। साथ ही किसानों को उपजाऊ जमीन के आसपास हरे-भरे पेड़ लगाने को प्रेरित किया। मोहित चहल, अंकित शुक्ला अभिषेक सिंह के द्वारा गन्ने की फसल में आने वाले रोग और कीट नियंत्रण के साथ फसल को सुरक्षित और पैदावार को कम लागत में पैदावार बढ़ाने की जानकारी दी गई। इस मौके पर राममूर्ति सिंह, वीरपाल सिंह, राजबहादुर, धीरेंद्र सिंह, राजकुमार, प्रेमपाल सिंह, भारत कुमार आदि मौजूद रहे।

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क नहीं की ठीक, प्रदर्शन



हुसैनपुर गांव में ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

संवाददाता, कुंवर गांव

- ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी

**अमृत विचार:** सलारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर जल जीवन मिशन के तहत सड़क खोद कर पाइप लाइन डाली गई, लेकिन अब तक सड़कों को ठीक नहीं कराया गया है। करीब डेढ़ वर्ष से सड़कें टूटी पड़ी हैं। इसकी वजह से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। गुरुवार को ग्रामीणों ने गांव की सड़कें सही कराने और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

गांव में टूटी पड़ी सड़कों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। दो पहिया वाहन सवार टूटी सड़कों की वजह से गिर घायल हो जाते हैं। सड़कों में बने गड्ढों में गंदा पानी भर रहा है। साफ सफाई करने में भारी दिक्कत हो रही है। गुरुवार को गांव हुसैनपुर के ग्रामीणों ने उखड़ी गलियों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर गड्ढे भरने की मांग की। किसान नेता नईम चौधरी का कहना है कि अगर गांव में उखड़ी हुई सड़कें जल्द ठीक नहीं कराई तो जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में किसान यूनियन के नईम चौधरी, सद्दाम, रहीसुल, यासीर, अजमत, नदीम, लल्लू, फैसल आदि मौजूद रहे।

## सपा पदाधिकारियों ने की पीडीए की बैठक



**बिसौली, अमृत विचार :** कस्बे में पीडीए की बैठक हुई। इसमें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष यादव ने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि विधान सभा का एक एक कार्यकर्ता धर्मेन्द्र यादव, आदित्य यादव सहित अन्य पार्टी के बड़े नेताओं के साथ खड़ा है। साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेंगी। विधानसभा अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, वाजिद खान, राजीव यादव, चंद्रभान जाटव, डॉ. आस मोहम्मद, शाहनवाज, राहुल यादव, कुंवर सोमेश प्रताप आदि मौजूद रहे।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Admission Open
Session 2025-26

Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


## जिलाध्यक्ष और महामंत्री को छोड़कर बाकी कमेटी भंग



बैठक को संबोधित करते एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार यूनियन भवन पर कांट्रेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से तय हुआ कि एसोसिएशन के अध्यक्ष बलवीर सिंह और महामंत्री देवेंद्र सिंह को छोड़कर बाकी कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया। जल्द ही नई कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में दिनेश सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, सुमित तोमर, गिरीश पाल, भूपेंद्र सिंह पटेल, रामप्रवेश यादव, अवनीश कुमार, ओम प्रताप सिंह, भावेश कुमार, फैय्याज सैफी, जितेंद्र पाल, प्रदीप कुमार, सत्यभान सिंह, मोहित गुप्ता, पंकज यादव, अतुल पाल, प्रदीप गुप्ता, नरेश यादव आदि ठेकेदार उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### परसिया में हुआ पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन



**दवतोरी, अमृत विचार :** दबतोरी क्षेत्र के ग्राम परसिया में दबतोरी बिसौली मेन रोड पर पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व विधायक आशुतोष मौर्या ने फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि यहां पर ग्राहक सेवा केंद्र खुल जाने से अब किसानों व अन्य लोगों को दिक्कत नहीं होगी। कहा कि खाता खुलवाने और 10 हजार तक रुपये के लेनदेन के लिए बिसौली व अन्य शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सारी सुविधाएं यहीं पर उपलब्ध होंगी। केंद्र प्रभारी दिलीप कुमार सिंह ने बताया की जनता के लिए सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर ठाकुर ओमेंद्र सिंह, टीटू सिंह, किशोर सिंह अनोज कुमार सिंह, मास्टर जगपाल व क्षेत्र के सभी लोग उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



**बिल्सी, अमृत विचार :** गुरूवार को बाबा इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार, डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी व प्रशासक अमित माहेश्वरी ने पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिल्सी संजीव कुमार ने कहा कि हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### गंगा दशहरा पर सफाई कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**उसहैत, अमृत विचार :** गंगा दशहरा के अवसर पर नगर पंचायत उसहैत में चेयरमैन नवाब हसन ने सफाई कर्मियों को साफ सफाई की शपथ दिलाई। चेयरमैन ने सफाई कर्मचारियों को नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि किसी जगह से शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम शुरू होने वाला है ऐसे में गंदगी से लोगों को दिक्कत होगी इसलिए सफाई पर विशेष जोर दिया जाए।

### उधैती और विजय नगला में शरबत का किया वितरण



**उधैती/विजय नगला, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर जगह जगह शरबत वितरण किया गया। शरबत पीकर लोगों को गर्मी से राहत मिली। उधैती, खितौरा, खंडुआ, करियामई में समाजसेवियों ने शरबत वितरण किया। इस मौके पर राजू प्रजापति, मुरारी गुप्ता, ललतेश गुप्ता, मनी ठाकुर, राकेश पूरी, शेषपुरी, सोनू पंडित, देवेंद्र सिंह, वीरेंद्र पूरी रवि पूरी, देव भारद्वाज आदि उपस्थित रहे। वहीं विजय नगला में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में दातागंज चुंगी स्थित श्री हंस सत्संग आश्रम पर समिति कैंप लगाया। समिति पदाधिकारियों ने राहगीरों में ठंडा शर्बत वितरण किया। इस मौके पर आश्रम प्रभारी ज्योत्सना बाई, कल्याणी बाई, सुरेंद्र सिंह चौहान, नीरज, कृष्णा सक्सेना, गीता, सतीश व अन्य लोग मौजूद रहे। इधर सलारपुर बदायूं रोड पर ब्लॉक की ओर से कैंप लगाया गया। ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी नीतिन कुमार, वरिष्ठ लिपिक आकाश सक्सेना, सचिन, कृपाल सिंह, मनोज राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ब्रह्मकुमारी बहनों ने लगाए पौधे




**बदायूं, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थित सेवा केंद्र पर विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम प्लास्टिक से लड़ना विकल्प नहीं बल्कि पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाना है। उन्होंने शाश्वत यौगिक गृह वाटिका के बारे में बताया कि दैनिक उपयोग के फल, फूल और सब्जियों का उत्पादन कर सकता है। इस अवसर पर बीके किरण, बीके सुरभि, बीके रामस्वरूप सपरा, बीके सुरेंद्र, मुन्ना लाल, दीनदयाल आदि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण दिवस पर छात्रों ने किया पौधरोपण




**बिसौली, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत संविलियन विद्यालय हररायपुर के छात्र सुमित रजत, विवेक, सचिन, ललित यादव और रचित ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर तहसीलदार विजय कुमार नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर व सृजन यादव के साथ पौधारोपण किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कुंवर सेन, ग्राम प्रधान धर्मपाल, कुंवर सेन, सहायक अध्यापक चित्रा, हेमलता, राजेंद्र सिंह, अजय पाल, एसएमसी सदस्य हिरदेश बाबू, सरदार सिंह दिनेश यादव, किशोरी लाल, भाय सिंह के साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### समर कैंप में छात्राओं को कराया योग अभ्यास



**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप का 15वां दिन प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं ने भी योग और व्यायाम किया। इसके बाद छात्राओं को समूह में बांटा गया। छात्राओं को इखलास खान के मकबरा का भ्रमण कराया गया। मकबरा से संबंधित ऐतिहासिक, भौगोलिक, रीतिरिवाज, परंपराओं और हस्तशिल्प के बारे में बताया। प्रधानाचार्य अल्पना कुमार ने छात्राओं को ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी दी। फिर पौधरोपण किया गया।

## एक नजर

### लिफ्ट लगाने के नाम पर कपड़ा व्यापारी से 2.80 लाख की ठगी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के लकड़ी मंडी स्थित एक शोरूम के स्वामी अनुज अग्रवाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह चावला चौराहा पर अपना फर्नीचर शोरूम बनवा रहे हैं। इसमें लिफ्ट लगाने के लिए 10 जनवरी को उनके शोरूम पर विजेंद्र यादव निवासी सीमेंट रोड पूरनपुर और मंजीत यादव आए। उन्होंने अपने आपको एलगी एलीवेटर सिस्टम का कर्मचारी बताते हुए कम रुपये में लिफ्ट लगवा देने की बात कही। उन्होंने कंपनी के सीईओ मोहम्मद हलीम शाह से फोन पर बात कराई। लिफ्ट लगवाने के लिए 5.60 लाख रुपये की मांग की गई, जिसमें से 2.80 लाख रुपये 18 जनवरी को एक्सिस बैंक लखनऊ के एक खाते में मोहम्मद हलीम शाह को ट्रांसफर कराए। रुपये भेजने के छह सप्ताह बाद तक कोई लिफ्ट लगाने नहीं आया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मंदिर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, कई लोग घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गांव पिपरिया दुलई निवासी रामनरेश राठौर ने नया ट्रैक्टर लिया है। इस उपलक्ष्य में इक्कोहत्तरनाथ मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी सिलसिले में उनका बेटा सुरेश राठौर गुरुवार दोपहर गांव के करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को ट्रैक्टर ट्रॉली से मंदिर ले जा रहा था। सिरसा रोड पर एक राइस मिल के पास पहुंचते ही अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कई लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### राहगीरों में बांटा शर्बत

**उझानी, अमृत विचार :** गंगा दशहरा के अवसर पर नगर में जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही राहगीरों में शरबत बांटा। सभासदों और कारोबारियों द्वारा कैंप का आयोजन मुकेश बीज भंडार पर किया गया। जिसमें राहगीरों में शरबत का वितरण किया। इस मौके पर धर्मवीर सभासद, रामाशंकर पाल, सुरेंद्र सिंह, जसराज सिंह, प्रेमपाल, रामपाल, सोनू कश्यप, अरविंद शर्मा, बांकेलाल आदि मौजूद रहे।

### हादसे में ग्रामीण घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे के वार्ड नंबर छह मोहल्ला कादरी नगर के शखावत पुत्र शेर मोहम्मद साप्ताहिक बाजार में फल का ठेला लगाते हैं। बुधवार देर शाम ठेला लेकर घर जा रहे थे। बरखेड़ा पीलीभीत मार्ग पर गांधी आश्रम के पास पहुंचते ही डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# एजेंटों पर एफडी और आरडी खुलवाने का दबाव बनाते थे कंपनी के मालिक

## लोगों के करोड़ों रुपये लेकर फाइनेंस कंपनी अमर ज्योति के फरार होने का मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कंपनी के मालिक ने अपने रिश्तेदारों को दी थी कार्यालय संचालन की जिम्मेदारी
- लक्ष्य पूरा न करने पर वेतन रोकने की धमकी देता था कंपनी के मालिक का बेटा



मीरा सराय मार्ग पर बंद पड़ा अमर ज्योति कंपनी का कार्यालय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के सैकड़ों लोगों के रुपये लेकर अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी फरार हो चुकी है। इसके बाद से निवेशकों के अलावा खातों में जमा करने के लिए उनसे रुपये लेकर जाने वाले एजेंट और उनके परिजन परेशान हैं। कंपनी में कई साल से निवेशकों को समय से रुपये देकर भरोसा जताया था। इसके लिए कंपनी के मालिक एजेंट पर ज्यादा से ज्यादा एफडी और आरडी खुलवाने का दबाव बनाते थे। ऐसा न करने पर उनका वेतन या मानदेय न देने की चेतावनी देते थे।

मीरा सराय रोड पर कई साल से अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी का कार्यालय था। लोगों के अनुसार कंपनी ने कई साल से भागने की तैयारी की थी। इसकी वजह से एफडी, आरडी आदि के खाते खुलवाने वालों की मैच्योरिटी होने के बाद भी रुपये नहीं दिए गए। उन्हें दिलासा देने के लिए टोकन दिए, लेकिन रुपये नहीं मिले। बताया जा रहा है कि कंपनी ने शहर में तकरीबन 200 से 300 एजेंट बनाए थे। जो लोगों के पास जाकर उनके खाते खुलवाते थे और नियमित रुपये लेकर आते थे। इसके एवज में उन्हें वेतन या कमीशन के रूप में मानदेय दिया जाता था। एजेंटों के अनुसार शहर निवासी तीन सगे भाई बहन कंपनी के डायरेक्टर के रूप में काम करते थे। युवती मैच्योरिटी के समय टोकन देने का काम करती थी। उसका एक भाई पासबुक जमा करने और निकालने और तीसरा भाई रुपये मालिक तक पहुंचाने का काम करता था। कंपनी के मालिक के सगे भांजे बरेली निवासी अमित कुमार मौर्य का काम कंपनी में ग्राहकों के एफडी कार्ड और कर्मचारियों व एजेंट का वेतन व लेनदेन का हिसाब रखने का था। इन सबसे ऊपर कंपनी मालिक शशिकांत मौर्य के बेटे विशू मौर्य का काम वर्कर्स पर नजर रखना था। वह सभी लोग फरार हैं। कंपनी के एजेंटों के अनुसार कंपनी की ओर से एजेंट पर ज्यादा से ज्यादा एफडी और आरडी खुलवाने का दवाब बनाया जाता था। वर्ना उनका वेतन रोकने की धमकी दी जाती थी। कंपनी की ओर से दिया गया लक्ष्य पूरा न होने पर सभी को नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती थी। कंपनी ने एजेंट का दो साल से वेतन भी नहीं दिया है।

### कंपनी के एजेंट फरार परिजन परेशान

कंपनी के भागने के बाद से निवेशक अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर परेशान हैं। वहीं उनके खाते खोलने वाले एजेंट के सामने भी दिक्कत है। निवेशक एजेंट के घरों पर जाकर रुपये वापस दिलाने का दवाब बना रहे हैं। जिसके चलते ज्यादातर एजेंट घर से फरार हो गए हैं। अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया है। उनके परिजन परेशान हैं। एजेंट की पत्नी और माताएं गुरुवार को सदर विधायक से मिलने उनके आवास पहुंचे, लेकिन उनकी व्यस्तता की वजह से मुलाकात नहीं हो सकी।

## चेयरमैन के भाई समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत क्षेत्र की एक महिला ने नगर पंचायत चेयरमैन के भाई समेत चार लोगों पर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो महिला कोर्ट की शरण में गई। कोर्ट के आदेश पर चेयरमैन के भाई समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना उसहैत क्षेत्र निवासी एक महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एक दिन वह अपने घर पर काम कर रही थी। इसी दौरान उसहैत नगर पंचायत चेयरमैन के भाई रजा हसन उर्फ राजू, असलम, मुश्ताक और समीर जबरदस्ती महिला के घर में घुस आए। महिला से अभद्रता करने लगे। महिला ने विरोध किया। आरोप है कि चारों ने तमंचे के बल पर बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इसके चलते वह कोर्ट की शरण में गई। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ उसहैत पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# एक ही रात में छह ट्रैक्टर की बैट्रियां चोरी, दी तहरीर

संवाददाता, ओरछी


बैट्री चोरी होने की जानकारी देता युवक।

- पहले भी हो चुकी कई घटनाएं खुलासा नहीं कर पा रही पुलिस

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। पुलिस घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम है। बुधवार चोरों ने अलग-अलग गांवों से छह ट्रैक्टर की बैट्रियां चोरी कर ली। एक ही रात में छह ट्रैक्टर को निशाना बनाने से ग्रामीण परेशान हैं। पीड़ितों ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।

चोरों ने फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास निवासी किसान सतराज, धर्मवीर और अमित ने बताया कि वह घर के पास अपने ट्रैक्टर खड़े करते हैं। गुरुवार सुबह ट्रैक्टर को खेत पर जाने के लिए स्टार्ट किया, लेकिन ट्रैक्टर में बैट्री न होने से स्टार्ट नहीं हुआ। तीनों ट्रैक्टर से बैट्री गायब थी। किसानों ने बताया कि पिछले महीने से अब तक लगभग दो दर्जन चोरी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई की बजाय खुलासे का आश्वासन देकर भेज देती है।

वहीं पास के गांव बझेड़ा से भी रूम सिंह, देवपाल, सचिन के ट्रैक्टर से बैट्री चोरी कर ली गई। एक ही रात में छह ट्रैक्टर से चोरी से ग्रामीण परेशान हैं। वहीं पुलिस खाली हाथ है। इससे पहले गांव खेड़ादास निवासी सुधीर पुत्र ब्रजपाल सिंह के ट्यूबवैल से प्लास्टिक का दो कुंतल पाइप, टंकी, तेल, 20 किग्रा सोफ आदि चोरी हो गई थी लेकिन 9 मई को तहरीर देने के बाद भी इसका खुलासा आज तक नहीं हुआ। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि घटनाओं की जानकारी की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# मेंथा फैक्ट्री में मिला कंकाल जांच करने के लिए भेजा

संवाददाता, उझानी

- हादसे के बाद से लापता हैं मुजरिया क्षेत्र के कस्बा का मुनेंद्र

**अमृत विचार :** तेज हवा के बाद 21 मई की रात सहसवान व जरीफनगर क्षेत्र के गांवों के अलावा उझानी की मेंथा फैक्ट्री में आग लग गई थी। फैक्ट्री में मुजरिया क्षेत्र के मुनेंद्र यादव लापता हो गए थे। इसके अलावा बताया जा रहा है कि कई मजदूर लापता है। अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया था। गाजियाबाद की टीम ने भी साफ-सफाई कराई थी, लेकिन मुनेद्र का कहीं पता नहीं चला था। अब सफाई के दौरान फैक्ट्री में कंकाल मिला है। जांच के बाद पता चलेगा कि किसका है।

तेज हवा के दौरान जिले की सबसे बड़ी मेंथा फैक्ट्री में आग लगी थी। जिसे बुझाने में कई दिन लग गए थे। लगातार ब्लास्ट होते रहे। अग्निशमन विभाग ने कई दिनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन चार दिन पहले ही आग बुझी। प्रशासन ने गाजियाबाद की टीम को बुलाया, लेकिन किसी का कंकाल या व्यवस्थित सफाई नहीं हुई तो टीम वापस लौट गई। इसके बाद स्थानीय स्तर पर साफ-सफाई कराई जा रही है।

गुरुवार देर शाम सफाई के दौरान फैक्ट्री में एक कंकाल बरामद हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम बुलाई गई। टीम ने बमुश्किल जली हुई राख से अवशेष बाहर निकाले गए। इसे जांच के लिए भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि वह कंकाल मुनेंद्र यादव का है या किसी और का। आगे कभी सफाई का काम चलता रहेगा।

**एसएसपी से मिले थे मुनेंद्र के परिजन :** बीते दिनों मुनेंद्र के परिजन एसएसपी से मिले थे। उन्होंने मुनेंद्र को जल्द बरामद करने की गुहार लगाई थी। इसके अलावा जनप्रतिनिधि ने उनके घर पहुंचकर आर्थिक मदद की थी।

## शराब पीने से मना किया तो रेस्टोरेंट पर की लूटपाट, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** रेस्टोरेंट में लूटपाट मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन क्षेत्र के गांव नगला शर्की निवासी खुशबू सिंह सिसौदिया ने तहरीर देकर बताया कि वह इंद्राचौक पर फैमिली रेस्टोरेंट चलाती हैं।

19 मई दोपहर लगभग पौने तीन बजे बिसौली क्षेत्र के गांव मदनजुड़ी निवासी विजय सिंह, घनेंद्र, मोहित रेस्टोरेंट पर आए। वह शराब पीए हुए थे। शराब पीने और चिकिन खाने के लिए प्लेट लगाने को कहा। खुशबू सिंह ने उनसे कहा कि वह रेस्टोरेंट पर चिकिन नहीं बनता है। इसी बात पर वह लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट करते हुए रेस्टोरेंट में लूटपाट शुरू कर दी। उन्होंने छह हजार रुपये, 68 हजार रुपये का मोबाइल लूटकर भाग गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# एक माह स्कूल न आने वाला छात्र मना जाएगा ड्रॉप आउट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अब तक 45 दिन स्कूल न आने पर कर दिया जाता था ड्राप आउट

**अमृत विचार :** नामांकन कराने के बाद एक माह तक स्कूल न आने वाले बच्चे को ड्रॉप आउट माना जाएगा। पहले 45 दिन अनुपस्थित रहने पर बच्चे को ड्रॉप आउट माना जाता था। इसमें अब संशोधन हो गया है। संशोधन आदेश मिलने बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत कराया है। वहीं परिषदीय स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट कम करने के साथ ही उपचारात्मक कक्षाएं भी चलाई जाएंगी।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने ड्रॉप आउट के संबंध में बीएसए को भेजे गए आदेश में कहा गया है कि परिषदीय स्कूल में किसी बच्चे को आउट ऑफ स्कूल तब माना जाएगा यदि बच्चे का प्रारंभिक स्कूल में कभी नामांकन न हुआ हो या फिर नामांकन के बाद शैक्षिक सत्र में 30 संचयी दिनों से अधिक अनुपस्थित रहा हो और वार्षिक और नेट मूल्यांकन में 35 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किया हो। संशोधित

> ड्राप आउट नियम में संशोधन किया गया है। अब 30 दिन स्कूल न आना वाला बच्चा ड्रॉप आउट माना जाएगा। ड्राप आउट की संख्या कम करने के लिए उपचारात्मक कक्षाएं भी चलेंगी। आदेश प्राप्त हो गया है। इससे खंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत करा दिया है। आदेश का पालन कड़ाई से कराया जाएगा।
> – वीरेंद्र कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी

आदेश से पूर्व छह से 14 वर्ष के किसी बच्चे को आउट ऑफ स्कूल तब माना जाता था। जब वह प्रारंभिक विद्यालय में कभी नामांकित न हो या नामांकन के बाद अनुपस्थिति के कारणों की पूर्व सूचना के बिना स्कूल से निरंतर 45 दिन या उसे अधिक अवधि तक अनुपस्थित रहा हो। उसके बाद बच्चों को ड्रॉप आउट मानते हुए नाम पृथक कर दिया जाता था। अपर मुख्य सचिव को आदेश मिलने पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत करा दिया है। साथ ही ओदश दिए हैं।

### दरगाह के उर्स पर पूर्व मंत्री ने चढ़ाई चादर



**बदायूं, अमृत विचार :** पूर्व दर्जा राज्यमंत्री आबिद रजा ने विश्व प्रसिद्ध सागरताल स्थित दरगाह के उर्स के मौके पर गुरुवार को चादर चढ़ाई और फूल अर्पित किए। देश के हक में दुआ की। उन्होंने कहा कि सागरताल की दरगाह पूरे देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर है। दरगाह पर सभी धर्मों के लोग आकर मन्नते मांगते हैं। उनकी मन्नत पूरी भी होती है। उन्होंने दुआ कि देश में रहने वाले सभी लोग प्रेम से रहे। सद्भावना बनाए रखें। सभी धर्मों के लोग मिलकर देश की तरक्की में अपना अपना सहयोग करें। मोहम्मद मियां, मोतशाम सिद्दीकी, अनीस सिद्दीकी, फरहत अली, अनवर खां सभासद आदि उपस्थित रहे।

### कैंप में 46 कारोबारियों ने किया आवेदन



**बदायूं, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नवीन मंडी में कैंप लगाया। अधिकारियों ने कारोबारियों के लिए लाइसेंस बनाने को प्रेरित किया। इस दौरान 46 कारोबारियों ने लाइसेंस लेने के लिए आवेदन किया। कारोबारियों को सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव ने कारोबारियों को बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य लाइसेंस व पंजीकरण प्राप्त करना अनिवार्य है। जिस कारोबारी के पास लाइसेंस नहीं होगा उसके खिलाफ सम्बंधित अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी भगवत सिंह, खुशीराम और आजाद कुमार मौजूद रहे।

**किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट : बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को ग्राम हेतम नगला का रहने वाला सचिन वर्मा बहला फुसलाकर ले गया।

Admission Open
Session 2025-26
B.I.U. Bareilly International University
BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# निर्मल मन और पवित्र आचरण से सेवा करते हैं स्काउट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्काउट-गाइड के शिविर के समापन पर बोले पूर्व मंत्री आबिद रजा


मुख्य अतिथि को पौधा भेंट करते स्काउट-गाइड संस्था के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** गांधी नेत्र चिकित्सालय के गेट पर भारत एवं स्काउट गाइड और इंडियन स्काउट एवं गाइड फैलोशिप की ओर से लगाए जल वितरण शिविर का 25वें दिन शरबत वितरण के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन का मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा राज्यमंत्री आबिद रजा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड निर्मल मन और पवित्र आचरण से समाज की निस्वार्थ सेवा करते हैं। स्काउट की देश को सशक्त और समर्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना, जिला सचिव आलोक कुमार पाठक, पुलिस परामर्श केंद्र काउंसलर एसडी शर्मा, प्रादेशिक सदस्य अवधेश कुमार चौहान, दास कॉलेज के डॉ. मनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बाइक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, जान गई

**उझानी, अमृत विचार :** सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।


मृतक राजू शर्मा।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव हजरतगंज निवासी राजू शर्मा (50) बुधवार रात अपने खेत पर फसल देखकर घर जा रहे थे। दिल्ली राजमार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल को एंबुलेंस से उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# धूमधाम से मनाया महेश नवमी का महोत्सव


एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी के साथ मेधावी विद्यार्थी।

संवाददाता, बिल्सी

- मेधावी और समाज के गणमान्य लोगों को किया सम्मानित

**अमृत विचार:** नगर में माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में बुधवार की रात महेश बाल इंटर कॉलेज में महेश नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राएं और समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी रहे। उनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान महेश की वंदना की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने समाज को एकत्रित रहने पर विशेष ध्यान दिया जाए। माहेश्वरी समाज के लोगों ने राष्ट्रहित को ध्यान रखते हुए भाजपा का साथ दिया है। इस दौरान उनके द्वारा अपनी निधि से कॉलेज में लैब निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की घोषणा भी की। डॉ. मनोज माहेश्वरी ने कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए। सुभाष चंद्र वाहेती, शलभ बाबू माहेश्वरी, केके माहेश्वरी, मुकेश माहेश्वरी, नीलकमल माहेश्वरी, राकेश माहेश्वरी, विवेक राठी, सुधीर सोमानी आदि उपस्थित रहे।

## पेड़ काट रहे मजदूर की गिरकर मौत

**ककराला, अमृत विचार :** ग्राम गुलड़िया में पेड़ काट रहा मजदूर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में काम करने वाले लोग उसे जिला अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अली नगला निवासी नूर मोहम्मद (32) पुत्र इब्ने अली लकड़ी काटने का काम करते थे। गुरुवार को गुलड़िया में अपने साथियों के साथ पेड़ काट रहे थे। पेड़ काटते समय एक टहनी दूसरी से जा टकराई। इससे नूर मोहम्मद नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ में काम कर रहे लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल गए। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव घर ले गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना... नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम ARSH. SIDDIQUI से बदलकर MOHD ARSH SIDDIQUI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
MOHD ARSH SIDDIQUI
S/o TAUFEEQ AHMAD
MOHALLA CHAUNHATIYAN
VTC. TILHAR DISTRICT
SHAHJAHANPU U.P. 242307

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम उज्जवल था। जिसे अब मैंने बदकर उज्जवल सेठ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **उज्जवल सेठ पुत्र श्री अनुराग सेठ निवासी मिल कॉलोनी, गोला गोकरनाथ जिला खीरी (उ.प्र.)**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंजलि सिंह राठौर (Anjali Singh Rathore) एवं जन्म तिथि 1.5.1975 अंकित है जोकि गलत है मेरा सही नाम अंजलि राठौर (Anjali Rathore) एवं सही जन्मतिथि 20.8.1975 है भविष्य में मुझे अंजलि राठौर के नाम से जाना पहचाना जाए। **अंजलि राठौर पत्नी संजय कुमार राठौर मोहल्ला वाकरजई सदर शाहजहांपुर**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पाँच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# सतर्कता व तैयारी जरूरी

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं। देश में गुरुवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 तक पहुंच गई। संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1487 केरल के हैं और दिल्ली में 562 दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 526, गुजरात में 508, पश्चिम बंगाल में 538, कर्नाटक में 436, तमिलनाडु में 213, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 103, हरियाणा में 63 और आंध्र प्रदेश में 50 सक्रिय मामले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट 'मौसमी फ्लू' से कुछ ही ज्यादा है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिआ, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलाते हैं और मौतें भी होती हैं। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है। बहरहाल केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध कर लेने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी समझौते के हस्ताक्षरकर्ता भारत को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश भर में पर्याप्त टीकों और जांच किट का भंडार बनाया और वितरित किया जाए। जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। ऐसे में घबराहट और चिंता करने की बजाय सावधानी और एहतियाती दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# सामरिक जरूरतें और विरल धातुओं की कमी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्ज़ा है।

एक खबर के मुताबिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में हम ही नहीं बल्कि अमरीका तक चीन पर बहुत हद तक निर्भर है। यह तो सिर्फ सोलर एनर्जी के लिए पेनल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक-दो विरल केमिकल एलिमेंट की ही बात है। विरल धातुओं और अधातुओं के खरीद-फरोख्त के लिए सबसे बड़ी मार्किट शंघाई मेटल मार्किट है। मेटल इंडस्ट्री की सबसे बड़ा डाटा इसी मार्किट के पास है और दाम निश्चित नहीं होते। यह एक स्ट्रेटेजिक मार्किट है।

सभी प्रकार के उन्नत सिस्टम्स में जिनमें हाई-टेक इक्विपमेंट, एनर्जी प्लांट्स के कंट्रोलर, युद्धक वायुयान और इनके कंपोनेंट्स, बैटल टैंक्स, मिसाइल्स, पनडुब्बियों की बॉडी और हुल से लेकर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक या ऑप्टो-एलेक्ट्रोनिकी में विरल एलिमेंट्स का प्रयोग होता है। भारत को भी कम से कम 2900 टन विरल धातु हर वर्ष चाहिए। दुनिया के वे देश जैसेकि ब्राजील और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के देश जिनमें विरल धातुओं का विशाल भंडार है, इन्हें बेच कर अरबों रुपये की कमाई करते हैं।

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्ज़ा है। भारत में विरल केमिकल एलिमेंट्स वाले खनिज का भण्डार 6.9 मिलियन टन है। चीन में यह भण्डार 44 लाख मिलियन टन आंका गया है। अमरीका भी इन धातुओं को हासिल करने के मामले में चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर ज्यादातर निर्भर है। अमरीका का सामरिक महत्व का डिफेन्स प्रोडक्शन 90 प्रतिशत तक चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर टिका है। चीन में विरल एलिमेंट्स की सबसे बड़ी खदान मंगोलिया में बयानओबो नामक स्थल पर है। विरल खनिजों के बिना दुनिया का कोई देश एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में न तो रिसर्च कर सकता है और न ही इनसे कोई उत्पाद बना कर तकनीक में बढ़त हासिल कर सकता है। केमिस्ट्री की पीरियाडिक टेबल के अनुसार 17 विरल तत्व -सेरियम, डिस्प्रोसियम, अर्बियम, युरोपियम, गैडोलीनियम, होल्मियम, लैंथेनम, ल्यूटेटियम, नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, प्रोमेथियम, समैरियम, स्कैंडियम, टेरबियम, थ्यूलियम, येटरबियम और येट्रियम हैं। प्रेसियोडिमियम सर्वाधिक मांग वाली विरल धातु है जिसका उपयोग आर्क-लाइटनिंग लैंप में इस्तेमाल होने वाले कार्बन इलेक्ट्रोड, कांच की पॉलिशिंग में उत्प्रेरक, पवन टर्बाइनों और मोटरों में मौजूद स्थायी चुम्बक, वेल्डर और ग्लास बॉल का निर्माण, विमान इंजन में इस्तेमाल होने वाली उच्च-शक्ति वाली कठोरतम धातुएं बनाने के लिए मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु एजेंट के रूप में, मिशमेटल के घटक के तौर पर एक ऐसी सामग्री बनाने में जिसका उपयोग लाइटर के लिए चकमक पत्थर बनाने और में मोशन पिक्चर उद्योग में कार्बन आर्क-लाइट, स्टूडियो लाइटिंग और प्रोजेक्टर लाइट के लिए किया जाता है। उच्च-तीव्रता वाले स्थायी चुम्बक जो हाइब्रिड कारों और पवन टर्बाइनों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के लिए और हाइब्रिड ऑटोमोबाइल के लिए निकल मेटल हाइड्राइड रिचार्जेबल बैटरी में प्रेसियोडिमियम का इस्तेमाल किया जाता है। डिस्प्रोसियम वास्तव में ही रेयर अर्थ मेटल है। इसका उपयोग परमाणु नियंत्रण छड़ों में इसके उच्च तापीय न्यूट्रॉन क्रॉस-सेक्शन के लिए, डेटा भंडारण में इसकी उच्च चुंबकीय संवेदनशीलता और मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव सामग्रियों में किए जाने के अलावा अवरक्त विकिरण के स्रोत के रूप में अन्य तत्वों के साथ जोड़ कर किया जाता है। आयनकारी विकिरण को मापने के लिए डोसिमीटर में और उच्च शक्ति वाले नैनोफाइबर बनाने के लिए इसका उपयोग जाता है। जाहिर है भविष्य में विरल धातुएं और अधातु जीवन-मरण का कारण बनेंगें।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है।

हमें यह नहीं मालूम होता कि सोलर पेनल्स इन्स्टाल करने वाली भारत की बड़ी कंपनियां फोटोवोल्टेइक सैल्स खुद क्यों नहीं बनाती। आयात करके चीन को हम क्या एक बड़ा बिजनेस दे रहे हैं या विरल धातुओं के उसके खजाने के ख़त्म होने का इंतज़ार करना चाहते हैं? फोटोवोल्टेइक सैल्स के निर्माण में अरसे से सिलिकॉन का उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन नए पदार्थों और तकनीक के इस्तेमाल के बाद थिन-फिल्म टेक्नोलॉजी के कारण अब नए फोटोवोल्टेइक सैल्स अधिक कुशल और कारगर पाए गएं हैं। सिलिकॉन निर्भरता को कम करने के लिए सामग्री विज्ञान में अमॉर्फस सिलिकॉन, कैडमियम टेल्यूराइड (सीडीटीई), कॉपर इंडियम गैलियम सेलेनाइड (सीआईजीएस और पेरोव्स्काइट्स का उदय नवाचार लाया है। भारत को चीन से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई अभी बंद है। अधिकांश मात्रा में विरल एलिमेंट्स का भारत द्वारा आयात किया जाता है। चीन ने इनके निर्यात के लिए व्यापार लाइसेंस को अनिवार्य किया है और साथ में एक डिप्लोमेटिक नीति भी लागू की है कि किस देश को देना है और किस को नहीं। चीन की सरकार चाहती है कि आयातक देश इस बात का लिखित में आश्वासन दे कि इन विरल धातुओं का इस्तेमाल फ्रंटियर डिफेन्स टेक्नोलॉजी के विकास और निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। यह एक मुसीबतजदा शर्त है। हाल ही में इन तत्वों के लिए बढ़ती वैश्विक दौड़ के कारण यह हुआ है। भारत की वर्तमान खपत हालांकि कम है और व्यवधानों के कारण आपूर्ति अभी तक असुरक्षित है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की अनेक निर्णायक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विरल धातुओं और अधातुओं की मांग बढ़ने से आयात निर्भरता हमें जोखिम में डाल सकती है। इसीलिए कुछ वर्ष पहले ही कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री ने भारत सरकार से एक रेयर अर्थ डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की मांग भी की थी। इसी के मद्देनज़र भारत सरकार ने सन 2012 में रेयर अर्थ्स एंड एनर्जी क्रिटिकल एलिमेंट्सः ए रोडमैप एंड स्ट्रेटेजी फॉर इंडिया', दस्तावेज तैयार किया था। इस रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर कैसा और कितना अमल हुआ है, ज्ञात नहीं है क्योंकि ऐसी जानकारी अक्सर क्लासिफाइड होती है। इन धातुओं के खनन, एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग के लिए स्पेशल स्किल्ड वर्कर्स और विशेष मशीनरी युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। राष्ट्र की सुरक्षा और इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए भारत ने 30 खनिज धातुओं और अधातुओं को महत्वपूर्ण माना है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जीएसआई ने विरल खनिजों की उपलब्धता और खनन करने के लिए 195 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रेयर अर्थ्स इंडिया, लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत में दुर्लभ खनिज मोनाजाइट से उच्च शुद्ध ऑक्साइड के रूप में उत्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीन और आरक्षित भंडारों के दोहन के लिए आशय पत्र दिए जाने के साथ ही रेयर अर्थ एलिमेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने की योजना है ताकि इस खनिज से हमें अनेक विरल धातु एक साथ प्राप्त हो सकें। यह एक स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव है। आधिकारिक डेटा से पता चलता है फिलहाल दुर्लभ धातुओं का हमारा आयात 2270 टन है जिसमें से अधिकांश आयात चीन से और बाकी का जापान, रूस, कोरिया और अन्य देशों से हुआ। इसमें चीन से प्राप्त विरल धातुओं का हिस्सा 59 प्रतिशत है। भारत की यह निर्भरता वैश्विक विरल धातु खनन और प्रसंस्करण में चीनी प्रभुत्व के कारण है।

## प्रसंगवश

# भगदड़ में सतर्कता और समझदारी ही सुरक्षा

बेंगलुरु के चन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत दुखद और हृदय विदारक घटना है। वास्तव में भगदड़ की घटनाएं तब घटित होतीं हैं जब भीड़ अपना नियंत्रण खो देती है। बहुत बार अफवाहों के फैलने, खौफ,डर या घबराहट और सीमित जगह के कारण भी भगदड़ की घटनाएं घटित हो जातीं हैं। खराब भीड़ प्रबंधन जैसे कि पर्याप्त सुरक्षाकर्मी या निकास के लिए स्पष्ट मार्ग न होना भी भगदड़ का कारण बन जाता है। बेंगलुरु में जो घटना घटित हुई है, उसमें एक लाख से भी ज्यादा फ़ैंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत (18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी की जीत का जश्न मनाने के लिए) का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम के बाहर जमा हुए थे। वास्तव में, जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। यह ठीक है कि किसी टीम की जीत पर दर्शकों का उत्साह स्वाभाविक ही होता है लेकिन बड़े आयोजन की तैयारियां बहुत ही माकूल होनी चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पूरी घटना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में विफलता को ही दर्शाती है। यदि समय रहते भीड़ को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय, जैसे कि पर्याप्त वैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी की व्यवस्था इत्यादि पहले से की गई होती तो ऐसी हृदयविदारक घटना को टाला जा सकता था। घटना के संदर्भ में मीडिया के हवाले से यह भी सामने आया है कि आरसीबी ने अपने प्रशंसकों को मुफ्त पास बांटे, जिसकी वजह से अचानक भीड़ इतनी बढ़ गई। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ की इस त्रासदी के दर्द ने जीत की ख़ुशी को ख़त्म कर दिया है। सच तो यह है कि लोग आरसीबी की आईपीएल में जीत के जश्न का गवाह बनने आए थे, लेकिन इस त्रासदी ने अनेक परिवारों को वह दर्द दिया है, जो वो शायद ही कभी भुला पाएंगे। हमारे देश में अब तक भगदड़ की अनेक घटनाएं सामने आ चुकीं हैं, लेकिन दुःख इस बात का है कि हम ऐसी त्रासदियों से सबक नहीं लेते हैं और लापरवाही के कारण बहुत बार बड़ी घटनाएं घटित हो जातीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ एक गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए हमें सतर्क रहने और उचित उपाय करने चाहिए। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30-40 लोगों की मौत हो गई थी। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएं, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएं, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएं आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएं और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहां पहुंचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियां एवं संकरी सीढ़ियां, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियां, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। वास्तव में सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए पूर्व में ही गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ भीड़ को प्रबंधित करने के लिए हमारे पास अच्छी योजनाएं भी होनी चाहिए।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है।

ड्रोन ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं।

हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91' दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है।

## सोशल फोरम

# संतुलित दृष्टिकोण जरूरी

आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें एक गहरी मानसिक और बौद्धिक बेचैनी दृष्टिगोचर होती है। एक ओर अतीत के गौरवगान में डूबा राष्ट्र है, तो दूसरी ओर वर्तमान की विफलताओं और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ समाज। ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता हैः क्या भारत आत्ममुग्ध ऐतिहासिक चेतना में फंसा हुआ है? और क्या यह उसकी प्रगति में बाधा बन रही है? भारत का अतीत निस्संदेह सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। किंतु इस अतीत को देखने की दृष्टि में संतुलन का अभाव दिखाई देता है। अतिगौरव का मोहः हम विश्वगुरु थे, हमने शून्य खोजा, "हमारे वेदों में सब विज्ञान है-ऐसी घोषणाएं एक सांस्कृतिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक क्षतिपूर्ति बन जाती हैं। वे न तो वैज्ञानिक समीक्षा की कसौटी पर उतरती हैं, न भविष्य निर्माण के लिए व्यवहार्य कार्यक्रम बनाती हैं।

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने न तो इतिहास का आलोचनात्मक बोध विकसित किया, न भविष्य की कल्पना करने की प्रेरणा दी। हमारी पाठ्यचर्या में अतीत या तो स्तुति के भाव में आता है, या औपनिवेशिक लज्जा में दबा रहता है। परिणामस्वरूप, युवा पीढ़ी या तो पश्चिमी आदर्शों की नकल करती है या पुनरुत्थानवादी मिथकों में अपनी पहचान खोजती है। जब समाज को वर्तमान में न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर विफलता का सामना करना पड़ता है, तब वह सांस्कृतिक स्मृति में शरण लेता है। अतीत एक मनोवैज्ञानिक सुरक्षित स्थान बन जाता है, जो वर्तमान की कटुता से राहत देता है-भले ही वह राहत काल्पनिक हो। भारत को न तो अपने भूतकालीन सांस्कृतिक उपलब्धियों पर अति गौरव करना चाहिए, न अपनी ऐतिहासिक भूलों पर लज्जित और निरुत्साहित होना चाहिए। न ही उन गलतियों को तर्कों से छुपाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह-अतीत से प्रेरणा ले, पर उसमें फंसे नहीं,अपनी भूलों से सीखे, पर उनमें गुलाम न हो जाए, और अपने वर्तमान की समस्याओं को सुलझाते हुए, भविष्य का एक न्यायपूर्ण, बौद्धिक और सृजनशील मार्ग बनाए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या डगमगाएगा भारत का ईवी सपना



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत को क्या होगा नुकसान : टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण।

'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कई प्रयास कर रही है, लेकिन इन प्रयासों को झटका तब लगा जब विश्व की अग्रणी ईवी निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में उत्पादन संयंत्र स्थापित करने में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नई पाबंदियां लगाकर भारत के ऑटो उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इन दोनों घटनाओं का भारत के ईवी बाजार, निवेश माहौल और राजस्व संभावनाओं पर गहरा असर पड़ेगा।

टेस्ला क्यों नहीं चाहती भारत में बनाना वाहनः टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि भारत में उच्च आयात शुल्क के चलते वह अपनी कारें भारत में बेचना लाभकारी नहीं समझते। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर 60प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगता है। टेस्ला चाहती थी कि सरकार पहले आयात पर छूट दे जिससे कंपनी बाजार को परख सके, जबकि भारत सरकार की नीति साफ थी- 'भारत में बनाओ तभी टैक्स छूट पाओ'। इसी मतभेद के चलते टेस्ला ने फिलहाल भारत में निवेश से किनारा कर लिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की ओर रुख कर लिया, जहां बैटरी मटेरियल्स की सुलभता, सरकारी प्रोत्साहन और बाजार की लचीलता अधिक है।

भारत को क्या होगा नुकसानः टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण। अनुमान के अनुसार, अगर टेस्ला भारत में गीगाफैक्ट्री खोलती, तो अगले 10 वर्षों में करीब 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व उत्पन्न होता। लाखों रोजगार बनते और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में एक बड़ा उछाल आता। इसके अलावा, टेस्ला की मौजूदगी विदेशी निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बनाती। अब टेस्ला के ना आने से ये संभावनाएं फिलहाल धूमिल हो गई हैं। टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी की अनुपस्थिति में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, ओला इलेक्ट्रिक और एमजी मोटर्स जैसी भारतीय कंपनियों को बाजार में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन ये राहत ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। उपभोक्ताओं की तकनीकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और यदि भारत को वैश्विक ईवी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनानी है, तो उसे वैश्विक तकनीकों और प्रतिस्पर्धा का सामना करना ही होगा।

टेस्ला की दूरी के बीच भारत के ईवी उद्योग को एक और झटका तब लगा जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया। लैंथेनम, नीओडिमियम, टेरबियम, और डिस्प्रोसियम जैसे खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों, मोटर मैग्नेट्स और अन्य इलेक्ट्रिक घटकों में होता है। चीन दुनिया में रेयर अर्थ खनिजों का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करता है। ऐसे में उसकी ओर से निर्यात सीमाएं भारत जैसे देशों के लिए चिंता का कारण बन जाती हैं।

फिलहाल भारत अपनी रेयर अर्थ जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा चीन से ही आयात करता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अपने आंतरिक संसाधनों की ओर ध्यान दे। आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान में इन खनिजों की उपस्थिति पाई गई है। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक खनन और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी होगी।

साथ ही, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और वियतनाम जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके भारत को अपने आयात स्रोतों में विविधता लानी होगी। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स को बैटरी रीसाइक्लिंग, सॉलिड-स्टेट बैटरियां और सोडियम-आयन जैसी नई तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि चीन की निर्भरता कम हो सके।

क्या यह संकट भारत को आत्मनिर्भर बना सकता हैः टेस्ला का न आना और चीन की पाबंदियां निश्चित रूप से भारत के ईवी मिशन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन हर चुनौती में एक अवसर छिपा होता है। यदि भारत इस मौके को सही रणनीति से साध ले-जैसे टेक्नोलॉजी में निवेश, खनिज संसाधनों का उपयोग, और विदेशी सहयोग- तो यह संकट भारत के लिए एक बदलावकारी मोड़ बन सकता है। आने वाले समय में भारत को यह तय करना होगा कि वह इन वैश्विक दबावों के आगे झुकेगा या आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें, तो भारत न केवल एक सशक्त ईवी बाज़ार बन सकता है, बल्कि वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### जान से मारने की दी धमकी

**खुदागंज।** थाना क्षेत्र के गांव हरदेनी निवासी मुकेश सिंह ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की सुबह वह बाइक से घर लौट रहा था। मकरंदपुर निवासी कुलदीप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। विरोध करने आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नई परंपरा न डालें

**रोजा।** थाना परिसर में आगामी त्यौहार ईद उल जुहा के परिपेक्ष में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम और सीओ सदर ने कहा कि ईद उल जुहा के अवसर पर नई परंपरा न डाली जाए। प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष निर्धारित स्थान पर दफन करने तथा नमाज ईदगाह एवं मस्जिद परिसर के अंदर ही करने के संबंध में शासन को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर संभ्रांत नागरिक, थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने बाजार में पैदल की गश्त

**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश द्विवेदी ने सदर बाजार थाना क्षेत्र में लाल इमली चौराहा, घंटाघर मार्ग, बहादुरगंज, सदर बाजार, गोविंगगंज आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त की। उन्होंने आम नागरिकों, व्यापारियों एवं दुकानदारों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा एवं सतकर्त बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाएं जाएगे। इस दौरान एएसपी सिटी, सीओ सिटी, प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

### वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना के उप निरीक्षक रोहित कुमार ने बताया कि अभियुक्त मुरादी निवासी नई बस्ती थाना फरीदपुर जिला बरेली के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वांरट जारी हुआ था।

# जयकारे से गूंजे गंगा घाट, उमड़ा आस्था का सैलाब

## श्रद्धालुओं ने सोरोंजी हरि की पौड़ी, लहरा, कछला व कादरगंज घाट पर लगाई डुबकी

**गंगा दशहरा**

संवाददाता, सोरोंजी/गंजडुंडवारा



गंगा दशहरा पर्व पर कछला घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर्व पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब गुरुवार सुबह से गंगा घाटों पर उमड़ पड़ा। घाटों पर व्यापक सुरक्षा इंतजामों के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। हर हर गंगे के स्वर से गंगा घाट गुंजायमान हो गए। दूरदराज क्षेत्रों से आस्था की डुबकी लगाने के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। तीर्थ नगरी सोरोंजी के हरिपदी घाट के अतिरिक्त लहरा, कछला और कादरगंज गंगा घाट पर आस्था की डुबकी लगाई। नावों पर पीएसी कर्मी भी गंगा में गश्त करते रहे। श्रद्धालुओं के वाहन खड़ा कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कई स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की थी।

दशहरा पर्व पर राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों के अलावा आसपास के जनपदों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में श्रद्धा की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। श्रद्धालुओं को जाम से बचाने के लिए यातायात में भी परिवर्तन किया गया। बड़े वाहनों को बदायू, एटा और अलीगढ़ की सीमा पर ही रुकवा दिया गया तो छोटे वाहनों को रूट डाइवर्ट कर निकाला गया। सोरों की हरिपदी गंगा के अलावा लहरा और कछला घाट और कादरगंज घाट पर हजारों भक्तों ने डुबकी लगाई। महिलाओं और बच्चों के अलावा भारी तादाद में बुजुर्गों ने भी स्नान किया। प्रशासन द्वारा अप्रिय घटना को रोकने के लिए गंगा में नावों पर गोताखोर तैनात किए गए थे। पुलिस भी मौके का जायजा लेती रही। खोया-पाया केंद्र पर लोगों की सूचनाओं का आदान-प्रदान होता रहा। श्रद्धालुओं ने सोरोंजी में गंगा स्नान करने के बाद देव दर्शन किए और हरिपदी गंगा की परिक्रमा लगाई। माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा। पुरोहितों ने श्रद्धालुओं को विधि विधान पूर्वक स्नान कराया। गंगा घाट पर धार्मिक अनुष्ठान भी हुए।

**डीएम ने किया गंगा मैया का दुग्धाभिषेक :** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कछला गंगा घाट पर गंगा मैया का दुग्धाभिषेक किया। वहीं गंगा मैया का पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए। उनके साथ उपजिलाधिकारी विनोद जोशी व उनकी पत्नी भी पूजन कार्यक्रम में शामिल रहीं। गंगा दशहरा स्नान पर्व पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने गंगा घाटों पर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से गहरे पानी में स्नान न करने की अपील की। **बच्चों के कराए मुंडन संस्कार :** गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने अपने नवजातों का मुंडन संस्कार भी कराया। हरिपदी गंगा पर दर्जनों महिलाओं ने गंगा स्नान से पहले नवजातों के बाल मुड़वाए। इस दौरान नेक देकर प्रसाद भी वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने पितरों को भी तर्पण किया। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तो वाहनों की कतारें लग गई। श्रद्धालुओं के निजी वाहनों के अलावा डग्गामार वाहन और रोडवेज की बसें भी जाम में फंसी रहीं। लंबी-लंबी कतारें लगी थी। पार्किंग व्यवस्था होने के बावजूद भी श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से जूझना पड़ा। यातायात पुलिस दिनभर मशक्कत करती रही।



सोरोंजी में बाजार से खरीदारी करतीं महिलाएं ● अमृत विचार



गंगा दशहरा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अफसर।



जिलाधिकारी मेधा रूपम पूजन कर गंगा मैया का दुग्धाभिषेक किया।

### जगह-जगह लगे मीठे शरबत के प्याऊ, श्रद्धालुओं में बांटा गया भंडारा का प्रसाद

गंगा दशहरा पर्व पर मीठे शरबत के प्याऊ का विशेष महत्व है। आस्था आस्था वादी लोगों ने जगह जगह मीठे शरबत के प्याऊ लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया, तो वहीं भीषण गर्मी में लोगों ने शरबत पीकर गर्मी से राहत की सांस ली। वहीं जगह-जगह भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### दुकानों पर खूब हुई खरीदारी

गंगा दशहरा पर स्नान को आए श्रद्धालुओं ने तीर्थ नगरी में सजी दुकानों से जमकर खरीदारी की। माला और बच्चों के खिलौने और पूजा के सामान के अलावा देवों के छवि चित्र भी खरीदे गए। गंगा स्नान के बाद स्नानार्थियों ने तीर्थ नगरी में लगे मेले रौनक बढ़ाई। पूजा सामग्री के अलावा सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री खरीदी तो बच्चों ने खिलौने खरीदे। चाट पकौड़ी की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं की गाड़ियों के लिए मेला ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई थी।

# दशहरा व सरस्वती प्रतिमा का स्थापना दिवस मनाया



मां सरस्वती की आरती करती महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मन मस्त सत्संग मंडल के द्वारा मनमस्त आश्रम में गंगा दशहरा एवं मां सरस्वती प्रतिमा का 12वां स्थापना दिवस मनाया। मां सरस्वती की प्रतिमा का श्रृंगार कर, पूजन अर्चन भजन कीर्तन आदि का कार्यक्रम किया गया। मां सरस्वती की आरती की गई।

सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर गुरु योगेश योग ने प्रवचन किया। उन्होंने सभी को सदमार्ग पर चलने का आवाह्न किया। मन मस्त महाराज की रचित कविताओं का पाठ किया गया। मेरे कंठ बसों महारानी, मैया का चोला है रंगला, हमे तो मैया की जरूरत है आदि भजनों का गायन किया गया। इस दौरान सरला भारद्वाज, सरला त्रिपाठी, शालू गुप्ता, नितिज्ञा, पूनम मिश्रा, लता चौहान आदि मौजूद रहीं।

# सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कालेज में रिफ्रेशर कोर्स शुरू

- कॉलेज में पांच से 14 जून तक कराया जाएगा रिफ्रेशर कोर्स, छात्राएं होगी लाभान्वित
- 10 और 12 की छात्राओं के लिए रिफ्रेशर कोर्स सुबह आठ से 10.30 बजे तक चलेगा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इन्टर कालेज में पांच जून से 14 जून तक रिफ्रेशर कोर्स कराया जाएगा। रिफ्रेशर कोर्स का उद्देश्य छात्राओं द्वारा किसी विषय में पहले से अर्जित किए गए ज्ञान को ताजा करना एवं कौशल को अपडेट कराना है।

विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या एवं संयोजिका मंजरी यादव ने बताया कि कक्षा 10 एवं 12 की छात्राओं के लिए रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक कराया जा रहा है। गणित प्रवक्ता राम औतार शर्मा ने वैदिक गणित की सहायता से छात्राओं को सरल विधि से गणना करना सिखाया तथा वैदिक गणित की उपयोगिता को समझाया। रिफ्रेशर कोर्स में शिक्षक राजेश शर्मा, शिक्षिका दीपशिखा, सीमा गुप्ता, अंकिता मिश्रा तथा रीतू अरोड़ा द्वारा छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

# बाइक सवार को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



मृतक के परिजन पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद रहे। ● अमृत विचार

- सहावर गंजडुंडवारा मार्ग पर हुआ हादसा
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** सहावर-गंजडुंडवारा मार्ग पर एक बाइक सवार युवक को वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक सुखराम।

मृतक सुखराम (23) पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम धोरिका सहावर बुधवार की शाम समय करीब छह बजे गंजडुंडवारा से सहावर जा रहे थे। भारत पेट्रोल पंप के समीप उसमें वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। लोगों ने उसे गंभीर स्थिति में देखा तो सहावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उसके परिजन को भी जानकारी दी गई तो परिजन भी पहुंचे गए। जिला अस्पताल पर पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह पर भेज दिया है।

सहावर थाना प्रभारी प्रवेश राणा ने बताया वाहन को कब्जे में ले लिया है, चालक मौके से फरार है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगरेप के मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- किशोरी को उसके पिता का एक्सीडेंट बताकर ले गए थे झाड़ियों में

**अमृत विचार :** सिढपुरा थाना क्षेत्र में किशोरी से हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश थाना अध्यक्ष को दिए हैं।

अमांपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी अपने गांव के बाहर घूम रही थी। इस दौरान थाना सिढपुरा क्षेत्र के ग्राम ढूंढरा निवासी भूपेंद्र बाइक पर सवार होकर आया और उसके पिता का काली नदी के पास एक्सीडेंट होना बता कर उसे दिखाने के बहाने बाइक पर बैठा कर सिढ़पुरा - करतला रोड काली नदी के पुल के पास ले गया।

आरोप है कि यहां सूर्यकांत, शेर सिंह, जोगिंदर, भूपेंद्र निवासी ग्राम ढूंढरा थाना सिढ़पुरा मौजूद मिले। सभी ने झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीडि़ता के परिजन थाने पहुंचे लेकिन वहां पुलिस ने उन्हें कई दिन तक टकराते रहे। और पुलिस द्वारा मामले की प्राथमिकी दर्ज न किए जाने पर पीड़िता के पिता ने केशव मिश्रा एडवोकेट ने मामले का प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम /अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश सिढ़पुरा थानाध्यक्ष को दिए हैं।

# सिढ़पुरा क्षेत्र में बाइक सवारों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अन्य घायलों को जिला अस्पताल से किया अलीगढ़ रेफर
- बाइक से बारात में शामिल होने जा रहे थे



मृतक के परिजन पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली सिढपुरा क्षेत्र में बाइक सवार तीन युवकों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है।



मृतक मोहनलाल।

गांव मगथरा निवासी मोहन लाल अपने दो साथियों अजय और जयवीर के साथ बाइक पर सवार होकर सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के बकेनिया में बारात में शामिल होने जा रहे थे। साक्षी इंटर कॉलेज के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में मोहन लाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अजय और जयवीर गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी सिढपुरा में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया। वहां से भी उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है। उसकी मौत से परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ससुरालियों व मायके वालों में चले लाठी-डंडे, 5 घायल

संवाददाता, बिल्सी

- कोतवाली क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग का मामला
- गंभीर हालत में जिला अस्पताल को किया रेफर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग में गुरुवार की सुबह दो पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। हमले में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। जानकारी होने पर गांव में पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। यहां उनकी गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुट गई है।

गांव बैरमई बुजुर्ग निवासी महेंद्र श्रीवास्तव के पुत्र अंकित कुमार की शादी क्षेत्र के गांव मिर्जापुर से हुई है। अंकित की पत्नी आए दिन ससुराल वालों को किसी न किसी ने बात लेकर परेशान करती है। ऐसा वह कई बार कर चुकी है। गत दिन भी ऐसा करने के बाद उसने अपने मायके वालों को फोन करके सूचना दे दी। सूचना मिलते ही सुबह मिर्जापुर से उसके भाई आदि लाठी-डंडों से लेस होकर बैरमई बुजुर्ग गांव पहुंचे और अंकित के परिवार पर हमलावर हो गए। ससुराल वाले कुछ समझ पाते इसके पहले ही लड़की के मायके वाले उन पर हावी होते चले गये। हालत यह हो गई कि लाठी डंडो से लैस होकर आए लोगों ने अंकित और उनके पिता महेंद्र, अनिल घायल कर दिया। इस की जानकारी होने के बाद अंकित के परिवार वाले भी अपने साथियों व के अन्य लोग भी मौके पर आ गए।

इसके बाद उन्होंने मिर्जापुर निवासी आशीष पुत्र चंद्रपाल, अरविंद पुत्र चंद्रपाल के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद अंकित पक्ष के लोग भी घायल हो गए। इस मारपीट की सूचना किसी ग्रामीण ने पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिस पर पुलिस ने सभी पांच घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पति बोला शराब नहीं पीएंगे, पत्नी ने किया समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुलिस लाइन में स्थित महिला परामर्श केंद्र पर एक दंपती को बुलाया गया। पति ने पत्नी से कहा कि वह अब शराब नहीं पियेगा और न ही पत्नी को मारेगा। पत्नी इस बात से सहमत होकर उसके साथ रहने को तैयार हो गयी। इधर दूसरे समझौते में पति-पत्नी एक दूसरे को आपस में शक की निगाह से देखते थे। दोनों ने गलती मान ली और एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों दंपती को परामर्श केंद्र से विदा किया गया।

पुलिस लाइन में महिला परामर्श केंद्र पर 8 पत्रावली की सुनवाई हुई, रोजा थाना क्षेत्र के एक दंपती जिसकी शादी पांच साल पूर्व हुई थी। पति शराब पीकर मारता पीटता था। महिला के एक बच्चा था, जिसकी मौत हो गयी थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता करायी गयी। पति ने पत्नी से कहा कि शराब नहीं पिएंगे और न ही मारपीट करेंगे। पत्नी इस बात पर उसके साथ रहने को तैयार हो गयी। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

# हैदलपुर में बनेगा सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूल

संवाददाता, बिल्सी



भूमि पूजन कराते विधायक

- क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने किया भूमि पूजन
- एक करोड़ 29 लाख से हैदलपुर में बनेगा स्कूल

**अमृत विचार:** विकासखंड अंबियापुर के ग्राम हैदलपुर में एक करोड़ 29 लाख से अधिक की लागत मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट स्कूल का निर्माण होना है। इसका क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने बृहस्पतिवार को भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन के दौरान हैदलपुर में मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के बन जाने के बाद बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। विधायक ने कहा कि इस विद्यालय में बच्चों को पढ़ने के लिए बेहतर सुविधा के साथ खेलकूद के लिए भी सभी व्यवस्थाएं होंगी। सरकार बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में सुविधा मुहैया करा रही। प्रदेश सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा विधायक ने कहा कि कि सरकार का ध्यान शिक्षा पर काफी है। इसीलिए मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय को खोला जा रहा है। इस विद्यालय के भवन निर्माण पर एक करोड़ 29 लाख की धनराशि शासन द्वारा कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लखनऊ, प्रखंड बरेली को दिया है। कार्यक्रम में बिल्सी नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, बीईओ गौतम प्रकाश, विनय कुमार सिंह, राहुल देव शाक्य, तेजस्वी सागर आदि मौजूद रहे।

# सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने को हुई कार्यशाला

**कासगंज, अमृत विचार:** भाजपा जिला कार्यालय पर गुरुवार को मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला हुई। इस दौरान सरकार के संकल्प से सिद्धि अभियान पर चर्चा हुई। यह अभियान नौ जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। कार्यशाला जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी पूनम बजाज रहीं। अतिथियों ने कार्यशाला का आरम्भ पंडित दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मलार्पण करके किया। प्रदेश मंत्री पूनम बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 11 वर्षों में ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि अभियान चलाया जाएगा। अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, रमेश साहू, अनिल पुंढीर, राजवीर सिंह भल्ला, संजय सोलंकी ने भी मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# दबंगों ने की थी तोड़फोड़ वीडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



रॉड से तोड़फोड़ करता युवक।

- सदर कोतवाली पुलिस ने शिनाख्त के बाद कराया आपस में समझौता

> दो दिन पूर्व बाजार में कार सवारों और बाइक सवार के मध्य विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच आपस में समझौता हो गया है। पुलिस ने इसके बावजूद भी दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ 151 की कार्रवाई की गई है।
>
> – लोकेशन भाटी, सदर कोतवाल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर बीच बाजार में कार सवार दबंगों ने सड़क किनारे खड़ी बाइक में लोहे की रॉड निकाल कर जमकर तोड़फोड़ कर दी। 10 मिनट तक बाइक की तोड़फोड़ करने का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने और बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सदर कोतवाल ने कार सवारों की शिनाख्त के बाद आपस में समझौता करा दिया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो फुटेज में साफ दिखाई दे रहा घंटाघर बीच बाजार से नो एंट्री के बावजूद भी कार गुजर रही है। कार में तीन से चार लोग सवार हैं। बाजार में सड़क किनारे बाइक खड़ी हुई थी। कार जाम में फस गई। कार सवार पहले हॉर्न बजाते रहे हैं। बाद में दो लोग कार से उतरे और बाइक में लात मारकर नीचे गिरा दिया। इतने पर कार सवारों का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो कार की डिग्गी से लोहे की रॉड निकाल ली। रॉड मारकर बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। दस मिनट तक बाजार में भी अफरा तफरी हो गई। बाद में स्थानीय लोगों ने कार सवारों की दबंगों की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

‘कल के सितारे, आज का सम्मान’ : अमृत विचार ने मेधावी छात्रों के सम्मान में आयोजित किया प्रतिभा पुरस्कार कार्यक्रम

# आगे बढ़ने के लिए बच्चों को अच्छे संस्कार दें अभिभावक : डॉ. केशव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- समाचार पत्र वितरकों के 10वीं व 12वीं के होनहार बच्चों को किया गया सम्मानित
- सोशल मीडिया को फोन और दिमाग से लॉग आउट ही नहीं, डिलीट कर दें छात्र

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 10वीं और 12वीं जीवन की पहली सीढ़ी है। अंक अच्छे आए हैं। इसके बाद भी हमें रुकना नहीं है। यह शुरुआत है। शुरुआती चमक को अंतिम पायदान तक बरकरार रखना है। आगे बढ़ने के लिए अभिभावक भी बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चे भी अपना लक्ष्य निर्धारित करें, मेहनत और संघर्ष से ही सफलता मिल सकती है। अमृत विचार की इस पहल से बच्चों का हौसला बढ़ेगा।

अमृत विचार की ओर से डेंटल कॉलेज रोड स्थित स्वर्ण फार्म में गुरुवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों के लिए प्रतिभा पुरस्कार - कल के सितारे, आज का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेधावी बच्चों को सम्मानित करने से पहले उन्हें संबोधित करते हुए डॉ. केशव ने कहा कि कंप्टीशन के दौर में मेहनत बहुत करनी होगी।

अभी समय मेहनत करने का है। बाद में जिंदगी यह मौके नहीं देगी। मेधावियों से कहा कि अच्छे अंक के बावजूद अभी भी आपकी पहचान मां-बाप से है, इसलिए आने वाला कल ऐसा बनाएं जिससे उनकी वजह से माता-पिता की पहचान हो। अभिभावकों से कहा कि अच्छे संस्कार के साथ ही बच्चों को यातायात नियम और कानूनों का पालन करना सिखाएं। पढ़ाई के


समारोह को संबोधित करते बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल।

दौर में मोबाइल का उपयोग बहुत ही सीमित रखें। सोशल मीडिया को फोन और दिमाग से लॉग आउट ही नहीं, बल्कि हो सके तो बच्चे डिलीट कर दें। अमृत विचार की तरह सभी अपने विचारों को अमृत बनाए।

मेधावियों और उनके अभिभावकों से कहा कि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में बीबीए, बीएससी समेत तमाम कोर्स हैं। महंगाई के इस दौर में बच्चों की फीस अभिभावकों को बहुत सताती है। आश्वस्त किया कि वह अमृत विचार से जुड़े हर सदस्य के साथ हैं। अभिभावक अपने बच्चों को यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाएं।


पीलीभीत बाईपास रोड स्थित स्वर्ण फार्म सालिटेयर हॉल में आयोजित अमृत विचार प्रतिभा पुरस्कार-2025 समारोह में सम्मानित मेधावियों के साथ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल व अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार। ● अमृत विचार

बच्चों को स्कॉलरशिप से लेकर उनकी फीस में हर संभव मदद कराई जाएगी।

सीओओ पार्थो कुनार ने कहा कि शिक्षा का पहला गुण उत्साह है। इसे हमेशा बनाए रखना चाहिए। कम नंबर आना जीवन का अंत नहीं होता है। जीवन की कीमत नंबर से कई गुना ज्यादा है। मेधावियों से कहा कि वह देश का भविष्य हैं। आगे चलकर आप लोग ही देश के लिए बहुत कुछ बड़ा कार्य करेंगे, इसलिए अभी से लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें। अपनी रुचि के हिसाब से कोर्स चुनें। आपके जीवन में बाधक कुछ नहीं बन सकता है।

अमृत विचार से जुड़े सभी वितरकों से कहा कि पांच साल के सफर में अमृत विचार को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बखूबी रही है। शीघ्र ही प्रबंधन की ओर से सभी वितरकों को मेडिकल कार्ड दिए जाने की बात कही, ताकि स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या आने पर मदद मिल सके।

इससे पूर्व प्रतिभा पुरस्कार समारोह का शुभारंभ सीओओ पार्थो कुनार, स्थानीय संपादक नवीन गुप्ता, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, प्रसार प्रबंधक अभय गुप्ता, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर मयंक तिवारी और समाचार पत्र वितरक संघ के अध्यक्ष विमल पांडेय ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीबीएसई और यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के 33 मेधावियों को सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मान पाते देख अभिभावक भी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में माइंड गेम खिलाकर बच्चों की प्रतिभा को निखारा गया। मेधावी और उनके साथ आए अभिभावकों के लंच की व्यवस्था भी अमृत विचार की ओर से की गई थी।

### इन मेधावियों को मिले मेडल

समारोह में इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों में अनुष्का रानी, अंश सक्सेना, हाईस्कूल की अंशिका, यश मनकोटिया को गोल्ड मेडल, इंटरमीडिएट की प्रज्ञा, विश्वास पांडेय, साक्षी शंखधार, जीत सोढ़ी, हाईस्कूल की पवनी गुप्ता, अविरल तिवारी, अमल कुमार, वैष्णवी रस्तोगी, मुस्कान और शगुन श्रीवास्तव को ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## घर में घुसकर दूसरे समुदाय के युवक ने की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय का युवक एक व्यक्ति के घर में बुधवार रात नौ बजे घुस गया। आरोपी ने घर में मौजूद युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे उनकी लड़की घर में अकेली थी। इसी बीच शाहनूरी मस्जिद के पास रहने वाला रईस उनके घर में घुस गया और बेटी से अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने बेटी के साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। तब आरोपी रईस जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता के पिता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## किशोरी से दुष्कर्म के 3 दोषियों को उम्रकैद

**चन्दौसी, अमृत विचार:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषियों को आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना रजपुरा के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में दी तहरीर दी थी कि 23 जनवरी 2023 को उसकी 16 वर्षीय पुत्री एक ग्रामीण के ट्यूबवेल के समीप खेत पर काम कर रही थी। प्रशांत उर्फ पिलुआ पुत्र रामप्रकाश उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। वहां पहले से बब्लू पुत्र राजवीर जाटव व गोपाल पुत्र धनवेश जाटव मौजूद थे। उन लोगों ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। 31 जनवरी 2023 को पुत्री ने उसको व पत्नी को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार यादव व आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि मुकद्मे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह के न्यायालय में हुई।

# चोरी के ट्रैक्टरों का धंधा... 32 पर लगा गैंगस्टर

पुलिस ने गैंग लीडर सहित 10 को किया गिरफ्तार, नखासा थाना क्षेत्र में था ट्रैक्टर व पुर्जे बेचने का बाजार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल के नखासा थाने की पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर खरीद कर उनसे जनरेटर बनाने व पुर्जे बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गिरोह से जुड़े 32 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से सरगना सहित 10 को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इनकी संपत्ति भी जब्त करने की तैयारी कर रही है।

संभल जनपद के रायसत्ती इलाके में बड़ा ट्रैक्टर बाजार संचालित था। जहां न सिर्फ दूसरे राज्यों से लाए गए ट्रैक्टर बेचे जाते थे बल्कि चोरी के ट्रैक्टरों के पुर्जों से जनरेटर भी बनाए जाते थे। दो साल पहले पुलिस ने इस धंधे से जुड़े लोगों पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर बाजार पर छापेमारी की थी। 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों के पुर्जे और उनसे बने जनरेटर बरामद किए गए थे।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस जांच



पुलिस गिरफ्त में गिरोह के सदस्य, जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई। ● अमृत विचार

में पता चला कि संगठित गिरोह कई राज्यों से चोरी के ट्रैक्टर लाकर बेचता था बल्कि इंजन से जनरेटर बनाकर बेचता था। गिरोह का नेटवर्क बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश सहित कई प्रदेशों में फैला था। पता चला कि गिरोह का सरगना नखासा थाना क्षेत्र के ही भदे सराय का रहने वाला जुबेर पुत्र एहसान था जबकि उसके साथ 31 अन्य सदस्य चोरी के ट्रैक्टरों के गैर कानूनी कारोबार में शामिल थे। नखासा थाना पुलिस ने सरगना जुबेर सहित गिरोह के 32 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी धरपकड़ की कार्रवाई की है।

सरगना जुबेर सहित इन 10 की हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने गिरोह के सरगना जुबेर के साथ ही मोहम्मद फुरकान पुत्र नसीबुल्लाह निवासी खग्गूसराय, आसिफ पुत्र इजराइल निवासी गुलजार नगर कालाखेड़ा, ग्यास उर्फ ग्यासुद्दीन पुत्र इसराइल निवासी गुलजार नगर, शाह आलम उर्फ साहिबे आलम पुत्र रिहान उर्फ भूरा निवासी शाहबाजपुरा, फैजान पुत्र उस्मान निवासी अनवारे मदीना मस्जिद शाहबाजपुरा, नईम पुत्र खुर्शीद निवासी छलो वाला मोहल्ला ठंडी कोठी दीपा सराय संभल, मोहम्मद उरूज पुत्र महमूद हुसैन निवासी शहबाजपुरा खुर्द, अरमान पुत्र मोहम्मद अनीस मोहल्ला रायसत्ती खेड़ा व शाहनवाज पुत्र शरीफ अहमद निवासी खग्गू सराय सहित 10 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें काम कर रही हैं।

- दो साल पहले पुलिस ने सौ से ज्यादा ट्रैक्टरों के पुर्जे व उनसे बनाये जैनरेटर किये थे बरामद

### गिरोह से जुड़े लोगों की संपत्ति होगी कुर्क

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि इस गिरोह ने चोरी के ट्रैक्टर व उनके पुर्जे बेचने के गैर कानूनी कारोबार से बड़े पैमाने पर संपत्तियां अर्जित की हैं। इन्होंने गैर कानूनी तरीके से जो संपत्तियां अर्जित की हैं उन्हें कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इन सभी के द्वारा अर्जित की गई संपत्तियों का पता लगा रही है। इसके बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

## हॉकी : फाइनल में मुरादाबाद ने बरेली को हराया

कार्यालय सवांददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 73 वीं अंतर जनपदीय बरेली जोन पुलिस हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरुवार को पुरुष वर्ग में मुरादाबाद और बरेली टीम के बीच फाइनल मैच हुआ। मुरादाबाद ने बरेली को 2-1 से हारकर ट्राफी अपने नाम की। बुधवार को महिला वर्ग की शाहजहांपुर की टीम ने फाइनल जीता था। डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने महिला और पुरुष दोनों टीमों को चल वैजयंती ट्राफी दी। पुलिस लाइन मैदान पर पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच बरेली और रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें बरेली ने रामपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली थी। इसके बाद पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मैच मुरादाबाद और बदायूं के बीच हुआ। मुरादाबाद ने बदायूं को 5-2 से हरा दिया। फाइनल मैच मुरादाबाद और बरेली टीम के बीच खेला गया, जिसमें मुरादाबाद ने बरेली की टीम को 2-1 से हरा दिया। विजेता टीम को डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी ने ट्राफी सौंपी। एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी यातायात मोहम्मद अकमल खां, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

### एक और जनसेवा केंद्र में पकड़ा फर्जीवाड़ा

**बरेली/अलीगंज, अमृत विचार :** जनसेवा केंद्रों पर फर्जीवाड़ा बड़े स्तर पर हो रहा है। सीबीगंज, भोजीपुरा और प्रेमनगर थाना क्षेत्रों के बाद अब अलीगंज थाना क्षेत्र के गैनी में जनसेवा केंद्र पर फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। आर्मी इंटेलीजेंस, एसओजी और अलीगंज पुलिस ने बुधवार को जनसेवा केंद्र पर छापा मारा। यहां से पुलिस ने बड़ी मात्रा में आधार कार्ड, राशन कार्ड, अन्य फर्जी दस्तावेजों के साथ ही मोहरें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपी अधिक कमाई के लालच में फर्जीवाड़ा कर रहा था। आर्मी इंटेलीजेंस लखनऊ की बरेली इकाई को सूचना मिली कि अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गैनी में एक व्यक्ति जनसेवा केंद्र और मोबाइल रिपेयरिंग की आड़ में फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहा है। आरोपी को भी मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

# ओपीडी में आए दो मरीजों में दिखे कोरोना के लक्षण, रिपोर्ट निगेटिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन के आदेश पर जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में आरंभ हुई कोरोना जांच
- ओपीडी में लक्षण मिलने पर डॉक्टर ने भेजा लैब, एंटीजन जांच में नहीं मिले संक्रमित

**अमृत विचार:** प्रदेश भर में कोरोना का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिसको लेकर शासन ने सांस और कोरोना के लक्षण वाले रोगियों की कोविड जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला अस्पताल स्थित पैथोलॉजी लैब में गुरुवार को कोरोना के संदिग्ध दो मरीजों की एंटीजन जांच हुई, लेकिन दोनों मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई।

ओपीडी से जांच को भेजा युवक पैथोलॉजी लैब के स्टाफ के अनुसार ओपीडी में आए युवक को खांसी, जुकाम के साथ ही सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इस पर डॉक्टर ने ओपीडी से लैब में युवक को कोरोना जांच के लिए भेजा।

युवक शहर के सुभाष नगर निवासी है, हालांकि जांच में युवक संक्रमित नहीं मिला। इसके साथ ही लैब में ही तैनात टेक्नीशियन को बीते एक सप्ताह से खांसी, जुकाम के साथ ही सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। डॉक्टर के परामर्श पर उसने भी एंटीजन जांच कराई, लेकिन संक्रमित नहीं मिला है।

### आईडीएसपी भी कर रही निगरानी

दोनों ही संदिग्ध मरीजों की जांच से पूर्व ही अस्पताल प्रबंधन ने आईडीएसपी को सूचना दी। इस संबंध में जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डा. अलका शर्मा ने बताया कि शासन के आदेश के अनुपालन में कोरोना जांच आरंभ करा दी गई हैं। दो मरीजों में लक्षण होने पर जांच हुई थी, लेकिन दोनों मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है।

## दुनिया में बोलती किताब की पहल करेगी रजा लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि दुनिया में बोलती किताब (टॉकिंग बुक) की पहल रजा लाइब्रेरी द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में रजा लाइब्रेरी के डिजिटलाइजेशन की ओर कदम बढ़ाए जाएंगे। जल्द दुनिया के किसी भी कोने से रजा लाइब्रेरी में रखी किताब के बारे में विस्तृत जानकारी ले सकेंगे।

रंगमहल में गुरुवार दोपहर हुई पत्रकार वार्ता में लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि रूस में दुनिया की प्रसिद्ध 20 लाइब्रेरी के जिम्मेदार एकत्र हुए थे। रूसी राज्य पुस्तकालय के महानिदेशक वादिम दूदा द्वारा यूक्रेन की स्थिति की तुलना कश्मीर से किए जाने पर रामपुर रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने आपत्ति जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कश्मीर में कोई समस्या न पहले थी न भविष्य में होगी। वास्तविक समस्या पाकिस्तान है, जो आतंक का जनक और निर्यातक है। अमृत विचार के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि फिलहाल बोलती किताब रजा लाइब्रेरी के पाठकों के लिए ही होगी, इसके बाद इसका लाभ दुनिया भर के लोग उठा सकेंगे। इस मौके पर अरुण सक्सेना और हिमांशु सिंह मौजूद रहे।

# सीबीआई ने प्रथमा ग्रामीण बैंक के रिकवरी एजेंट को रिश्वत लेते पकड़ा

संवाददाता, रामपुर/दढ़ियाल

**अमृत विचार :** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में तैनात रिकवरी एजेंट को क्लेम के नाम पर ग्रामीण से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगना भारी पड़ गया। शिकायत के आधार पर गाजियाबाद से आई सीबीआई टीम ने एजेंट रहमत को रुपये लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके बाद आनन-फानन में टीम ने बैंक को अंदर से बंद करा दिया। टीम पीड़ित और रिश्वत लेने वाले से पूछताछ कर रही है। सीबीआई टीम की जांच पड़ताल दोपहर बाद तक जारी रही।

मुरादाबाद मार्ग पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा है। जहां पर चौकी क्षेत्र के गांव नारायणपुर निवासी अशोक कुमार ने कुछ समय पहले अपनी पत्नी के नाम पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत खाता खुलवाया था। जिसमें एकमुश्त 430 रुपये जमा किए जाते हैं। इसमें एक सदस्य का बीमा होता है, इसमें अचानक मौत होने पर 2 लाख रुपये के क्लेम का प्रावधान है। इस बीच नारायनपुर निवासी अशोक कुमार की पत्नी बीमारी के चलते मौत हो जाती है। जिसके बाद अशोक कुमार लगातार बैंक के चक्कर लगा रहा था। लेकिन वहां पर तैनात रिकवरी एजेंट उससे 20 हजार रुपये मांग रहा था। परेशान होकर अशोक कुमार ने सीबीआई दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई थी। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में तैनात निजी कर्मचारी क्लेम का पैसा निकालने के एवज में 20 हजार रिश्वत मांग रहा है। उसके बाद गुरुवार दोपहर को टीम वहां पर पहुंच गई। टीम ने रुपये लेते हुए रिकवरी एजेंट को पकड़ लिया। जिससे बैंक में सनसनी फैल गई। टीम ने बैंक को बंद करवा दिया। अब टीम रिकवरी एजेंट से पूछताछ कर रही है। हालांकि पूछताछ लंबी चल सकती है। शिकायतकर्ता से जांच पड़ताल कर रहे हैं। वहीं बैंक का रिकार्ड भी खंगाल रहे हैं। सीबीआई की टीम में 12 कर्मचारी आए हैं, जो दोपहर 12 बजे से देर शाम तक बैंक में आरोपी और शिकायतकर्ता से जांच पड़ताल कर रहे हैं।

## दूसरे जिलों में लगेंगे संभल हिंसा में फरार आरोपियों के पोस्टर


संभल हिंसा के समय पुलिस द्वारा जारी चित्र। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार:** संभल में 24 नवंबर को हिंसा में शामिल आरोपियों के पोस्टर आसपास के जनपदों में भी लगाए जाएंगे।

संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे की कार्रवाई के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। हजारों की भीड़ ने पुलिस पर पथराव, फायरिंग के साथ ही वाहनों में आगजनी भी की थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से बवाल में शामिल आरोपियों की पहचान की थी। हिंसा में शामिल 90 से ज्यादा आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई आरोपी फरार हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के पोस्टर संभल में लगवाए थे। बावजूद उनकी पहचान नहीं हो पाई। अब फरार आरोपियों के पोस्टर दूसरे जनपदों में भी लगवाने का फैसला लिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संभल में पोस्टर लगाने के बाद भी कुछ चेहरों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। हो सकता है आरोपी किसी दूसरे जनपद के हों। इसी वजह से जल्द ही उपद्रवियों के पोस्टर दूसरे जनपदों में भी लगाए जाएंगे।

# महिला को सांड़ ने पटक-पटक कर मार डाला

संवाददाता ढबारसी

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के दमगडा गांव में छुट्टा सांड़ ने रात में अपने घर में सो रही महिला को चारपाई से उठाकर पटक-पटक कर मार डाला। पति बचाने आया तो उस पर भी हमला कर दिया। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई किए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया है। गुस्साए ग्रामीणों ने साड़ों को पकड़वाने की मांग की।


मृतका विद्यावती।

दमगडा गांव निवासी हजारी सिंह खडगवंशी की पत्नी विद्यावती (55) अपने परिवार के सदस्यों के साथ वुधवार रात घर में सो रही थी। घर के मुख्य द्वार पर दरवाजा नहीं लगा था। रात लगभग 2 बजे


विलाप करते मृतका विद्यावती के परिजन। ● अमृत विचार

एक सांड़ घर में घुस गया तथा चारपाई पर सो रही विद्यावती को सींगों पर उठाकर करीब 10 फीट दूर ले जाकर पटक-पटक कर बुरी तरह घायल कर दिया।

पत्नी की चीखें सुनकर उठे हजारी सिंह ने विद्यावती को बचाने का प्रयास किया तो सांड़ उसके ऊपर भी हमलावर हो गया। हजारी सिंह ने शोर मचाया तो परिजन व पडोसी जाग गए। घायल महिला को गांव के निजी चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने हमलावर सांड़ का पीछा करके पकड़ लिया।

प्रशासन से छुट्टा सांड़ों को शीघ्र पकड़वाने की मांग की। मृतका का परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया।

- बुधवार रात घर में सो रही थी महिला तभी सांड़ ने कर दिया हमला
- आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से सांड़ों को पकड़वाने की मांग की

## युवती की इंस्टाग्राम आईडी पर डाले आपत्तिजनक फोटो

- शिकायत पर भोजीपुरा पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** शोहदे ने युवती के फोटो एडिट करके इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट कर दिए। जानकारी होने पर पीड़िता ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने नाम से इंस्टाग्राम आईडी चलाती है। उसे बदनाम करने के उद्देश्य से शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शरीफनगर निवासी अभिषेक मौर्या ने उसके फोटो एडिट करके अश्लील बना दिए और अपनी आईडी से उसे व अन्य लोगों को पोस्ट कर दिए। यही नहीं आरोपी ने फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट करना भी शुरू कर दिए। आरोपी ने उसके रिश्तेदारों और जान-पहचान के लोगों को भी फोटो भेज दिए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी इस वक्त जोगीनवादा में रहता है। शिकायत पर भोजीपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow
TENDER NOTICE
On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., General Manager (Electrical Zone-2) & (North West Zone), Bareilly invites online Item Rate / percentage rate bids in two bid system for-
1. NIT No.-1233/EZ-2/Tender/RNN/2025 Dated-26-05-2025, e-tender Construction of Boundary Wall for ESI Hospital land at Rohtak with Provision of Concertina Coil fencing, 02 Gates with Signage Board at IMT Rohtak.
2.NIT No.-316/201-B/GM(B)/RNN/2025 Dated-03.06.2025, e-tender Construction of Cyber Crime Thana Distt. Amroha, Last date of submission of offers upto 05.00 P.M. on Dated - 16.06.2025 (Sl. No.-1), upto 02.00 P.M. on Dated - 18.06.2025 (Sl. No. 2); all other details on:- website; www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in.

## एक नजर

### विक्षोभ से तापमान में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मौसम के बदलते मिजाज के बीच फिलहाल गर्मी का मौसम बीत रहा है। वहीं, पाकिस्तान से आने वाले विक्षोभ से तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रदेश में पिछले दो दिनों से बारिश के बीच मौसम पूरी तरह से बदला नजर आ रहा है। राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में बारिश और तेज हवा का असर देखने को मिला है। जिसकी वजह से मौसम सुहाना है। हालांकि मौसम विभाग ने अब मौसम के पूरी तरह से बदल जाने की संभावना प्रकट की है। इधर, प्रदेश में 6 जून से बारिश का भी सिलसिला थम जाएगा। आने वाले दिनों में प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 6-7 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर स्थानीय स्तर पर कोई विक्षोभ नहीं बनते हैं तो 12-13 जून को पाकिस्तान की ओर से नया विक्षोभ भाव डालेगा। इससे पहले तापमान बढ़ेगा लेकिन बाद में गिरावट आएगी।

### योग दिवस को तैयार किए जा रहे मास्टर योग ट्रेनर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष विभाग योग दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों व ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम का आयोजन कराएगा। इसके लिए मास्टर योग ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष आयुष मंत्रालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग' रखी गई है। आयुष मंत्रालय की ओर से 10 महत्वपूर्ण इवेंट मनाये जा रहे हैं। आयुष विभाग के महानिदेशक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आयुष महाविद्यालय राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज, राजकीय तकमील उत्तिब यूनानी कालेज, गोयल आयुर्वेदिक कालेज, सरदार पटेल आयुर्वेदिक कालेज, एन्क्राइट आयुर्वेदिक कालेज, आरजीएस आयुर्वेदिक कालेज, एसआरबी आयुर्वेदिक कालेज, योग विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय व बाबू युगराज सिंह आयुर्वेदिक कालेज के छात्र-शिक्षक, पतंजलि योग संस्थान, तत्वमसि आर्ट आफ लिविंग आदि से जुड़े लगभग एक हजार लोग राजभवन लॉन में अभ्यास के लिये आ रहे हैं।

# योगी ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## मुख्यमंत्री ने आवास पर लगाया बेल का पौधा, विश्व पर्यावरण दिवस को योगी के जन्मदिन ने बनाया और खास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस और अपने जन्मदिन की शुरुआत पूजा-पाठ के बाद पौधरोपण से की। सरकारी आवास पर गुरुवार सुबह बिल्व (बेल) का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। 'एक्स' पर लिखा कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।

विश्व पर्यावरण दिवस को मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन ने और खास बना दिया। उनके आवास पर मंत्रियों, अधिकारियों समेत तमाम गणमान्य लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। इस दौरान वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं व स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (वन/पर्यावरण) अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) पीपी सिंह, लखनऊ की मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह आदि की मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं।


अपने जन्मदिन पर सरकारी आवास पर पौधा रोपित करते मुख्यमंत्री योगी।

### भाजपा ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। सभी जिला मुख्यालयों पर पौधरोपण करते हुए जिला स्तर पर अभियान भी शुरू हो गया है। 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 5 अगस्त तक बूथ स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा अपने हर कार्यक्रम के बाद पौधरोपण करेगी। साथ ही, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि वृहद स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रमों से जुड़ेंगे।

### शिक्षामित्रों ने पौधरोपण कर जाहिर की व्यथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन और पर्यावरण दिवस के मौके पर जहां पूरे प्रदेश में पौधे लगाए जा रहे थे, वहीं लखनऊ के ईको गार्डन में शिक्षामित्रों ने एक अलग ही अंदाज में अपनी व्यथा जाहिर की। उन्होंने पौधारोपण कर सरकार को यह प्रतीकात्मक संदेश दिया कि जैसे पौधा पालन-पोषण पाकर एक दिन छांव देने वाला पेड़ बनता है, वैसे ही 25 वर्षों से शिक्षा की जमीन पर सेवाएं दे रहे शिक्षामित्र भी अब सम्मानजनक वेतन के हकदार हैं। शिक्षक-शिक्षामित्र उत्थान समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 27 मई से धरने में बीटीसी और टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण शिक्षामित्र हर दिन रचनात्मक तरीके से अपनी मांगें रख रहे हैं।

# मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देने को लगा रहा तांता

- योगी ने यूपी के विकास के लिए अथक काम किया : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रदेश सरकार के शीर्ष पदाधिकारियों समेत देश-विदेश से गुरुवार को शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ, लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स दिनभर छाए रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए राज्य के निरंतर विकास का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में यूपी के विकास के लिए अथक काम किया है, जिससे राज्य के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्हें लंबी और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पार्टी नेताओं ने ने योगी की उपलब्धियां गिनाते हुए बधाई दी।

### सोशल मीडिया पर भी चला योगी मैजिक

योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन को सोशल मीडिया यूजर्स और कार्यकर्ताओं ने एक उत्सव के रूप में मनाया। हैशटैग, लोकप्रिय मुख्यमंत्री, हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स पूरे दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ट्रेंड करते रहे। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश समेत लगभग सभी भाजपा शासित राज्यों के आधिकारिक और पार्टी हैंडल्स ने बधाई संदेश प्रसारित किए।

# 10 हजार करोड़ के निवेश से बनेगा टेक्सटाइल पार्क

## लखनऊ-हरदोई सीमा पर मास्टर डेवलपर की चयन प्रक्रिया ने पकड़ा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-हरदोई सीमा पर प्रस्तावित पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क के विकास के लिए मास्टर डेवलपर के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 10 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित होने जा रहे इस टेक्सटाइल पार्क से 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। पीपीपी मोड पर विकसित होने वाले इस पार्क के लिए केंद्र सरकार दो चरणों में 500 करोड़ रुपये देगी। चयनित मास्टर डेवलपर को 50 वर्षों की रियायत अवधि पर परियोजना दी जानी प्रस्तावित है। इसके लिए चयनित भूमि को एसपीवी को 99 वर्ष की लीज पर प्रति वर्ष प्रति एकड़ 1 रुपये की दर से हस्तांतरित किया जा चुका है।

परियोजना पूरी होने पर स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट्स को योगी सरकार द्वारा विभिन्न मदों में छूट देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। मास्टर डेवलपर पार्क के लेआउट, सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का डिजाइन तैयार करेगा। मास्टर डेवलपर ही पूरे टेक्सटाइल पार्क का निर्माण करेगा, जबकि सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि के साथ ही निजी निवेश से परियोजना को गति दी जाएगी।

निर्माण के बाद मास्टर डेवलपर पार्क का संचालन और प्रबंधन करेगा, जबकि रियायत अवधि समाप्त होने के बाद पार्क का स्वामित्व और संचालन अधिकार राज्य सरकार और एसपीवी को वापस सौंप दिया जाएगा। केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स मास्टर डेवलपर को कोर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए दो चरणों में 500 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। पार्क का विकास, विपणन और संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा सभी संबंधित राज्यों से विस्तृत विचार विमर्श के बाद मॉडल बिड अभिलेख आरएफपी एवं ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट (डीसीए) तैयार किया गया है।

### 51% शेयर यूपी, शेष 49 प्रतिशत केंद्र सरकार का

वहीं, योगी सरकार इंडस्ट्रियल यूनिट्स को लैंड कॉस्ट सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी, कैपिटल सब्सिडी, इंट्रेस्ट सब्सिडी, पावर सब्सिडी, इंप्लॉयमेंट सब्सिडी और फ्रेट सब्सिडी के रूप में इंसेंटिव्स देगी। पार्क के विकास एवं संचालन के लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त स्वामित्व वाले स्पेशल पर्पज वेहिकल (एसपीवी) द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस एसपीवी में 51 प्रतिशत शेयर उत्तर प्रदेश सरकार का होगा एवं शेष 49 प्रतिशत भारत सरकार का।

### मंत्रिपरिषद की मुहर लगनी होगी आवश्यक

राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि पार्क के लिए 1000 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही चार लेन सड़क कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति और पानी की आपूर्ति सहित वाह्य बुनियादी ढांचे का विकास करे। योजना से संबंधित आरएफपी दस्तावेज और ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट को अंतिम रूप देकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समिति की सिफारिशें उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद को अनुमोदन के लिए भेजी जाएंगी।

> चयनित मास्टर डेवलपर वैश्विक मानकों के अनुसार मास्टर प्लान तैयार करने और एसपीवी के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा। पार्क के अंदर की अवस्थापना का विकास मास्टर डेवलपर द्वारा अपने जोखिम और लागत पर किया जाएगा। साथ ही वह विपणन, संचालन और रख रखाव के लिए भी उत्तरदायी होगा। – राकेश सचान, मंत्री (एमएसएमई)

## लखनऊ व गोरखपुर मंडल को मिली घायल वन्य जीवों के लिए एमवीयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग ने प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस और अन्य घायल वन्य जीवों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गोरखपुर और लखनऊ मंडल में मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल से दोनों मंडल के पक्षी विहार और वन प्रभागों में घायल होने वाले पक्षियों और वन्य जीवों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल को भी यह सुविधा देने की तैयारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि उप्र सारस संरक्षण समिति की ओर से लंबे समय से मोबाइल वेटनरी यूनिट की मांग की जा रही थी। विभाग ने गोरखपुर और लखनऊ मंडल में एमवीयू की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल के साथ प्रदेश के अन्य मंडलों के लिए भी ये सुविधा शुरू करने का प्रयास है।

## विधानभवन में डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को उप्र. विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार के चित्र का अनावरण किया। इस दौरान विधान भवन परिसर में महाना ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा देश की पहली विधान सभा बनी है, जहां डॉ. हेडगेवार जी का चित्र स्थापित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। उन्होंने कहा, डॉ. हेडगेवार ने समाज के प्रत्येक नागरिक के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रहित में समर्पण पर विशेष बल दिया।


डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण करते विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना।

## पर्यावरण सुरक्षा को लेकर भाजपा के पास कोई विजन नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की विकास के लिए न तो कोई योजना है और नहीं



जनजीवन की सुरक्षा के लिए कोई विजन है। पर्यावरण की समस्या वर्तमान की ज्वलंत समस्या है। वनसंपदा नष्ट होती जा रही है, नदियां सूख रही हैं, तालाब मिटते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से धरती पर जिंदगी खतरे में है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी बयान में कहा कि नदियां जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार गंगा-जमुना या गोमती पर सिर्फ सियासत करती है। नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफाया करना उसका ध्येय है। नदियों के नाम पर ठगने में भी भाजपा माहिर है। नमामि गंगे योजना में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। करोड़ों रुपये का बजट बह गया फिर भी मां गंगा साफ नहीं हुईं। नमामि गंगे योजना जुमला बनकर न जाने कहां चली गयी है।

# बिजली कर्मी दंडित हुए तो तेज होगा आंदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. ने कहा कि अगर बिजली अभियंता दंडित हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। समिति ने निजीकरण प्रक्रिया में निजी घरानों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में प्रशासनिक आधार पर अभियंताओं का स्थानांतरण किये जाने के सम्बन्ध में बिजली कर्मियों में गुस्सा फैल गया है। उन्होंने कहा कि झूठा शपथ पत्र देने वाली सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन को 'क्लीन चिट' दी गई है। इससे निजी घरानों से मिलीभगत साफ नजर आ रही है। निजी घरानों को लाभ दिलाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर प्रबंधन घाटा दिखाया जा रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि लाखों करोड़ रुपये की परिसम्पत्तियां निजी घरानों को कौड़ियों के मोल बेचने के लिए साजिश रची जा रही है। इस बीच, 190वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन जारी रखा।

### कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया कि इक्विटी के आधार पर बिजली कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी चल रही है। परिषद ने सलाहकार कंपनी से जुड़े लोगों की 'कॉल डिटेल' की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 42 जिलों वाले पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की कुल संपत्ति लगभग 90,925 करोड़ की हैं। दोनों कंपनियों की कुल इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। ऐसे में कम लागत पर बेचने की साजिश पर सीबीआई जांच की जरूरत है।

## पुलिस विभाग 64 करोड़ 65 लाख से खरीदेगा पिस्तौल व कारतूस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में जल्द ही पुलिस बल अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पुलिस विभाग को 64 करोड़ 65 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इस बजट से 8600 पिस्तौल समेत लाखों कारतूस खरीदे जाएंगे। उप्र. शासन में विशेष सचिव दिनेश कुमार ने पूर्व में जारी शासनादेशों के सापेक्ष गुरुवार को 64 करोड़ 64 लाख 51 हजार 225 रुपये का बजट अपर पुलिस महानिदेशक उप्र. को जारी किया। जारी बजट में नौ एमएम की प्रति पिस्तौल 29,950 रुपये के आधार पर कुल 5600 पिस्तौल खरीद के लिए 16 करोड़ 77लाख 20 हजार रूपए जारी किए गए हैं, पिस्तौल में चलने के लिए 3.8 लाख कारतूस खरीदी जाएंगी।

# आईजीआरएस में शाहजहांपुर को दूसरा स्थान

- मई माह की रिपोर्ट में श्रावस्ती प्रथम और अमेठी को तीसरा स्थान मिला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस (इंटिग्रेटेड ग्रिवांस रीड्रेसल सिस्टम) की मई माह की रैंकिंग में जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती ने फिर बाजी मारी है। वहीं, शाहजहांपुर ने दूसरा और अमेठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शिकायत निस्तारण को लेकर विशेष रणनीति अपनाई गई है। जिले में रोजाना सुबह 10 बजे जनसुनवाई होती है, जिसके बाद दिन भर प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की जाती है। वहीं लंबित मामलों की समीक्षा शाम 5 बजे और असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त प्रकरणों की गुणवत्ता का परीक्षण रात 9 बजे किया जाता है। इसके अलावा नोडल अधिकारियों के माध्यम से शिकायतों की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे निस्तारण की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो रही है। यही वजह है कि पिछले कई महीनों से श्रावस्ती जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है। द्विवेदी ने बताया कि मई की रिपोर्ट के अनुसार श्रावस्ती ने 140 पूर्णांक के सापेक्ष 137 प्राप्तांक प्राप्त किए हैं। वहीं श्रावस्ती का जनशिकायतों के निस्तारण का रेश्यो 97.86 प्रतिशत है, जो सबसे अधिक है।

इसके साथ ही आईजीआरएस की मई-25 की रिपोर्ट के अनुसार टॉप-5 जिलों में शाहजहांपुर (95.71 प्रतिशत) दूसरे, अमेठी (94.29 प्रतिशत) तीसरे, हमीरपुर (94.29 प्रतिशत) चौथे और अंबेडकरनगर 89.29 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इन जिलों ने न केवल शिकायतों को समय पर सुलझाया, बल्कि समाधान की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी। वहीं छठे स्थान पर हाथरस, सातवें स्थान पर आजमगढ़, आठवें स्थान पर चंदौली, नौवे स्थान पर मैनपुरी और दसवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है।


## वर्ग पहेली- 453

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो; टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठीख् अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



### वर्ग पहेली -452 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पै | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- एकादशी 7 जून 04.47 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- हस्त 06.34 तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। घर की साफ-सफाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** – आज अपने आत्मविश्वास के कारण अधिकारियों से प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारो से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन** – आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह** – आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** – आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। आपके जनसम्पर्क का दायरा मजबूत होगा। घर का माहौल अत्यन्त अनुशासित रहने वाला है।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शान्तिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवायें। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य प्रारम्भ होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**वृश्चिक** – आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे। व्यापार में नये अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है।

**धनु** – आज आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मकर** – आज नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है। आपको इच्छित जगह पर स्थानान्तरण मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक हो सकती है। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**मीन** – आज प्रभावशाली लोगों के मध्य आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिन्ता हो सकती है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है।

## सुडोकू -177

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | | | |
| 3 | | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | | | | | 8 |

### सुडोकू - 176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 |

## एक नजर

### फ्लिपकार्ट को रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** वालमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट ने बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों ने बताया कि इस कदम से फ्लिपकार्ट के लिए ग्राहकों को सीधे ऋण देने का रास्ता साफ हो सकता है। उन्होंने ऐसे विशिष्ट उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें ग्राहक कई बार अपने द्वारा चुने गए उत्पादों के भुगतान के लिए ईएमआई मॉडल चुनते हैं।

### मई में 211 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण लेनदेन

**नई दिल्ली।** आधार धारकों ने मई 2025 में 211 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए, जिससे ऐसे लेनदेन की स्थापना के बाद से अब कुल संख्या 15,223 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त मई 2025 में 15.49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मई में आधार प्रमाणीकरण लेनदेन पिछले महीने की तुलना में अधिक हैं।

# रेपो दर में 0.25% कटौती की उम्मीद

## रियल एस्टेट कंपनियों ने कहा- इससे मकानों की मांग बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- क्रेडाई और नारेडको का दावा- रेपो रेट घटने कई कई क्षेत्रों पर पड़ेगा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जताई है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। पटेल ने कहा, पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।

आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की है। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

हरिबाबू ने कहा, इसलिए रेपो दर में कटौती से न केवल आवास की मांग बढ़ेगी, बल्कि समग्र आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।" अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा।

### गवर्नर मल्होत्रा आज पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि मल्होत्रा छह जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो में 0.25 प्रतिशत कटौती करेगा। हालांकि, एसबीआई की शोध रिपोर्ट में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की बात कही गई है।

### दूसरे दिन भी सेंसेक्स 444 अंक ऊपर चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 912.88 अंक बढ़कर 81,911.13 पर पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त सीमित हो गई।

# एआई इंजन 'नमस्ते' देगा होटल उद्योग की प्रामाणिक जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओवी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया। इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो।

आईआईएचएम के चेयरमैन सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, यह आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है। 'नमस्ते जीपीटी' छात्रों, शिक्षकों और आतिथ्य व्यवसाय चलाने वालों के लिए एक अविश्वसनीय सहायक साबित होगा। उन्होंने इसे आतिथ्य क्षेत्र का भविष्य बताते हुए कहा कि यह काम को अधिक कुशल, व्यवस्थित और सुगठित बना देगा। इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा।

# रेटिंग में सीमा पर तनाव का रखेंगे ख्याल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मूडीज ने वित्त मंत्रालय के अफसरों से मुलाकात के दौरान की घोषणा

अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज भारत की रेटिंग का मूल्यांकन करते समय भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के संघर्ष पर भी विचार करेगी। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों ने यहां वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। मूडीज ने इस समय भारत को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीएए-3' रेटिंग दी हुई है जो सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है। एक सूत्र ने कहा, "रेटिंग एजेंसी अपने सरकारी रेटिंग मूल्यांकन में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को भी ध्यान में रखेगी।" जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।

मूडीज ने पिछले महीने कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ा आर्थिक गतिरोध नहीं आएगा। लेकिन यह पाकिस्तान के लिए एक झटका होगा क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और वृद्धि को प्रभावित कर सकता है। मूडीज को इससे भारत की आर्थिक गतिविधि में बड़े व्यवधान की आशंका नहीं है क्योंकि इसके पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंध बहुत कम हैं। हालांकि, मूडीज ने पिछले महीने वर्ष 2025 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### शुल्क पर स्थगित वार्ता के बीच ट्रंप ने की शी चिनफिंग से बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बातचीत की। यह वार्ता ऐसे समय हुई है, जब दोनों देशों के बीच शुल्क वार्ता स्थगित होने से वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत की पहल की। अमेरिका की तरफ से फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि चिनफिंग के साथ किसी समझौते पर पहुंच पाना मुश्किल है। ट्रंप ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैं शी को हमेशा पसंद करता हूं, करता रहा हूं और करता करूंगा। लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ कोई समझौता कर पाना बेहद मुश्किल है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता, 12 मई को दोनों देशों के बीच शुल्क दरों को कम करने के समझौते के तुरंत बाद कुछ समय के लिए रुक गई थी। हालांकि अन्य मुद्दों पर वार्ता जारी रही।

# भारत-किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय संधि लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- नई संधि ने जून 2019 में बिश्केक में हुए बीआईटी की जगह ली
- टिकाऊ वृद्धि पर जोर, पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना प्रमुख विशेषता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव मोल्दोकनोविच ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय निवेश संधि को लागू करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संधि से भारत और किर्गिस्तान के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और सीमापार निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार और किर्गिज गणराज्य की सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब यह संधि पांच जून, 2025 से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नई निवेश संधि 12 मई, 2000 को लागू पिछले समझौते की जगह लेगी।

मंत्रालय ने कहा, भारत-किर्गिज बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित एवं पूर्वानुमानित निवेश परिवेश को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है।

बीआईटी की कुछ विशेषताओं में टिकाऊ वृद्धि पर जोर देना और सबसे पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना शामिल है। द्विपक्षीय निवेश संधि में कुछ अपवाद भी हैं। इसका मतलब है कि सरकारें कुछ मामलों में अपनी नीतियों को लागू करने के लिए स्वतंत्र रहेंगी। इनमें पर्यावरण, लोगों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था बनाए रखने जैसे अपवाद शामिल हैं। इसके अलावा निवेशकों और सरकार के बीच कोई विवाद होने पर पहले स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### आईबीसीए प्रमुख को क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के महानिदेशक एसपी यादव को भारत में 'बंगाल टाइगर' की आबादी को विलुप्ति के कगार से बचाने में उत्कृष्ट योगदान पर 'क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को 'भूगोल का ऑस्कर' कहा जाता है जिसे 2012 में रूसी भूगोल सोसायटी ने स्थापित किया था। यादव को यह पुरस्कार 29 मई को 'मास्को इंटरनेशनल हाउस ऑफ म्यूजिक' में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### 21वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**पुणे।** पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीया महिला आईटी पेशेवर ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंभिरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसाइटी पहुंची, इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी। महिला ने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें लिखा है, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो चुकी है। मैं अब नहीं जीना चाहती।

### कोरोना संक्रमण से सात और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### स्कूल में बाउंसर रखने पर हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका को शुल्क विवाद के कारण अपने परिसर में छात्रों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थान में इस तरह की प्रथा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चूक के कारण किसी छात्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना और डराना न केवल मानसिक उत्पीड़न है, बल्कि इससे बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचती है।

# हाईकोर्ट कराए भगदड़ की जांच: भाजपा

## कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- आरसीबी की विक्ट्री परेड में हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- भीड़ नियंत्रित करने को नहीं थी कोई तैयारी, मृतकों के परिवार को 50 लाख रुपये दे सरकार

भाजपा ने गुरुवार को आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ की घटना की मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से न्यायिक जांच करवाने और प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भगदड़ के लिए कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि यह घटना शासन की आपराधिक विफलता दर्शाती है। विजयेंद्र ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर घोर लापरवाही के ज़रिए जश्न को तबाही में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं थी, इसे टाला जा सकता था और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राज्य सरकार अपने लोगों की सुरक्षा करने के अपने मौलिक कर्तव्य में विफल रही। जब दो लाख से ज्यादा प्रशंसक जमा हुए थे, तब भीड़ को नियंत्रित करने, पुलिस की कोई तैयारी नहीं थी और कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल भी नहीं था।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि जब स्टेडियम में अराजकता फैली हुई थी, तब मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उनके डिप्टी डीके शिवकुमार और अन्य कैबिनेट सहयोगी विधान सौध के पास आईपीएल खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब मौतों की खबरें पहले से ही आ रही थीं, मंत्री फोटो सेशन में व्यस्त थे। यह असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।

मुख्यमंत्री के इस बयान पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कि यह त्रासदी स्टेडियम में हुई थी, न कि सरकार की सीट के पास विजयेंद्र ने कहा, यह जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। जब लाखों लोग जश्न एकत्र हुए, तो पुलिस को विधान सौध के आसपास वीआईपी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। राज्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा।

### सरकार शोक में, भाजपा कर रही राजनीति: डीके

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जश्न के दौरान हुई भगदड़ की घटना को व्यक्तिगत- पारिवारिक त्रासदी' बताते हुए कहा कि इस घटना से राज्य सरकार गहरे सदमे और दुख में है। किसी ने भी इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, भाजपा और जद-एस हमेशा राजनीति करते हैं। शिवकुमार ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री सदमे में हैं। गृह मंत्री सदमे में हैं। पूरी सरकार शोक में है। कुछ मिनट पहले मैं रो रहा था। ये हमारे लोग थे। नुकसान हमारा है। कर्नाटक और बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचा है। परिवारों को नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार इस दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेती है और वह इस चूक की पूरी जांच करेगी।

### उत्तरी सिक्किम में फंसे 59 पर्यटक किए एयरलिफ्ट

**गंगटोक।** मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किए गए बचाव अभियान के तहत अत्यधिक बारिश से प्रभावित उत्तरी सिक्किम से 59 पर्यटकों को बृहस्पतिवार सुबह गंगटोक लाया गया। ये लाचुंग में करीब एक सप्ताह से फंसे तकरीबन 109 पर्यटकों में शामिल थे। सुबह गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे से दो एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर उत्तरी सिक्किम के चातेन रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलीकॉप्टर से 39 पर्यटक लौटे, दूसरे हेलीकॉप्टर से 20 को लाया गया। इनमें दो विदेशी शामिल हैं। सिक्किम राष्ट्रीयकृत परिवहन ने इन पर्यटकों को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचाने के लिए बसें तैनात की हैं। जो लोग हवाई मार्ग से सिलीगुड़ी के निकट बागडोगरा जाना चाहते हैं, उनके लिए पाकयोंग हवाई अड्डे पर अतिरिक्त हेलीकॉप्टर रखा गया है।

# राजनीतिक वर्ग के बीच आपसी समझ बनी रहनी चाहिए: भागवत

**नागपुर, एजेंसी**

- कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह में बोले संघ प्रमुख

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत की कार्रवाई के पश्चात राजनीतिक वर्ग में दिखी आपसी समझ जारी रहनी चाहिए और एक स्थायी विशेषता बननी चाहिए।

भागवत ने संघ स्वयंसेवकों के लिए आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, इस जघन्य आतंकी हमले के बाद लोग दुखी और आक्रोशित थे और चाहते थे कि दोषियों को सजा मिले। कार्रवाई की गई और सजा दी गई। भागवत ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की गई कार्रवाई में सभी ने देश के निर्णय करने वालों का साहस देखा।

उन्होंने कहा, पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के बाद कार्रवाई की गई। इसमें एक बार फिर हमारी सेना का पराक्रम दिखा। प्रशासन की दृढ़ता भी देखने को मिली। आरएसएस प्रमुख ने कहा, राजनीतिक वर्ग ने आपसी समझ दिखाई। समाज ने एकता का संदेश दिया। यह जारी रहना चाहिए।

### नए सीमा प्रहरी



देश की सेना को बृहस्पतिवार को सीमाओं की रक्षा के लिए अग्निवीरों का नया बैच मिला। श्रीनगर के जेएकेएलआई रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को हुई पासिंग आउट परेड में शामिल अग्निवीर। एजेंसी

### देशभक्त टिप्पणी कांग्रेस के लिए नहीं थी: सलमान खुर्शीद

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष रखने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'देशभक्त' संबंधी उनकी टिप्पणी पार्टी के लिए नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए थी जो खुद को देशभक्त नहीं मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी उनके नेता हैं और वह सरकार के बारे में जो भी कह रहे हैं, उससे वह सहमत हैं। खुर्शीद ने बीते सोमवार को कहा था कि यह दुखद है कि देश में लोग राजनीतिक निष्ठाओं का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया था कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है।

# निर्वाचन आयोग की नई प्रणाली के जरिए तेज होगी चुनाव बाद आंकड़ों की रिपोर्टिंग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चुनाव के बाद विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी प्रणाली को एक उन्नत तंत्र के जरिए सुव्यवस्थित किया है, जो पहले की उस व्यवस्था की जगह लेगा जिसमें ज्यादा समय लगता है।

आयोग का कहना है कि स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाते हुए नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। 'इंडेक्स कार्ड' एक गैर-वैधानिक, चुनाव के बाद का सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है जिसे चुनाव संबंधी डेटा हासिल करने के लिए विकसित किया गया है। इसे कई आयामों में डेटा का प्रसार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, मसलन, उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी-वार और उम्मीदवार-वार मत प्रतिशत, लिंग-आधारित मतदान रुझान, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन।

# सुप्रीम निर्देश: जल्द निपटाए जाएं मकान मालिक और किराएदारों के विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- शीर्ष कोर्ट ने कहा- विवादों में देरी से दोनों पक्षों को होता है नुकसान

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए संपत्ति मालिकों-किराएदारों के बीच विवाद में फैसला होने में देरी पर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से वहां लंबित ऐसे मामलों की समीक्षा करने का अनुरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रति वर्ग फुट दर पर विवाद से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध अपीलों पर सुनवाई कर रहा। यह मामला हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड द्वारा मुंबई स्थित हरचंद्राय हाउस को किराए पर लेने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि कुछ मामलों में वादियों को विवादों के निपटारे के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है। जब मकान मालिक-किराएदार विवाद की बात आती है तो एक पक्ष के संपत्ति के लाभ से वंचित होने और दूसरे पक्ष के ऐसी संपत्ति के स्वामित्व से प्राप्त होने वाले मौद्रिक लाभ से वंचित होने का पहलू भी शामिल होता है। अदालतों का कर्तव्य है कि सुनिश्चित करें कि उनके कारण किसी भी पक्ष को परेशानी न हो।

अदालत ने कहा कि ऐसे विवादों में देरी से दोनों पक्षों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। कुछ मामलों में मकान मालिक को संपत्ति नहीं मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ता है, या उससे मिलने वाली मौद्रिक राशि नहीं मिल पाती है। किरायेदार को यह नुकसान होता है कि अंतिम निर्णय आने पर उसे थोड़े समय में बड़ी रकम चुकाने का निर्देश दिया जाता है।

### परीक्षा में छह मिनट देर से पहुंची छात्रा को कोर्ट ने नहीं दी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने परीक्षा की 'शुचिता और अनुशासन' को रेखांकित करते हुए 'समान विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा' (सीयूईटी) में छह मिनट की देरी से शामिल होने वाली छात्रा को राहत देने से इनकार कर दिया। अठारह वर्षीय छात्रा ने दावा किया कि 13 मई को वह परीक्षा के निर्धारित समय से छह मिनट बाद सुबह करीब 8.36 बजे परीक्षा केंद्र पहुंची थी, लेकिन उसे प्रवेश नहीं दिया गया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की पीठ ने पाया कि राष्ट्रीय परीक्षा प्राधिकरण के सूचना बुलेटिन और प्रवेश पत्र में परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले सुबह करीब 7 बजे केंद्र पर पहुंचने के बारे में बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे और बताया गया था कि सुबह 8.30 बजे के आसपास गेट बंद हो जाएंगे। पीठ ने कहा कि इतनी बड़ी परीक्षा के संचालन में लापरवाही से अव्यवस्था पैदा होगी और परीक्षा का अनुशासन बनाए रखा जाना चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को दोहरी जिम्मेदारी मिलने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- पवन खेड़ा ने कहा- ये हमारी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में दो जिम्मेदारियां मिलना भारतीय विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है। वैश्विक समुदाय पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराना कैसे जारी रख सकता है।

पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के मीडिया विभागके प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद विश्व बैंक ने 40 अरब डॉलर देने का फैसला किया। 3 जून को एडीबी ने 80 करोड़ डॉलर दिए। उन्होंने कहा कि अब 4 जून को पाकिस्तान को यूएनएससी तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा, बेशक, यह हमारी अपनी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है लेकिन वैश्विक समुदाय पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराने की अनुमति कैसे दे सकता है।

# दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर

नॉर्थम्पटन, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्ष क्रम में मिली है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्हें पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में जगह दी गई है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं ।

### भारत ए से इंग्लैंड लायंस का आखिरी टेस्ट मैच

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स। **मैच दोपहर 3 . 30 बजे से**

### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला, पहला मैच 20 जून से होगा शुरू

# पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में वोक्स

लंदन, एजेंसी

तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई श्रृंखला के दौरान लाड्र्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा 4 विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट से पूर्व तैयारी करने को कहा है। इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक



टेस्ट में खेलेंगे। जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने के बाद जेमी ओवरटन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हालांकि बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई को पहले वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट लगी थी। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि हाल में संपन्न आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलने वाले 31 साल के ओवरटन की चोट की इंग्लैंड की चिकित्सा टीम रोजाना आकलन और समीक्षा करेगी।

### भारत की कप्तानी करेंगे गिल

भारत अपना इंग्लैंड दौरा 20-24 जून तक हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट से शुरू करेगा जबकि दूसरा टेस्ट 2-6 जुलाई तक एजबेस्टन में, तीसरा टेस्ट 10-14 जुलाई तक लॉड्र्स में, चौथा 23-27 जुलाई ओल्ड ट्रैफर्ड में और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ओवल में होगा। बदलाव से गुजर रहे भारत की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे क्योंकि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेल रही है, जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल टेस्ट को अलविदा कह दिया था। मोहम्मद शमी को इस दौरे में नहीं हैं।

इंग्लैंड की टीम की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। टीम में शोएब बशीर के रूप में एकमात्र स्पिनर है। आईपीएल चैंपियन आरसीबी से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल और तेज गेंदबाज सैम कुक, तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स और वारविकशर के जैकब बेथेल और क्रिस वोक्स भी टीम में है।

## खेल डायरी

### दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में 1.21 करोड़ की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा, दिल्ली जीएम ओपन ने पिछले दो दशक से भारतीय शतरंज की नींव को मजबूत करने में मदद की है।

### शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट पहले पायदान पर पहुंची

**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### मैच फिक्सिंग में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिये हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

### भारतीय तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और गुरुवार को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली चीनी ताइपे ने मात्र एक अंक से 242-241 हराया। मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथ तनमपर्थी की महिला कंपाउंड टीम भी कांस्य पदक मैच में हार गयी।

### अगले ओलंपिक में मेरा निशाना शीर्ष पायदान पर: कुसाले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। 2021-22 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बड़ा लक्ष्य अगला ओलंपिक है।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हारकर हुईं बाहर

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी।



सात्विक ने कहा कि आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने उन्हें सौंप दिए। सात्विक ने कहा कि पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे। लेकिन फिर भी हमें भरोसा कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे।

इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

### मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं: सिंधू



सिंधू ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह अच्छा होता। हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला, सिंधू ने पहले गेम में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता, लेकिन दूसरा गेम गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15-11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

# कीस को हराकर गाफ सेमीफाइनल में पहुंची



**फ्रेंच ओपन**

- वाइल्ड कार्डधारी बोइसों से होगा सामना, पुरुष वर्ग में जोकोविच और सिनेर भी सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस, एजेंसी

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया।

बाईस वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं।

पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

# अगले आईपीएल में करूंगा दोगुना बेहतर प्रदर्शन : वैभव

मुंबई, एजेंसी

अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए सपने जैसा है और मुझे पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया।

सूर्यवंशी ने कहा कि अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां कीं और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। पहले सत्र से मिली सीख के बारे में सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने कहा कि यह नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।



### पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी : खुरासिया

**नई दिल्ली।** आरसीबी को आईपीएल में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है।

# डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से भी मिल सकता है राजस्व : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी।

मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।



# गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।



### कोहली ने मानसिक अस्पष्टता से टेस्ट को अलविदा कहा: ग्रेग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट से नहीं बल्कि कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े असर की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी से संन्यास लिया है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते एहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते, जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए।



# गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी के बीच बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो तकनीक के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है।

